स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार
8 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 316 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
**मूल्य : 4 रुपये**

epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारतीय बल्लेबाज संग क्रिकेट खेलने की चाह भारत दौरे पर भी दिया जवाब : जोकोविच



### भारत-इंडोनेशिया के बीच ईवीएम-यूपीआई और ब्रह्मोस मिसाइल पर करार

# इंडोनेशिया के साथ संबंध मजबूत होंगे : मोदी

**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडोनेशिया में राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), ब्रह्मोस मिसाइल और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर

- **दोनों देशों में बन रही नई साझेदारी**

विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने समझौतों और द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों देशों की साझा संस्कृति को ताकत बताया। ईवीएम से जुड़े मुद्दे पर बनी सहमति के मुताबिक दोनों देशों ने अनुकूलित भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के निर्यात पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
प्रधानमंत्री के दौरे पर समझौतों के बारे में समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया, भारत इंडोनेशिया के लिए विशेष ईवीएम के विकास में सहयोग करेगा। यह भारत के चुनाव प्रबंधन मॉडल को बड़े



समर्थन की तरह देखा जा रहा है। ईवीएम के अलावा रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच अहम समझौते हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल शक्ति की सफलता के बाद, इंडोनेशिया ने भारतीय अस्त्र मिसाइलों का आयात करने का निर्णय लिया है। इंडोनेशिया अपने ब्रह्मोस मिसाइलों के भंडार का विस्तार कर रहा है। भारत अधिक बैटरी मुहैया कराने में सहयोग करेगा।

### मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत और इंडोनेशिया के मजबूत होते रणनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी उन विश्व नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें 30 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च या प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा है। सम्मान मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने इसे अपना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान बताया।

दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है।

## चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय ने तोड़ी चुप्पी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राम मंदिर के दानपात्र से चढ़ावा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव ने पहली बार

### बोले- एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद दूंगा हर आरोप का जवाब


अपनी चुप्पी तोड़ी है। ट्रस्ट की बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार होने के एक दिन बाद उन्होंने रामभक्तों के नाम एक पत्र जारी कर कहा कि वह एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का क्रमवार जवाब देंगे। चंपत राय ने पत्र में कहा कि 7 जून 2026 को राम मंदिर परिसर के दानपात्र की गणना के दौरान हुई चोरी की घटना के बाद उनके खिलाफ कई निराधार आरोप लगाए गए। इसी कारण उन्होंने अब तक मौन बनाए रखा। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो बाद में सार्वजनिक हो गई, जबकि वह परम गोपनीय थी। उन्होंने रामभक्तों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एसआईटी की अंतिम जांच रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने रखी जाएगी और उन पर लगाए गए प्रत्येक आरोप का तथ्यात्मक उत्तर दिया जाएगा। अपने पत्र में चंपत राय ने अपने सार्वजनिक जीवन का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में संगठन द्वारा अयोध्या भेजा गया था और उनका 45 वर्षों का प्रचारक जीवन पूरी तरह पारदर्शी रहा है।

# अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने कार्यभार संभाला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य कृष्णमोहन को अंतरिम महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह अपना कार्य आज से शुरू कर दिये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल देर शाम

- **रिक्त पदों को भरने के लिए ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को**
- **कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी होगा विचार**

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक राम मंदिर परिसर के गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई और उसमें सभी सदस्यों ने ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चम्पत राय और सदस्य डा. अनिल मिश्रा को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। अब ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ सदस्य कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव सौंपी है जो वह काम करना शुरू कर दिये हैं। भक्तों का दान का हिसाब किताब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में अब शुरू हो गयी है। किसी भी तरह की



मनमानी नहीं देखी जायेगी। सूत्रों ने बताया कि अगली बैठक अब 22 जुलाई को होगी, जिसमें श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रिक्त पड़े पदों को भरने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। अब ट्रस्ट की अगली बैठक में नये महासचिव बनाये जा सकते हैं। फिलहाल तब तक के लिये कृष्ण मोहन को महामंत्री के कार्यों का निष्पादन करने को कहा गया है, वह अपना कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 2020 में ट्रस्ट की स्थापना के पश्चात 6 वर्ष से कम अल्पकाल में प्रभु श्रीराम कला के भावी और अप्रतिम मंदिर के निर्माण का ऐतिहासिक कार्य सम्पूर्ण हुआ। इसी अवधि में मुख्य मंदिर और परकोटे में बने समस्त मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, ध्वजारोहण और श्रीराम यंत्र की स्थापना के महती कार्य प्रभु कृपा से सानन्द और शास्त्रीय विधि विधान से सम्पन्न हुआ। न्यास इस सांस्कृतिक धरोहर के निर्माण और अनेक धार्मिक उत्सवों में सहयोगी सम्पूर्ण हिन्दू समाज, श्रमिकों, अभियन्ताओं, शिल्पकारों, वास्तुकारों का मंदिर के प्रति भाव दिखा। परन्तु विडम्बना देखिये, राम मंदिर दान की चोरी इस कदर हुई कि पूरा विश्व हिल गया। सीसीटीवी फुटेज में बरामदगी का आधार मानते हुए आठ लोगों को साक्ष्य सहित गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस ने कुछ आरोपियों को रिमांड पर ले करके काफी लम्बे समय तक पूछताछ की और कुछ आरोपियों से फैजाबाद मण्डल कारागार में जा करके पूछताछ की।

### योगी ने प्रतापगढ़ में किया 384 करोड़ से अधिक की 111 परियोजनाओं का शिलान्यास

# रामभक्तों पर गोलियां चलवाने पर आस्था आहत नहीं हुई थी

**प्रतापगढ़ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज विधान सभा इलाकों में 384 करोड़ से अधिक लागत की

- **वक्फ पर कांग्रेस-सपा के मुंह पर फेविकोल**

111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पास सिर्फ़ दो ही मुद्दे बचे हैं। आपने देखा होगा कि हाल के दिनों में उन्होंने भारत की सनातन आस्था पर हमला करने की कैसी शरारतपूर्ण कोशिशें की हैं। कांग्रेस दावा करती थी कि भगवान राम का कभी अस्तित्व ही नहीं था, या भगवान कृष्ण कभी हुए ही नहीं। देखिए, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी- जिन्होंने कभी अयोध्या में बाबरी ढांचे का समर्थन किया था और उस पर मगरमच्छ के आंसू बहाए थे, कैसे गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया, और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं। उन्हें आस्था के बारे में बात करने का क्या हक़ है, वे लोग जो हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए रखे गए पैसे को कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाने में खर्च कर देते थे? वे किस तरह की आस्था की बात कर रहे हैं? यह देश अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के जाल में नहीं फंसेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रतापगढ़ आज से 9-10 वर्ष पहले पिछड़े जनपदों में गिना जाता था। लोग कहते थे कि प्रतापगढ़ में कुछ नहीं होगा, कनेक्टिविटी नहीं है, बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, सड़कें नहीं हैं, आवागमन के साधन नहीं है।
यहां का आंवला दम तोड़ रहा था। लोग हतोत्साहित थे। लेकिन आज कोई व्यक्ति हतोत्साहित नहीं है। आज सरकार का प्रोत्साहन है तो उसके मन में उत्साह है। उज्जवल भविष्य की आशा है। 2017 से पहले इस प्रदेश में इसी प्रोत्साहन का अभाव था, 2014 से पहले इस देश में भी इसी प्रोत्साहन का अभाव था।



# यूपी में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार सुबह से लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, मुरादाबाद समेत 50 शहरों में बारिश होती रही। शामली इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर नदियों जैसा बहाव दिखा। कारें और बाइकें बहने लगीं। बच्चे स्विमिंग पूल की तरह सड़क पर तैरते दिखे। मथुरा के वृंदावन में भी सड़क पर नदियों जैसा बहाव दिखा। अमरोहा में एक घंटे की बारिश से दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पानी भर गया। वाराणसी में सीढ़ियों से झरने की तरह बारिश का पानी बहा। तेज हवा के चलते नाविकों ने नावों का संचालन बंद कर दिया है। मौसम विभाग ने सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 8 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। सोमवार रात पीलीभीत में बारिश के चलते तालाब से



- **50 शहरों में बारिश हाईवे पर पानी भरा**
- **मथुरा में सड़क पर नदियों जैसा बहाव**
- **शामली में कारें तक बहने लगीं**

निकलकर मगरमच्छ गांव में पहुंच गया। ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। बाद में वन विभाग ने उसे नदी में छोड़ा। सहारनपुर के मां शाकंभरी देवी मंदिर के पास गुजरने वाली शाकंभरी नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आ गया।




## 38 दोषियों की फांसी बरकरार, 11 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 5 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे।


# पेट्रोल में 25 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का प्लान टल सकता है

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने के विरोध के बीच इसकी मात्रा बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की योजना को सरकार फिलहाल आगे बढ़ा सकती है। सरकार इस ट्रांजिशन को जल्दबाजी में करने के बजाय धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से लागू करना चाहती है। सरकार ने शुरुआत में साल 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का प्लान बनाया था। लेकिन इस टारगेट से बहुत पहले ही ई20 फ्यूल (80 प्रतिशत पेट्रोल और 20 प्रतिशत

- **इससे माइलेज घटने का दावा**
- **पार्ट्स खराब होने की शिकायत**

एथेनॉल) को पूरे देश में स्टैंडर्ड पेट्रोल के रूप में लागू कर दिया गया है और अब हर जगह यही पेट्रोल मिल रहा है। उधर ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानी एआरएआई की एक स्टडी में सामने आया है कि पुरानी ई10 कंप्लायंट गाड़ियों में ई20 ईंधन का इस्तेमाल करने से फ्यूल सिस्टम के रबर पार्ट्स खराब हो सकते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, कीमत का सवाल सबसे बड़ा पेंच है। अगर बिना इथेनोल वाला विकल्प लाते हैं तो उसकी कीमत क्या रखी जाए? यह फैसला करना होगा कि क्या शून्य इथेनोल वाले पेट्रोल के लिए बगैर अंडर-रिकवरी वाली कीमत (यानी ग्राहकों से पूरी कीमत वसूली वसूलना) तय की जाए और ई-20 वाले पेट्रोल की कीमत मौजूदा खुदरा कीमत से कुछ कम रखी जाए।





स्वतंत्र भारत

# राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर कांग्रेस की सद्बुद्धि पदयात्रा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ और जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण के विरोध में %चढ़ावा चोरों को सद्बुद्धि दो% अभियान के तहत बेगम हजरत महल पार्क से हनुमान सेतु मंदिर तक सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए दीपक सिंह और शिव पांडे ने आरोप लगाया कि श्रीराम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा प्रकरण से करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाकर कथित अनियमितताओं को उजागर करेगी। अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम और रुद्र दमन सिंह बबलू ने संयुक्त रूप से कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है और इस प्रकार के आरोप सामने आने से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने मांग की कि मामले में दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों को ट्रस्ट से हटाकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त अथवा कार्यरत न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दोषी लोगों को सद्बुद्धि मिले और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पदयात्रा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद नईम, पूर्व विधायक इंदल रावत, राजेंद्र पांडे, एडवोकेट आदित्य श्रीवास्तव, एडवोकेट आर.बी. सिंह, किश्वर जहां, अजय वर्मा, के.के. शुक्ला, रईस अहमद, विनोद रावत, डॉ. अजय शुक्ला, नकी रजा, फखरुल इस्लाम, शाहिद अली, सुरेश पाल, मनीष लोधी, बाकर मेहंदी, कौशल वर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, सुरेश लोधी, रामचंद्र राम, ओ.पी. सैनी, महीप सिंह, शैलेंद्र दीक्षित, इशरत अली, हसीन सिद्दीकी, प्रभात गुप्ता, इंदु गौतम, एडवोकेट सुनील पाल, दीपक पांडे, नीरज सिंह, फैजान अली, मनोज श्रीवास्तव, अनुराधा, राधेश्याम त्रिपाठी, किरण शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल नीति की समीक्षा होः अजय राय

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण (ई20, ई85 और ई100) की नीति पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री  को पत्र भेजा है। उन्होंने एथेनॉल नीति की स्वतंत्र वैज्ञानिक, तकनीकी, आर्थिक और पर्यावरणीय समीक्षा कराने तथा नीति निर्माण में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। अजय राय ने कहा कि देश में 35 करोड़ से अधिक पंजीकृत वाहन हैं और अधिकांश लोग एक ही वाहन का वर्षों तक उपयोग करते हैं। ऐसे में यदि भविष्य में अधिक एथेनॉल मिश्रित ईंधन लागू किया जाता है तो करोड़ों उपभोक्ताओं पर नए वाहन खरीदने का आर्थिक दबाव पड़ सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ई20, ई85 और ई100 पूरी तरह सुरक्षित हैं तो उनसे जुड़े सभी वैज्ञानिक अध्ययन और दीर्घकालिक परीक्षण सार्वजनिक क्यों नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एथेनॉल मिश्रण लागू करते समय ईंधन सस्ता होने की बात कही गई थी, लेकिन यदि लागत कम हुई है तो उसका लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि एथेनॉल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने और मक्का से होता है, जिनमें अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए जल संकट, खाद्य सुरक्षा और कृषि पर इसके दीर्घकालिक प्रभावों का भी आकलन किया जाना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की कि एथेनॉल मिश्रण के लाभ-हानि, माइलेज, इंजन की अनुकूलता, जल उपयोग और उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव से जुड़े सभी अध्ययन सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने कहा कि जब तक अधिकांश वाहन उच्च एथेनॉल मिश्रित ईंधन के लिए पूरी तरह उपयुक्त सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक सामान्य पेट्रोल और एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल दोनों विकल्प उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि यदि एथेनॉल मिश्रित ईंधन से किसी वाहन के इंजन को प्रमाणित क्षति होती है तो उसकी जिम्मेदारी वाहन निर्माता, तेल कंपनियों अथवा बीमा कंपनियों की स्पष्ट रूप से तय की जाए।

# चंदा चोरी पर सिर्फ आरोप न लगाएं साक्ष्य भी दें : बसपा सुप्रीमो

**राम मंदिर और बदरीनाथ धाम में चढ़ावे के विवाद पर मायावती का बड़ा बयान**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर और उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में चढ़ावे की कथित चोरी और गबन के मामलों पर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि इन मामलों की पारदर्शी जांच नहीं हुई तो भविष्य में भी इस तरह की अनियमितताओं की आशंका बनी रहेगी। मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने संदेश में मायावती ने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर के बाद अब बदरीनाथ धाम में भी चढ़ावे में चोरी और गबन के आरोप सामने आए हैं। उन्होंने दोनों धार्मिक स्थलों के ट्रस्ट से जुड़े शीर्ष प्रबंधकों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि निचले स्तर पर कोई गड़बड़ी हुई है तो उसमें या तो शीर्ष प्रबंधन की मिलीभगत रही होगी या फिर उनकी लापरवाही। इसलिए सरकार के साथ-साथ विशेष जांच दल (एसआईटी) को पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। मायावती ने समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के उन नेताओं का भी उल्लेख किया, जो मंदिर के चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं तो उनके समर्थन में ठोस और पुख्ता साक्ष्य भी सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

## खबर एक नज़र

### परिसीमन और महिला आरक्षण पर अखिलेश यादव ने रखीं तीन मांगें राजनीतिक चर्चाएं तेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिसीमन और महिला आरक्षण को लेकर तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर किए गए उनके पोस्ट के बाद राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, सपा ने यह आधिकारिक रूप से नहीं कहा है कि इन मांगों के स्वीकार होने पर वह परिसीमन संबंधी किसी विधेयक का समर्थन करेगी। अखिलेश यादव ने अपनी पहली मांग में कहा कि परिसीमन के साथ उच्च सदन की सीटों की संख्या में भी आवश्यक वृद्धि की जाए। दूसरी मांग में उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के तहत पिछड़े वर्ग और मुस्लिम महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। तीसरी मांग के रूप में उन्होंने महिला आरक्षण को वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ही लागू करने की बात कही। सपा प्रमुख का कहना है कि महिला आरक्षण केवल सामान्य व्यवस्था तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सामाजिक न्याय का भी समुचित ध्यान रखा जाना चाहिए। उनके अनुसार पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक महिलाओं की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित किए बिना आरक्षण का उद्देश्य अधूरा रहेगा। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण को भविष्य के लिए टालने के बजाय वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से लागू किया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को तत्काल बढ़ावा मिल सके। अखिलेश यादव के इस बयान के बाद राजनीतिक विश्लेषकों के बीच यह चर्चा शुरू हो गई है कि यदि सरकार इन मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाती है तो विपक्ष का रुख बदल सकता है। हालांकि, इस संबंध में न तो केंद्र सरकार और न ही समाजवादी पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा की गई है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि केंद्र सरकार आगामी मानसून सत्र में परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े प्रस्तावों को आगे बढ़ा सकती है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक सरकार की ओर से कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

### राम मंदिर ट्रस्ट पर आम आदमी पार्टी का बड़ा आरोप


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने श्रीराम मंदिर ट्रस्ट की भूमि खरीद में कथित वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह इस मामले से जुड़े दस्तावेज विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपेंगे। इसके लिए उन्होंने एसआईटी अध्यक्ष को ई-मेल भेजकर मिलने का समय भी मांगा है। संजय सिंह ने दावा किया कि उनके पास ऐसे दस्तावेज हैं, जिनके अनुसार 1.73 करोड़ रुपये मूल्य की एक जमीन 29.67 करोड़ रुपये में खरीदी गई। उन्होंने कहा कि कीमत में इतना बड़ा अंतर गंभीर सवाल खड़ा करता है और इसकी निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी एजेंसियां निष्पक्षता से जांच करें तो पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ जाएगी। उनके अनुसार यह केवल एक जमीन का मामला नहीं है, बल्कि उनके पास लगभग 11 जमीनों से संबंधित खरीद-फरोख्त, मूल्यांकन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मौजूद हैं। संजय सिंह ने कहा कि वह सभी दस्तावेज एसआईटी को सौंपकर मामले की गहन जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को अंत तक उठाती रहेगी और पूरे मामले के तथ्य जनता के सामने रखेगी। ये आरोप आम आदमी पार्टी की ओर से लगाए गए हैं। मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रही है और आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

## जनता के भरोसे भाजपा फिर बनाएगी जीत का इतिहास : राजेश्वर सिंह

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भाजपा का हर विधायक अपनी विधानसभा में जनता के विश्वास, विकास कार्यों और मजबूत संगठन के दम पर पूरी तरह मजबूत है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के दावों को राजनीतिक हताशा करार देते हुए कहा कि भाजपा के विधायक अपनी सीट बदलना नहीं चाहते, क्योंकि उन्हें जनता के समर्थन पर पूरा भरोसा है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास, कानून-व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए प्रदेश की जनता का विश्वास जीता है। डॉ. सिंह ने दावा किया कि बूथ स्तर तक सक्रिय संगठन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में पिछले चुनावों से भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को पहले अपना जनाधार बचाने की सलाह दी।

# आप कब से राम भक्त हो गए : मुख्यमंत्री योगी

**सुल्तानपुर में गरजे सीएम योगी, अखिलेश पर साधा निशाना**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सुल्तानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े हालिया विवाद, आस्था, बाबरी ढांचा और वक्फ की जमीनों के मुद्दे पर विपक्ष को घेरते हुए कहा कि जिन लोगों का राजनीतिक इतिहास रामभक्तों के विरोध से जुड़ा रहा है, वे आज आस्था की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता यह कह रहे हैं कि अयोध्या में जो घटना हुई, उससे उनकी आस्था आहत हुई है। इस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आस्था उसी की आहत हो सकती है, जिसके मन में वास्तव में आस्था हो। आप कब से राम भक्त हो गए? जिनका रामद्रोही जैसा आचरण रहा हो, जिन्होंने राम भक्तों पर लाठियां और गोलियां चलवाई हों और जिन्होंने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर ही सवाल उठाए हों, वे किस आस्था की बात करते हैं? योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में बाबरी ढांचा विवाद का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब बाबरी ढांचा हटाया जा रहा था, तब कुछ लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों में मंदिरों के विकास की बजाय कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल पर अधिक ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वही लोग राम मंदिर और आस्था की बात कर रहे हैं, जबकि उनका राजनीतिक आचरण इससे बिल्कुल अलग रहा है। राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की चिंता चढ़ावे की चोरी नहीं है, बल्कि उनकी वास्तविक पीड़ा इस बात को लेकर है कि देशवासियों के सहयोग से अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चढ़ावे से जुड़े मामले में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में वक्फ की संपत्तियों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि वक्फ के नाम पर हजारों एकड़ जमीन के कथित दुरुपयोग और अनियमितताओं के आरोप लंबे समय से सामने आते रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस से सवाल किया कि इन मामलों पर उन्होंने कभी आवाज क्यों नहीं उठाई। उनका कहना था कि विपक्ष केवल चुनिंदा मुद्दों पर राजनीति करता है, जबकि अन्य मामलों पर मौन साध लेता है। मुख्यमंत्री के इस बयान को प्रदेश की राजनीति में राम मंदिर, धार्मिक आस्था और वक्फ जैसे मुद्दों पर भाजपा के आक्रामक रुख के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि आगामी राजनीतिक गतिविधियों के बीच ऐसे मुद्दे प्रदेश की सियासत में प्रमुखता से बने रह सकते हैं। वहीं, मुख्यमंत्री के बयान के बाद इस पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की प्रतिक्रिया भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर जनसत्ता पार्टी ऑफ इंडिया का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जनसत्ता पार्टी ऑफ इंडिया (जेपीआई) ने राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर मंगलवार को गांधी प्रतिमा, हजरतगंज पर जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी ने पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने, राम मंदिर ट्रस्ट को भंग करने तथा कथित दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष शशांक शेखर सिंह पुंकर के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, ट्रस्ट के सभी सदस्यों का नार्को टेस्ट कराने, ट्रस्ट को भंग कर सनातन बोर्ड का गठन करने और चढ़ावा प्रकरण में नामित चंपत राय व अनिल मिश्रा समेत सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। पार्टी ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। मीडिया से बातचीत में शशांक शेखर सिंह ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों लोगों की



आस्था का केंद्र है और इस प्रकरण से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए पूरे मामले की सीबीआई अथवा न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न नारे लगाकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एच.पी. सिंह, अशोक पटेल, अजमत उल्ला खां, ममता कश्यप, रविंद्र शुक्ला, राजेश मिश्रा, अरविंद राज, नितेश कुमार, इलियास मंसूरी, अंश सिंह चौहान, विनोद सिंह, अभिषेक पाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लविवि के निष्कासित छात्रों ने लगाया लापता कुलपति का पोस्टर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के निष्कासित छात्रों का विरोध प्रदर्शन लगातार तेज होता जा रहा है। छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर लापता कुलपति लिखे पोस्टर चस्पा कर प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी समस्याओं और मांगों को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है तथा कई बार ध्यान आकर्षित करने के बावजूद कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। छात्रों का कहना है कि निष्कासन से जुड़े मामलों पर निष्पक्ष सुनवाई होनी चाहिए और प्रशासन को संवाद के माध्यम से समाधान निकालना चाहिए। उनका आरोप है कि कुलपति और प्रशासनिक अधिकारी छात्रों से बातचीत करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे असंतोष लगातार बढ़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# लखनऊ विश्वविद्यालय का 69वां दीक्षान्त समारोह 31 को

**नया ग्रीष्मकालीन ड्रेस कोड लागू**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का 69वां दीक्षान्त समारोह 31 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को प्रशासनिक भवन के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में दीक्षान्त आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभिन्न समितियों के अध्यक्षों एवं संयोजकों ने तैयारियों की समीक्षा प्रस्तुत की। बैठक में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए दीक्षान्त समारोह और शोभा यात्रा के लिए नया भारतीय ड्रेस कोड भी मंजूर किया गया। पुरुषों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ महरून रंग की हाफ जैकेट तथा महिलाओं के लिए क्रीम रंग की साड़ी के साथ महरून हाफ जैकेट निर्धारित की गई है। कुलपति प्रो. सैनी ने कहा कि पूर्व का परिधान शीतकालीन मौसम के अनुरूप था, जबकि अब दीक्षान्त समारोह गर्मी में आयोजित हो रहा है। ऐसे में शिक्षकों और अतिथियों की सुविधा, स्वास्थ्य तथा भारतीय सांस्कृतिक गरिमा को ध्यान में रखते हुए नया ग्रीष्मकालीन परिधान अपनाया गया है। उन्होंने सभी समितियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कुलपति ने कहा कि दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन है और इसे भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समितियां पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

# पीएम आवास योजना शहरी : पात्र आवेदकों के लिए लॉटरी ड्रॉ संपन्न

**पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र आवेदकों के लिए आवास आवंटन का लॉटरी ड्रॉ सफलतापूर्वक संपन्न कराया। परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार विकास नगर योजना के अंतर्गत कुर्सी रोड योजना-जाहिदपुर, वृंदावन योजना (ग्राम कन्हौका, मोहनलालगंज) तथा इंदिरा नगर योजना (अनोराकला) में किफायती आवास (ईडब्ल्यूएस श्रेणी) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। परिषद ने बताया कि विकास नगर, वृंदावन और इंदिरा नगर योजनाओं के लिए 12 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक तथा अवध विहार योजना के लिए 26 जनवरी 2026 से 26 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। आवेदन पत्रों के सत्यापन के बाद पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई। पात्र आवेदकों के बीच 6 जुलाई 2026 को परिषद के अवध शिल्पग्राम, अवध विहार योजना स्थित हॉल में पारदर्शी तरीके से लॉटरी ड्रॉ आयोजित किया गया। यह प्रक्रिया आवेदकों की उपस्थिति में लखनऊ जोन के जोनल आयुक्त चंदन कुमार पटेल की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परिषद ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई, ताकि पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास उपलब्ध कराए जा सकें।

## जियो टैगिंग व्यवस्था के विरोध में व्यापारियों की आपात बैठक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल कार्यालय, गौतम बुद्ध मार्ग पर मंगलवार को गल्ला एवं खाद्य व्यापारियों की आपातकालीन बैठक हुई। बैठक में कृषि उत्पादन मंडी समिति के अंतर्गत व्यापारियों पर लागू की गई जियो टैगिंग व्यवस्था का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की गई। लखनऊ गल्ला खाद्य पदार्थ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि नई व्यवस्था से व्यापारियों को कई व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। वहीं, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मंडी निदेशक से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा और जियो टैगिंग व्यवस्था वापस लेने की मांग उठाई जाएगी। बैठक में मनीष कुमार गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, रामशंकर अवस्थी, दीपक कुमार अग्रवाल, जयकुमार अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, कृष्ण जीवन रस्तोगी, सचिन अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, अखिल केसरवानी, रजत गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गल्ला एवं खाद्य व्यापारी मौजूद रहे।

# सीवर निर्माण से आवागमन बाधित व्यापारियों में आक्रोश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार स्थित नहर रोड पर गहरी सीवर लाइन के निर्माण के लिए सड़क बंद कर की जा रही खुदाई से क्षेत्रवासियों, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने के कारण प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। एम्बुलेंस, स्कूल वाहन, कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, महिलाएं और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से स्थानीय व्यापारियों का कारोबार भी लगभग ठप हो गया है। व्यापार मंडल के नेता विनोद सिंह ने बताया कि बिना पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था के सड़क बंद कर दिए जाने से आम जनता और व्यापारियों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य के कारण दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे उनमें भारी आक्रोश है। व्यापार मंडल ने यहां के विधायक डॉ नीरज बोरा व संबंधित विभाग से निर्माण कार्य में तेजी लाने, आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की समुचित व्यवस्था करने तथा व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**■ ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होने से स्थानीय व्यापारियों का कारोबार भी लगभग ठप हो गया है**

# इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ बारादरी का 32वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न

**नई कार्यकारिणी ने ली शपथ**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ बारादरी, डिस्ट्रिक्ट 312 का 32वां अधिष्ठापन समारोह सोमवार को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मधु कामानी ने वंदना श्रीवास्तव को क्लब की अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सुमिता रस्तोगी, रूबी रस्तोगी, निधि रस्तोगी, अंजलि गोयल एवं दीपिका गुरनानी ने भी विभिन्न पदाधिकारियों के रूप में शपथ ग्रहण की। समारोह में डिस्ट्रिक्ट एडिटर मधु भार्गव एवं ज़ोनल हेड स्मृता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन दीपा सिंघल ने किया, जिसकी उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों ने सराहना की। इस दौरान क्लब ने समाजहित से जुड़ी कई सेवा परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें रेड ब्रिगेड के सहयोग से बालिका विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना, नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना, एक युवा दिव्यांग को कृत्रिम अंग प्रदान करना, लिंब सेंटर को व्हीलचेयर भेंट करना तथा कक्षा 10 और 11 के मेधावी एवं आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना शामिल है। समारोह में सेवा, मित्रता और समर्पण की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।



स्वतंत्र भारत

# तकनीकी शिक्षा में भी बेटियां आगे : राज्यपाल

## एकेटीयू के 24वें दीक्षांत में प्रतिभा का सम्मान, 35 स्वर्ण पदक, 23 रजत व 24 कान्स्य पदक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** यह सिर्फ डिग्री नहीं जिम्मेदारी भी है। भारत की इस विकास यात्रा में योगदान प्रदान कर विश्वगुरू बनाने के संकल्प में साझीदार बनना होगा। अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर राष्ट्रहित में कार्य करने की जरूरत है। परिस्थितियां किसी को भी आगे बढ़ने से कभी नहीं रोक सकती। हमें हर परिस्थिति में बेहतर से बेहतर कार्य करते हुए खुद को निखारना होगा। तकनीकी शिक्षा में भी बेटियां आगे हैं। यह सफलता लाखों बेटियों को प्रेरित करेगी। उनके सपनों को सच करने में मदद मिलेगी। कहा कि प्रतिस्पर्धा का अर्थ किसी से आगे निकलना नहीं बल्कि खुद को बेहतर करने का जरिया है। इसलिए कठिन परिश्रम कर खुद को परफेक्ट बनाइये। यह बातें मंगलवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 24वां दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहीं। समारोह में कुलाधिपति विश्वविद्यालय के गोद लिये गये छह गांवों के विद्यालयों में आयोजित हुए चित्रकला, कहानी कथन एवं भाषण प्रतियागिता के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान दस बच्चों द्वारा पर्यावरण, जल बचाव पर आधारित गीत गायन अभिनय भी किया। इसी क्रम में बाल गृह बालिका, सिंधीखेड़ा के 15 बच्चों का समूह पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को सांकेतिक रूप से किट का वितरण राज्यपाल ने किया। साथ ही कुलाधिपति ने बाल गृह बालिका, सिंधीखेड़ा में आरओ प्लांट, चार एसी यूनिट एवं विश्वविद्यालय के गोद लिये दो गांवों में स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन किया। दीक्षांत समारोह के बाद विश्वविद्यालय परिसर में मां बेटी सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इसके पहले बच्चियों में एचपीवी टीकाकरण भी किया गया। इस मौके पर सबसे पहले विश्वविद्यालय में चांसलर मेडल सर्वोच्च स्थान पाने वाली अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की छात्रा अंशिका राणा को दिया गया। जबकि कमल रानी वरूण स्मृति स्वर्ण पदक केआईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की छात्रा इशिका को मिला। दीक्षांत समारोह में कुल 83 छात्रों को 84 पदक दिये गये, जिसमें 35 स्वर्ण पदक तो 23 रजत और 24 कान्स्य पदक हैं। इस बार वहीं, समारोह में 62537 छात्रों को डिग्री एवं 53 छात्रों को पीएचडी की डिग्री अवार्ड हुई। कुल पदक पाने वालों में 52 छात्राएं तो 31 छात्र शामिल हैं। वहीं रोगन कला के कलाकार कंसारा आशीष शांतिलाल को डी लिट की मानद उपाधि प्रदान की गयी। इसके अलावा सभी डिग्रियां ब्लॉकचेन तकनीकी के माध्यम से डिजिलॉकर पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने ऑनलाइन माध्यम से अपलोड किया। प्रदेश में उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार भी पांच श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया गया। जिसमें वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बीटेक छात्र इर्तिका रेहमान के स्टार्टअप वेक्सर इमर्सिव प्रा लि, दूसरा बेस्ट डीप टेक स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के बीटेक छात्र अवि मित्तल के स्टार्टअप वोरटेक्स ऑटोनॉमस सिस्टम प्रालि, तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र सोनू भगत के स्टार्टअप डर्माशुद्धि एलएलपी, चौथा एग्रीकल्चर एंड एग्रीटेक स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर के बीटेक छात्र आदर्श सिंह के स्टार्टअप एग्रोलेन्स प्रालि, पांचवां सस्टेनेबल एंड ग्रीन एनजी स्टार्टअप अवार्ड राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा के छात्र अमन कुमार के स्टार्टअप नेक्सोनिक्स रिफ्लेक्सा प्रालि को दिया गया।



### चुनौतियों से निपटने को खुद को करें मजबूत

दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह साहनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का तकनीकी शिक्षा का इको सिस्टम काफी सुदृढ़ और बेहतर है। यहां के छात्रों ने देश ही नहीं दुनिया में खुद को साबित किया है। इस मौके पर उन्होंने छात्रों से कहा कि अब जीवन का नया अध्याय शुरू हुआ है। आगे चुनौतियों के साथ अवसर भी खूब आयेंगे। इसलिए खुद को मजबूत रखने की आवश्यकता है। देश को आपकी जरूरत है। विकास की यात्रा में आपने जो सीखा है उसका योगदान दीजिए। कहा कि आज का दौर डिग्री होल्डर का नहीं बल्कि प्रॉब्लम सॉल्वर का है। दुनिया को अब जॉब सीकर नहीं जॉब क्रियेटर की जरूरत है। ऐसा लीडर होना चाहिए जो तकनीकी का प्रयोग कर आम जन की समस्याओं को दूर कर सके। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने दीक्षांत समारोह में पदक पाने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता के जरिये देश के विकास में योगदान देना लक्ष्य होना चाहिए। आप ही देश की तकदीर हैं। देश की तरक्की का जिम्मा युवाओं पर ही है। ऐसे में हमेशा खुद को तैयार रखिये। उन्होंने कहा कि नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं को आगे आना चाहिए। इस दौरान कुलपति प्रो जेपी पांडेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

# यूपी में बनेंगे तीन नए एक्सप्रेसवे

- भूमि अधिग्रहण तेज, पूर्व से पश्चिम तक बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरकार विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में तीन नई एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी में है। इसके तहत प्रस्तावित मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे, विंध्य एक्सप्रेसवे और विंध्य-पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। संबंधित जिलाधिकारियों को अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का सत्यापन जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इन तीनों एक्सप्रेसवे के निर्माण से उत्तर प्रदेश के पश्चिमी, मध्य और पूर्वी क्षेत्रों के बीच सड़क संपर्क मजबूत होगा। साथ ही औद्योगिक विकास, व्यापार, निवेश और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रस्तावित मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 150 किलोमीटर होगी। यह मेरठ, अमरोहा और बिजनौर होते हुए उत्तराखंड के हरिद्वार तक जाएगा। परियोजना के लिए लगभग 2,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। यह एक्सप्रेसवे से भी जुड़ेगा, जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच आवागमन अधिक तेज और सुगम हो जाएगा। करीब 330 किलोमीटर लंबे विंध्य एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रयागराज, भदोही, मिर्जापुर और सोनभद्र जिलों को जोड़ने के लिए किया जाएगा। यह एक्सप्रेसवे लगभग 341 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके लिए करीब 4,600 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है। प्रयागराज में इसका संपर्क गंगा एक्सप्रेसवे से होगा, जिससे विंध्य क्षेत्र को प्रदेश के प्रमुख एक्सप्रेसवे नेटवर्क से सीधा लाभ मिलेगा।वहीं, विंध्य-पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की प्रस्तावित लंबाई लगभग 130 किलोमीटर है। यह गाजीपुर में से जुड़ेगा और गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी तथा मिर्जापुर के करीब 135 गांवों से होकर गुजरेगा। इस परियोजना के लिए लगभग 2,800 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी। एक उच्च अधिकारी ने बताया कि तीनों परियोजनाओं से जुड़े जिलों के जिलाधिकारियों को भूमि अधिग्रहण की कार्ययोजना भेज दी गई है। उन्हें अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का सत्यापन शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जा सके। प्रदेश सरकार का लक्ष्य भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होते ही इन परियोजनाओं पर निर्माण शुरू करना है। इनके पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश का बड़ा हिस्सा आधुनिक एक्सप्रेसवे नेटवर्क से जुड़ जाएगा। वर्तमान में जेवर लिंक एक्सप्रेसवे सहित चार अन्य लिंक एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए भी भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी है, जिन्हें भी जल्द शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

# पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता के हत्यारों को उम्रकैद

- सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला, 24 साल पहले लखनऊ में हुई थी हत्या
- शूटर समेत 3 दोषियों पर जुर्माना भी लगा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मंगलवार को लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने बहुचर्चित बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के पिता इंद्रदेव सिंह हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने शूटर विक्रम यादव उर्फ कालिया, उसके साथी पन्ना सिंह और बृजेश यादव उर्फ मुन्ना को उम्रकैद के साथ जुर्माने की भी सजा दी है। पहले 30 जून को सीबीआई की विशेष अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया।

इंद्रदेव सिंह की 8 अगस्त 2002 को लखनऊ में डीएम कार्यालय के पीछे स्थित गली में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह स्कूटर से जा रहे थे। स्कूटर सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया और दो गोलियां मारीं। एक गोली उनकी गर्दन में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़े।

मामले की शुरुआती जांच स्थानीय पुलिस ने की थी, लेकिन बाद में जांच सीबीआई को सौंप दी गई। जांच में सामने आया कि बृजेश यादव स्कूटर चला रहा था, जबकि पीछे बैठे विक्रम यादव उर्फ कालिया ने इंद्रदेव सिंह पर गोली चलाई थी।

मुकदमे के दौरान हत्या की साजिश रचने के आरोपी मन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश उर्फ नेता और छोटेलाल उर्फ छोटू की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो गई। इंद्रदेव सिंह वर्तमान में नोएडा पुलिस कमिश्नर के पिता थे। करीब 24 वर्ष पुराने इस चर्चित हत्याकांड में आए फैसले को न्यायिक प्रक्रिया का अहम पड़ाव माना जा रहा है।



हत्यारों को सजा सुनाए जाने के दौरान सीबीआई कोर्ट में नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और उनकी मां नयनतारा मौजूद रहीं

# हर जिले में विकसित होंगे मॉडल विलेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में मॉडल विलेज विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट गो-संरक्षण अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। योजना का उद्देश्य गो-सेवा, स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खेती और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को एक साथ बढ़ावा देना है। सरकार का मानना है कि इस मॉडल से गांवों में स्वच्छ ईंधन उपलब्ध होगा, रासायनिक खाद पर निर्भरता घटेगी और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस अभियान की शुरुआत झांसी जिले के पलींदा गांव से हो चुकी है, जहां 18 बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं। सरकार अब इस मॉडल को प्रदेश के सभी जिलों में लागू करने की तैयारी कर रही है। पलींदा गांव को पूर्ण प्राकृतिक कृषि ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां प्रत्येक घर को बायोगैस सुविधा से जोड़ने की योजना है। परियोजना के तकनीकी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी आईटीआई दिल्ली के बायोगैस डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर के वरिष्ठ प्रोफेसर के नेतृत्व वाली विशेषज्ञ टीम संभालेगी। टीम में रत्नेश तिवारी, अक्षय श्रीवास्तव, चिंतन दवे और डॉ. मंगाराम सहित शोधकर्ता शामिल हैं, जो बायोगैस संयंत्रों की स्थापना, संचालन, रखरखाव और स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण का कार्य करेंगे। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि बायोगैस संयंत्रों से निकलने वाली स्लरी किसानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद का स्रोत बनेगी। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही गांवों में स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ने से पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का लक्ष्य गो-सेवा, जैविक खेती और हरित ऊर्जा पर आधारित एक ऐसा मॉडल विकसित करना है, जिसे प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया जा सके। इसके माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों की लागत घटाने और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा।



# लखनऊ में बिजली चोरों पर बड़ी कार्रवाई

## 16 उपभोक्ताओं पर एफआईआर, बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने मंगलवार को बड़े बिजली बकायेदारों और बिजली चोरी में लिप्त उपभोक्ताओं के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। प्रबंध निदेशक के निर्देश पर अमौसी, गोमती नगर, जानकीपुरम और लखनऊ मध्य क्षेत्र में विशेष मॉर्निंग एवं इवनिंग रेड अभियान के दौरान कुल 16 मामलों में बिजली चोरी पकड़ी गई, जिनमें संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। **अमौसी क्षेत्र में 6 बिजली चोर पकड़े गए-** अमौसी क्षेत्र में रेड एवं विजिलेंस टीम ने 57 विद्युत कनेक्शनों की जांच की। जांच के दौरान छह उपभोक्ता मीटर बाईपास कर अथवा स्वीकृत भार से अधिक बिजली चोरी करते पाए गए। सभी मामले मलिहाबाद उपकेंद्र से जुड़े हैं। विभाग का कहना है कि इस कार्रवाई से लाइन लॉस कम होगा और राजस्व में वृद्धि होगी। सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। **गोमती नगर क्षेत्र में 4 मामलों का खुलासा-** गोमती नगर के सेक्टर-5 स्थित छोटा भरवारा एवं आसपास के क्षेत्रों में चलाए गए अभियान में चार उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते मिले। विभाग ने सभी के विरुद्ध धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। अधिकारियों ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे। **जानकीपुरम में अपार्टमेंट समेत 4 परिसरों में चोरी-** जानकीपुरम क्षेत्र के महानगर विस्तार, खुर्रमनगर और एएस स्क्वायर अपार्टमेंट में संयुक्त टीम ने जांच की। यहां चार परिसरों में मीटर बाईपास और डायरेक्ट सप्लाई के जरिए बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई और उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग करने की अपील की गई। **लखनऊ मध्य क्षेत्र में बकायेदारों पर शिकंजा-** लखनऊ मध्य क्षेत्र में पूर्व में पकड़ी गई बिजली चोरी के मामलों में राजस्व वसूली के लिए नोटिस वितरण और विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई। इसके अलावा ओवरलोड कम करने के लिए राजाजीपुरम क्षेत्र में 630 केवीए फीडर का करीब 150 एम्पियर भार दूसरे फीडर पर स्थानांतरित किया गया। राधाग्राम और यूपीआईएल उपकेंद्रों के अंतर्गत अनुरक्षण कार्य भी कराया गया। विभाग ने बताया कि कैसरबाग क्षेत्र में सोमवार शाम चलाए गए विशेष अभियान में भी दो उपभोक्ताओं के यहां बिजली चोरी पकड़ी गई थी, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



# बादशाहनगर स्टेशन पर श्रवण बाधित यात्रियों के लिए सांकेतिक भाषा में मिलेगी ट्रेन की जानकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने यात्री सुविधाओं को अधिक समावेशी और सुगम बनाने की दिशा में एक नई पहल करते हुए भारतीय रेलवे में पहली बार सांकेतिक भाषा ट्रेन सूचना प्रणाली शुरू की है। यह सुविधा बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर प्रारंभ की गई है, जिससे श्रवण बाधित यात्री ट्रेनों से संबंधित आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता वैभव श्रीवास्तव के निर्देशन में विकसित इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रणाली के माध्यम से रेलवे की सीधी घोषणाओं, ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान समय तथा प्लेटफॉर्म संबंधी सूचनाओं को स्वतः सांकेतिक भाषा में बदलकर स्टेशन पर लगी प्रदर्शन स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस व्यवस्था से श्रवण बाधित यात्री बिना किसी अन्य व्यक्ति की सहायता के यात्रा संबंधी आवश्यक जानकारी स्वयं प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी यात्रा अधिक सुगम और सुरक्षित होगी। इस प्रणाली का सफल परीक्षण लखनऊ मंडल के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, नोएडा स्थित मूक-बधिर संस्था के अधिकारियों तथा चार प्रमाणित सांकेतिक भाषा विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया। यह प्रणाली दो माह के सफल परीक्षण के बाद बादशाहनगर रेलवे स्टेशन पर लागू की गई है। रेल मंत्रालय की सुगम सार्वजनिक परिवहन कार्ययोजना के अनुरूप शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग एवं श्रवण बाधित यात्रियों को भी अन्य यात्रियों की तरह समान रूप से यात्रा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना है। मूक-बधिर यात्रियों एवं दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले संगठनों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसकी सराहना की है।

शोक संदेश




अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे आदरणीय
श्री विजय सिंह श्रीवास्तव जी
का कल लखनऊ में निधन हो गया है। उनकी
अंतिम यात्रा एवं दाह संस्कार
आज, 8 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे बैकुंठ धाम, लखनऊ में संपन्न किया जाएगा।
परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें
और शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

समस्त शोकाकुल परिवार

श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव (पत्नी)
शिवांगी एवं शुभ (पुत्री एवं दामाद)
प्रवीर एवं पूर्वी (पुत्र एवं पुत्रवधू)
युवराज (पौत्र)
एवं समस्त श्रीवास्तव परिवार
मोबाइल : 9717257997

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद : निशिकांत को सपा का मानहानि नोटिस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे में कथित गड़बड़ी को लेकर शुरू हुआ राजनीतिक विवाद अब कानूनी मोड़ पर पहुंच गया है। समाजवादी पार्टी ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजने के साथ ही उनके खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में तहरीर भी दी है। विवाद की शुरुआत निशिकांत दुबे की सोशल मीडिया पोस्ट से हुई, जिसमें दावा किया गया था कि राम मंदिर चढ़ावा गड़बड़ी मामले के आरोपी टिन्नू यादव ने पिछले ढाई वर्षों में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से 980 बार फोन पर बातचीत की। समाजवादी पार्टी ने इस दावे को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। इससे पहले अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर निशिकांत दुबे को 10 मिनट के भीतर अपनी पोस्ट हटाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि पोस्ट नहीं हटाई गई तो उनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस पोस्ट को साझा करने वाले लोग भी इसे हटाकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक गठबंधन को बदनाम करने के लिए झूठा प्रचार कर रही है और यह वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने बताया कि पार्टी ने निशिकांत दुबे को कानूनी मानहानि का नोटिस भेज दिया है। वहीं सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने मंगलवार को हजरतगंज थाने पहुंचकर निशिकांत दुबे के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज करने के लिए तहरीर दी। मनोज सिंह काका ने कहा कि अखिलेश यादव ने पहले पोस्ट हटाने का अवसर दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायिक हिरासत में बंद एक व्यक्ति का नाम सपा अध्यक्ष से जोड़ना राजनीतिक षड्यंत्र है। उधर, शिकायत के बाद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अनुसार यदि शिकायत करनी है तो स्वयं अखिलेश यादव को थाने जाकर शिकायत दर्ज करानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे अदालत जाने के लिए तैयार हैं और उन्होंने केवल एक प्रश्न उठाया है। राम मंदिर चढ़ावा विवाद अब राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर कानूनी लड़ाई का रूप ले चुका है। एक ओर समाजवादी पार्टी मानहानि और प्राथमिकी की कार्रवाई पर अड़ी है, वहीं निशिकांत दुबे अपने दावों पर कायम हैं।



# 49 साल बाद भी नहीं मिली राहत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने करीब 49 वर्ष पुराने रिश्वतखोरी के मामले में दोषी लेखपाल को राहत देने से इनकार

### ३०० रुपये की रिश्वत लेने वाले लेखपाल की सजा बरकरार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में सरेंडर का दिया आदेश

करते हुए उसकी एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा बरकरार रखी है। अदालत ने 41 वर्ष से लंबित आपराधिक अपील खारिज करते हुए दोषी महेश चंद को चार सप्ताह के



भीतर संबंधित ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर शेष सजा काटने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति की एकल पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि विजिलेंस की ट्रैप कार्रवाई स्वतंत्र गवाहों और जांच अधिकारियों की विश्वसनीय गवाही से सिद्ध हो जाती है तो केवल शिकायतकर्ता के अदालत में गवाही न देने से पूरा अभियोजन मामला कमजोर नहीं हो जाता। अभियोजन के अनुसार महेश चंद वर्ष 1977 में कानपुर की एक तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात था। उस पर आरोप था कि उसने भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में एक पक्ष के पक्ष में अपील खारिज कराने के नाम पर 400 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस विभाग ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को फिनॉल्फ्थेलीन पाउडर लगे 100-100 रुपये के तीन नोट दिए। निर्धारित योजना के तहत होटल में मुलाकात के दौरान जैसे ही महेश चंद ने 300 रुपये लेकर उन्हें अपनी जेब में रखा, विजिलेंस टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान रिश्वत की रकम भी बरामद की गई। मामले की सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 1985 में महेश चंद को भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ महेश चंद ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी, जो करीब 41 वर्षों तक लंबित रही। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने दलील दी कि शिकायतकर्ता की अदालत में गवाही नहीं कराई गई, इसलिए अभियोजन का मामला संदेहास्पद है। साथ ही यह भी कहा गया कि सार्वजनिक स्थान पर रिश्वत लेना सामान्य व्यवहार नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने इन तर्कों को अस्वीकार करते हुए कहा कि मामले में विजिलेंस अधिकारियों और स्वतंत्र गवाहों की गवाही से ट्रैप की पूरी कार्रवाई प्रमाणित होती है। ऐसे में शिकायतकर्ता के गवाही न देने मात्र से अभियोजन का मामला कमजोर नहीं माना जा सकता। अदालत ने महेश चंद की अपील खारिज करते हुए उसे चार सप्ताह के भीतर संबंधित ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने और शेष सजा पूरी करने का आदेश दिया है। लगभग पांच दशक पुराने इस मामले में आया यह फैसला भ्रष्टाचार के मामलों में न्यायिक प्रक्रिया और जवाबदेही के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# यूपी के हर जिले में विकसित होंगे मॉडल विलेज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरकार ने प्रदेश के सभी 75 जिलों में मॉडल विलेज विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की

### बायोगैस परियोजना में आईआईटी दिल्ली देगा तकनीकी सहयोग

है। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट गो-संरक्षण अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

योजना का उद्देश्य गो-सेवा, स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खेती और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को एक साथ बढ़ावा देना है। सरकार का मानना है कि इस मॉडल से गांवों में स्वच्छ ईंधन उपलब्ध होगा, रासायनिक खाद पर निर्भरता घटेगी और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

इस अभियान की शुरुआत झांसी जिले के पलींदा गांव से हो चुकी है, जहां 18 बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं। सरकार अब इस मॉडल को प्रदेश के सभी जिलों में लागू करने की तैयारी कर रही है। पलींदा गांव को पूर्ण प्राकृतिक कृषि ग्राम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां प्रत्येक घर को बायोगैस सुविधा से जोड़ने की योजना है। परियोजना के तकनीकी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी आईटीआई दिल्ली के बायोगैस डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर के वरिष्ठ प्रोफेसर के नेतृत्व वाली विशेषज्ञ टीम संभालेगी। टीम में रत्नेश तिवारी, अक्षय श्रीवास्तव, चिंतन दवे और डॉ. मंगाराम सहित शोधकर्ता शामिल हैं, जो बायोगैस संयंत्रों की स्थापना, संचालन, रखरखाव और स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण का कार्य करेंगे। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि बायोगैस संयंत्रों से निकलने वाली स्लरी किसानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद का स्रोत बनेगी। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होगी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही गांवों में स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ने से पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का लक्ष्य गो-सेवा, जैविक खेती और हरित ऊर्जा पर आधारित एक ऐसा मॉडल विकसित करना है, जिसे प्रदेश के सभी जिलों में लागू किया जा सके। इसके माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों की लागत घटाने और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा।

# एसबीआई ने अमीनाबाद इंटर कॉलेज को दिए 500 स्टील बेंच



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत मंगलवार को नगर निगम संचालित अमीनाबाद इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए 500 स्टील बेंच उपलब्ध कराए। इन बेंचों से विद्यालय के करीब 2000 छात्रों को बेहतर बैठने की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि बच्चों का भविष्य संवारना सबसे बड़ा पुण्य है और नगर निगम अपने विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि नगर निगम संचालित सभी विद्यालयों की कक्षाओं को आधुनिक और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। एसबीआई के उप महाप्रबंधक धीरज कुमार ने बताया कि बैंक हर वर्ष सीएसआर के तहत समाज कल्याण पर 700 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्रों, अनाथालयों और वृद्धाश्रमों के विकास के साथ-साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों में भी बैंक सक्रिय योगदान दे रहा है। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, पार्षद मुकेश सिंह, विद्यालय के प्राचार्य साहब लाल मिश्र तथा एसबीआई की क्षेत्रीय प्रबंधक अवंतिका सिंह मिश्रा, मुख्य प्रबंधक ऋचा द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लोकबंधु अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात की मौत

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के लोकबंधु राजनारायण संयुक्त अस्पताल में प्रसव के दौरान नवजात के फर्श पर गिरने से मौत

### लापरवाही के आरोप; तीन स्तर पर जांच शुरू

का मामला सामने आया है। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और परिवार कल्याण महानिदेशालय ने तीन स्तर पर जांच शुरू कर दी है। वहीं उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने 24 घंटे में रिपोर्ट तलब करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।आशियाना निवासी शुभम पाल ने बताया कि उनकी गर्भवती पत्नी को रविवार शाम प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका आरोप है कि डॉक्टर लगातार सामान्य प्रसव का इंतजार करते रहे। जब उन्होंने सिजेरियन ऑपरेशन की मांग की तो उन्हें बताया गया कि इसकी व्यवस्था नहीं है। जबकि बाद में अस्पताल के निदेशक ने सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध होने की बात कही।परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान लेबर रूम में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक सफाईकर्मी ने डिलीवरी कराने के नाम पर 500 रुपये की मांग की। प्रसव के दौरान नवजात फर्श पर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद भी डॉक्टर के समय पर नहीं पहुंचने का आरोप लगाया गया है। शिशु के पिता ने अस्पताल प्रशासन को लिखित शिकायत देकर सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों के विरोध के बाद पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति ने ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं।

# अर्कवंशी महासभा ने इतिहास से छेड़छाड़ का लगाया आरोप



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रेस क्लब में मंगलवार को अर्कवंशी क्षत्रिय महासभा की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में समाज के पदाधिकारियों ने संडीला और मलिहाबाद के इतिहास से छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाया। महासभा के अध्यक्ष इंजीनियर आर.ए. सिंह अर्कवंशी और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने कहा कि कुछ लोग ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर अर्कवंशी समाज के योगदान को मिटाने का प्रयास कर रहे हैं।

महासभा ने दावा किया कि गजेटियर ऑफ द प्रोविंस ऑफ अवध (1878), तारीख-ए-संडीला (1913) और अन्य ऐतिहासिक ग्रंथों में संडीला और मलिहाबाद की स्थापना तथा अर्कवंशी समाज के शासन का उल्लेख मिलता है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मलिहाबाद में प्रवेश द्वार को लेकर भी झूठे तथ्यों के आधार पर समाज के इतिहास को बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

महासभा ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच इतिहासकारों के उच्च स्तरीय पैनल से कराने और ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर वी.के. सिंह अर्कवंशी, रामसागर अर्कवंशी, सौरभ अर्कवंशी, अशोक अर्कवंशी, सोभित अर्कवंशी सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाषा विवि में 11वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर मंगलवार को खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रो. चंदना डे ने राज्यपाल की भूमिका निभाई, जबकि प्रो. अजय तनेजा ने कुलपति और डॉ.

### ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

तथहीर फातिमा ने उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान कुलपति प्रो अजय तनेजा ने बताया कि भाषा विश्वविद्यालय अपने 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में 11वें को होगा। इसमें कुलाधिपति राज्यपाल उत्तर प्रदेश के साथ राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी मुख्य अतिथि होंगे। इसी के साथ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्यक्ष के साथ ही उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी रहेंगी। प्रो सौबान सईद ने बताया कि इस वर्ष कुल 1246 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी, जिनमें 799 स्नातक (यूजी), 437 स्नातकोत्तर (पीजी) तथा 10 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें 495 छात्राएँ एवं 751 छात्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुल 939 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 120 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन सहित प्रथम श्रेणी तथा 177 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। प्रो. तनेजा ने बताया कि इस वर्ष प्रदान किए जाने वाले 125 पदकों में से 74 पदक छात्राओं तथा 51 पदक छात्रों को प्राप्त हुए हैं। कुल 110 पदक विजेताओं में छात्राओं की हिस्सेदारी 59.20 प्रतिशत है।

# जलालपुर व केराकत पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जलालपुर और केराकत पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार रात पुलिस मुठभेड़ के दौरान पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक जलालपुर और केराकत की टीम संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भागने लगे। पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में सोनल वर्मा निवासी बीरमपुर थाना केराकत घायल हो गया। पुलिस ने मौके से सोनल वर्मा, राजेश्वर पाण्डेय, अवनीश गुप्ता, बाबी कुमार और रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 8 तमंचे, एक देशी रिवाल्वर, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई।

## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सरताज बानो रिज़वी था जिसे बदलकर मैंने सरताज बानो कर लिया है। भविष्य में मुझे सरताज बानो नाम से जाना पहचाना जाए। सरताज बानो पत्नी शाकिर अली रिज़वी, पता- 638/030,31 प्रेसीडेंसी एन्क्लेव कुकरेल पिकनिक स्पॉट पास फरीदीनगर, पोस्ट सीमैप, इंदिरा नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश 226016

सी.आर.- 672/L-48

### सूचना

मेरी आर्मी सर्विस रिकार्ड- No-2699483 में पिता का नाम त्रुटिवश TEJ BALI SINGH एवं माता का नाम त्रुटिवश SAVITRI DEVI अंकित है। सही नाम TEJVALI SINGH एवं SAVITRI SINGH है। भविष्य में सही नाम से जाना व पहचाना जाए। Havildar Dhirendra Singh S/o TeJvali Singh, Add. 67UP Battalion NCC Lucknow.

सी.आर.- 679/L-41

### सूचना

मैंने पुत्री तनु त्रिपाठी को दुर्व्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर संबंधविच्छेद कर लिये। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगी। नन्ही देवी पत्नी स्व ब्रजनंदन त्रिपाठी, नि.मो.कायस्थान , कस्बा व थाना , कटरा, शाहजहांपुर।

सी.आर.- 677/D-28

### सूचना

पहले मेरा नाम अनीस हुसैन हसन कैसर था, अब मैंने अपना नाम बदलकर हसन कैसर कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। हसन कैसर पुत्र अनीस हुसैन, मो0-रफीनगर, उतरौला, बलरामपुर।

सी.आर.- 673/D-30

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि भूखण्ड खसरा संख्या- 365 स्थित ग्राम- हरिहरपुर, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर, जिला- लखनऊ रकबा 1000 वर्गफिट से सम्बंधित विक्रय विलेख दिनांक - 04.01.2011 को बही संख्या-1, जिल्द संख्या 12289 के पृष्ठ संख्या- 53 से 72 तक क्रमांक- 102/2011, उपनिबंधक प्रथम, लखनऊ के कार्यालय में पंजीकृत है। जिसको श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी पत्नी बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने श्रीमती ब्रह्म बाला से क्रय किया था। वह सुनील कुमार यादव पुत्र श्री जगदीश यादव से कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था को उपरोक्त भूखण्ड के सम्बंध में कोई आपत्ति है, तो वह नीचे दिये पते व फोन नंबर पर सम्पर्क कर 15 दिन के अन्दर उपरोक्त भूखण्ड के सम्बंध में अपना दावा आदि पेश कर सकता है। यदि इस सम्बंध में कोई दावा 15 दिन के अन्दर नहीं आता है, तो उक्त सम्पत्ति पाक-साफ समझी जायेगी। द्वारा अधिवक्ता सौरभ चन्द्रा एडवोकेट, एल0आई0सी0 हा0फा0लि0, प्रथम तल, शिवानी प्लाजा, 2/54, विजयखण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। **मो0- 09415086962 व ऑफिस फोन नंबर- 0522-2392358, 23982557**

**(सौरभ चंद्रा एडवोकेट)**

सी.आर.- 678/L

### सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सन्नी पुत्र रमेश कुमार, निवासी-मोहल्ला महराजगंज, परगना व तहसील जिला गोण्डा का निवासी हूँ। मेरे द्वारा मेरे माता व पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र/आवेदन नगर पालिका परिषद गोण्डा में प्रस्तुत किया है। **जिसमें मेरे पिता का नाम रमेश कुमार पुत्र रामू बारी मृत्यु दिनांक 27.09.2018 मृत्यु स्थान-मोहल्ला महराजगंज, जिला गोण्डा, माता का नाम सरोज देवी पत्नी रमेश कुमार मृत्यु दिनांक 31.10.2007 मृत्यु स्थान-मोहल्ला महराजगंज में हो गयी थी।** तदानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो पन्द्रह दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा निर्गत कर दिया जावेगा।

प्रार्थिनी

(सन्नी) पुत्र रमेश कुमार

निवासी- मोहल्ला महराजगंज, परगना व तहसील जिला गोण्डा।

सी.आर.- 675/L

### सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया है कि मैं नफीसा पुत्री फकीर मोहम्मद, निवासी म0नं0-325, मोहल्ला-पाण्डेय बाजार, परगना, तहसील व जिला गोण्डा की निवासी हूँ। मेरे द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र/आवेदन नगर पालिका परिषद गोण्डा में प्रस्तुत किया गया है, **जिसमें मेरा नाम नफीसा पुत्री फकीर मोहम्मद, जन्मतिथि दिनांक 01.07.1971, जन्म स्थान म0नं0-325, मोहल्ला पाण्डेय बाजार, जिला-गोण्डा अंकित किया गया है।**

तदानुसार जन्म प्रमाण पत्र जारी करवाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो पन्द्रह दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद गोण्डा में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने उपरान्त किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका परिषद गोण्डा द्वारा निर्गत कर दिया जायेगा।

प्रार्थिनी

नफीसा पुत्री फकीर मोहम्मद,

निवासी म0नं0-325 मोहल्ला पाण्डेय बाजार,परगना व तहसील जिला गोण्डा।

मो0 नं0- 9919763870

सी.आर.- 675/L

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना। एडमिन यूनिट/ज़ोन: लखनऊ-पूर्वोत्तर-मण्डल-वाणिज्य/पूर्वोत्तर; **नीलामी सूची सं./ लॉट सं.-** WVM-LJNO-07-202; **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** 01.07.2026 समय 17:12 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 20.07.2026 समय 10:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 20.07.2026 समय 10:50 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक

मुजापि/वाणिज्य-77 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ

पत्रांक: 75/रीडर-टी0जी0/2026 दिनांक: 06.07.2026

वाद सं0 डी202610460000446

पंजाब एण्ड सिंध बैंक बनाम मे0 कार्मास्यूटिकल्स आदि

अधिनियम 14, सरफेसी एक्ट

**नोटिस**

**(1) मैसर्स महक फार्मास्यूटिकल्स प्रो० श्री कुमुद गोयिल पुत्र स्व0 रघुवर दयाल गोयिल** पता दुकान नं0 एफएफ-13, प्रथम तल, कैलाश टावर-22 अमीनाबाद, लखनऊ।

**(2) श्री कुमुद गोयिल पुत्र स्व० श्री रघुवर दयाल गोयिल** पता म0सं0-179, राजाजीपुरम, लखनऊ।

**(3) श्री संदीप कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद** पता जसमंडा नवाबगंज, बाराबंकी 225003

आपके द्वारा पंजाब एण्ड सिंध बैंक से ऋण लिया गया था। ऋण की अदायगी न होने के कारण वादी पंजाब एण्ड सिंध बैंक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में ऋण की वसूली/सम्पत्ति का कब्जा हेतु धारा-14 सरफेसी एक्ट के अन्तर्गत वाद अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में योजित किया गया है।

प्रश्नगत वाद की सुनवाई अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है अतः आप दिनांक **03.08.2026** को समय **12:00 बजे** अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय कक्ष सं0 2, कलेक्ट्रेट, लखनऊ में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। यदि आप नियत समय/दिनांक पर उपस्थित नहीं होते हैं तो पत्रावली पर एकपक्षीय सुनवाई कर आदेश पारित किए जा सकते हैं।

(राज कुमार मित्तल)

अपर जिला मजिस्ट्रेट, (टी0जी0)/ अपर कलेक्टर, लखनऊ।

सी.आर.- 674/L

### कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, भदौरा, गाजीपुर

पत्रांक : - बी.आर.सी./223/2026-27 दिनांक : 06/07/2026

**नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भदौरा, गाजीपुर के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों के मूल्यांकनोपरान्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर कार्यालय के पत्रांकः एस.एस.ए./3000-7/2026-27, दिनांक 17/06/2026 के अनुक्रम में ध्वस्तीकरण/नीलामी प्रक्रिया ब्लाक संसाधन केन्द्र भदौरा पर दिनांक 20/07/2026 से 21/07/2026 (समय 01:00 अपरान्ह) होनी है।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म नीलामी तिथि से 02 कार्य दिवस पूर्व कार्यालय समयावधि (समय 10:00 से 17:00 बजे) तक ब्लाक संसाधन केन्द्र भदौरा से नीलामी हेतु प्रति विद्यालय निर्धारित प्रतिभागिता शुल्क, आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रति प्राप्त कराते हुए नीलामी ध्वस्तीकरण के नियम शर्तें प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त एवं प्रतिभागिता शुल्क के बिना नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभागिता सम्भव नहीं होगी।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**भदौरा, गाजीपुर**

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 28.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00822026 दिनांक 06.07.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 04-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 2. 05-Sr-DEN-V-LKO-2026-27 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ADEN-II-LKO और ADEN-AYC सेक्शन में, अलग-अलग L-क्रॉसिंग और AYC यार्ड, AY यार्ड, BBK यार्ड आदि पर बने LHS से पानी निकालने (dewatering) का काम। (प्र.सं. 166-2026) 2. Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र में ADEN/AYC के अंतर्गत SSE/W/AYC सेक्शन में पुराने EI बिल्डिंग AYC में AYC ह्यू डीपो का विकास कार्य। (प्र.सं. 65-2026) |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. रु. 49,91,061.24 2. रु. 44,53,566.25 |
| 5 | बयाना राशि | 1. रु. 99,800.00 2. रु. 89,100.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। |
| 7 | निविदा खोलने का प्रारंभ | 14.07.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.07.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 2304/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग में एलएचबी कोचों हेतु इण्डस्ट्री 4.0 - सक्षम वायरलेस एन्ड-टू-एन्ड टेस्टिंग सिस्टम का डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, पूर्ण डेटा अधिग्रहण एवं ट्रेसबिलिटी समाधान सहित, तथा 03 वर्ष की पोस्ट वारंटी व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (CAMC) सहित। | | |
| कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | अनुमानित लागत | ₹2,82,69,260.00 मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। | बिड सिक्यूरिटी | ₹5,65,400/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | | 66 माह। | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | | दिनांक 28.07.2026 समय 15:00 बजे तक। | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | | | |

निविदा सूचना सं. 2026-ए.एम.बी.-सी एंड डब्ल्यू-ईनिविदा-30 दिनांक: 06.07.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2327/2026

### उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

**शुद्धि पत्र-2**

इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-03/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-27 के विरुद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 06.07.2026 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 14.07.2026 अपराह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता, (जानपद) इकाई, 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ**

पत्रांक-201/अधि0अभि0(जा0)ई/टेण्डर दिनांक:- 06.07.2026

("राष्ट्रहित में बिजली बचायें")

### उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड

**ई0-निविदा सूचना संख्या-**
**05/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2026-27**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा शक्ति भवन (मु0) में विविध जानपदीय कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 06.08.2026 तक आमंत्रित की जाती हैं, जिसका भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

**अधिशासी अभियन्ता, (जानपद) इकाई, 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ**

संख्या- 200-अधि0अभि0(जा0)ई/टेण्डर दिनांक:- 06.07.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"

# जीआरपी के हत्थे चढ़ा नकली नोटों का तस्कर, 50 लाख के जाली नोट बरामद

## असली नोटों के बदले नकली गड्डियां देकर करता था धोखाधड़ी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जीआरपी थाने की पुलिस टीम ने मंगलवार को नकली नोटों की तस्करी करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

प्रयागराज जीआरपी क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार पाठक ने बताया कि, रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन पर चोरी, छिनैती, अवैध तस्करी और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जीआरपी और आरपीएफ-सीआईबी की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर-1 के दिल्ली छोर पर स्थित चबूतरे के पास से संदिग्ध अवस्था में राजस्थान के बीकानेर जिले में स्थित नापासर थाना क्षेत्र के गजरुप देसर गांव निवासी रामनिवास पुत्र साईराम है। राजस्थान के निवासी रामनिवास को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें 500-500 रुपये के नोटों जैसी दिखने वाली 10-10 गड्डियों के 10 बंडल मिले, जिनकी कुल कीमत 50 लाख रुपये दर्शाई गई थी। सभी गड्डियां सफेद पारदर्शी प्लास्टिक में पैक थीं। जांच में बरामद नोट नकली प्रतीत होने पर उसे गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि आरोपित दिल्ली के पहाड़गंज से इन नकली नोटों जैसी गड्डियों को लेकर कोलकाता जाता था और लोगों को असली नोटों के बदले नकली गड्डियां देकर धोखाधड़ी करता था। इस तरीके से वह अवैध रूप से धन अर्जित कर ऐशो-आराम की जिंदगी जीता था।

गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ जीआरपी प्रयागराज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजकुमार चौहान, उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार, कांस्टेबल अभय सिंह, राणा राजवेंद्र सिंह तथा आरपीएफ-सीआईबी के उपनिरीक्षक विजय सिंह, लाखन सिंह, कांस्टेबल रोहित सिंह और सुनील कुमार शामिल रहे।

# साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर प्रदेशव्यापी समीक्षा

## पुलिस महानिदेशक ने ऑपरेशन साइ-वज्र' चलाने के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम, साइबर अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और पीड़ितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने 6 जुलाई 2026 को प्रदेशस्तरीय उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में प्रदेश के सभी कमिश्नरेट और जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, साइबर अपराध नोडल अधिकारियों, साइबर सेल एवं साइबर थानों में तैनात पुलिसकर्मियों तथा साइबर अपराध मुख्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराध नियंत्रण को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है। इसके तहत प्रदेश में साइबर पुलिसिंग को मजबूत करने, साइबर इकाइयों की क्षमता बढ़ाने, साइबर इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करने और साइबर वित्तीय धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। डीजीपी ने बैठक में 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2026 तक साइबर अपराध नियंत्रण को रोकने के लिएकी गई कार्रवाई की समीक्षा के दौरान साइबर अपराध में इस्तेमाल किए गए 2,94,024 संदिग्ध मोबाइल नंबरों और 1,81,405 मोबाइल उपकरणों को ब्लॉक कराया गया। वहीं साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में 530 करोड़ रुपये की धनराशि पर लियन एंड होल्ड लगाकर उसे अपराधियों तक पहुंचने से रोका गया। उन्होंने इन उपलब्धियों की सराहना करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराधों की रोकथाम और पीड़ितों को जल्द राहत दिलाने के लिए कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने बैठक में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) द्वारा विकसित कर मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल(एमआरएम)और ग्रीवांस रिड्रेसल मॉड्यूल (जीआरएम) की जानकारी दी गई। एमआरएम मॉड्यूल के माध्यम से साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को होल्ड की गई धनराशि वापस दिलाने की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। संबंधित बैंक द्वारा पीड़ित का विवरण अपडेट किए जाने के बाद पीड़ित को एसएमएस या लिंक प्राप्त होता है, जिसके माध्यम से वह शिकायत दर्ज कर सकता है। वहीं, जीआरएम मॉड्यूल का उपयोग ऐसे मामलों में किया जाता है, जहां किसी निर्दोष व्यक्ति का बैंक खाता साइबर जांच के दौरान होल्ड या फ्रीज हो जाता है। उन्होंने दोनों व्यवस्थाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गये जिससे अधिक नागरिक साइबर ठगों के शिकार होने से बच सके। उन्होंने प्रदेशभर में 7 दिवसीय विशेष अभियान 'ऑपरेशन साइ-वज्र चलाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में डीजीपी राजीव कृष्ण ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में साइबर अपराध नियंत्रण के लिए तकनीक आधारित, समन्वित और पीड़ित-केंद्रित व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे नागरिकों का विश्वास मजबूत हो और साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## खबर एक नजर

### पुलिस आयुक्त ने अपराध मीटिंग में लापरवाह पुलिस अफसरों की लगायी क्लास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन के त्रिवेणी सभागार में कानून एवं व्यवस्था के साथ अपराध नियंत्रण समेत लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में बैठक के दौरान कार्यों के प्रति लापरवाही के साथ लम्बित विवेचनाओं को समय पर निस्तारण नहीं करने पर पुलिस कमिश्नर थानेदारों समेत कई पुलिस कर्मियों के पेंच कसने के साथ हिदायत देते हुए कार्यों के प्रति सजग होकर और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिये। पुलिस कमिश्नर ने बैठक में सभी थाना प्रभारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि 60 से 90 दिन की सभी लम्बित विवेचनाओं का समयबद्ध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जुलाई माह के अन्त तक सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। बैठक के दौरान सभी सहायक पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये गये कि लम्बित विवेचनाओं का नियमित पर्यवेक्षण कर निस्तारण सुनिश्चित कराने के साथ ही गैंगेस्टर मामलों से सम्बन्धित पूर्व से लम्बित मामलों की विवेचना के शीघ्र निस्तारण कराने के आदेश दिये हैं। उन्होंने महिला सम्बन्धी अपराध/लूट/हत्या एवं अन्य जघन्य अपराधों पर विस्तृत चर्चा की गयी तथा वांछित लुटेरे, चोर, नकबजन, चैन स्नैचर्स की गिरफ्तारी कर विवेचना के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने जनपद स्तर पर चिन्हित भू-माफियाओं के विरुद्ध नियमानुसार गैंगेस्टर एक्ट एवं सम्पत्ति जब्तीकरण के साथ ही जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ अजय पाल शर्मा, समस्त पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी/विवेचकों समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में पांच बदमाश गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में जलालपुर और केराकत थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। आरोपितों के कब्जे से आठ तमंचे, एक देसी रिवॉल्वर, कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। क्षेत्राधिकारी केराकत अजय कुमार राय ने मंगलवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के आयुष श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। केराकत पुलिस टेकूरीडीह के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच संदिग्ध पुलिस को देखकर पराऊगंज की ओर भागने लगे। सूचना मिलते ही जलालपुर पुलिस ने भी घेराबंदी कर दी। थोर बिंदे-टेकूरी मार्ग पर दोनों ओर से पुलिस टीम को देखकर आरोपितों ने बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें सोनल वर्मा पुत्र संतोष वर्मा निवासी बीरमपुर, थाना केराकत के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने सभी पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित में सोनल वर्मा पुत्र संतोष वर्मा, निवासी बीरमपुर, थाना केराकत (घायल)राजेश्वर पाण्डेय पुत्र नेहरू पाण्डेय, निवासी एकौना, थाना गौराबादशाहपुर,अवनीश गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता, निवासी बीरमपुर, थाना केराकत बाबी कुमार पुत्र रामकुमार, निवासी मकसुदा मंडी, जालंधर (पंजाब)रंजीत कुमार पुत्र रवि कुमार, निवासी रतन नगर, जालंधर (पंजाब) पुलिस ने बताया कि सोनल वर्मा के खिलाफ पहले से लूट, जालसाजी, गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं, जबकि अन्य आरोपितों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है

# करोड़ों की ठगी करने वाले कॉल सेंटर का खुलासा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कानपुर के कल्याणपुर थाना पुलिस और साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट की आड़ में लोगों को शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का मंगलवार को पर्दाफाश किया है। गिरोह का संचालन करने वाली एक युवती समेत तीन आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं।

ये गिरोह पिछले करीब डेढ़ साल से सक्रिय होकर देशभर के 10 से 15 हजार से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाकर करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने मंगलवार को बताया कि एनसीआरपी पोर्टल पर मिली शिकायतों के आधार पर पुलिस ने कल्याणपुर स्थित आवास विकास क्षेत्र के एक फ्लैट पर छापा मारा। यहां से ऑनलाइन मैच प्वाइंट नाम से फर्जी मैट्रिमोनियल कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। इसी कॉल सेंटर से कानपुर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों और अन्य राज्यों के लोगों से संपर्क कर उन्हें ठगा जा रहा था। पुलिस ने मौके से सरगना अनुराधा त्रिवेदी, विक्रम खुटे और प्रियंका को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि कॉल सेंटर में करीब 15 युवतियां काम करती थीं। इन युवतियों को प्रतिदिन 100 से 150 लोगों के मोबाइल नंबर दिए जाते थे। वे खुद को मैट्रिमोनियल वेबसाइट की प्रतिनिधि बताकर संपर्क करतीं, फिर सामने वाले व्यक्ति की पसंद और जरूरत की जानकारी जुटाती थीं। उनकी मांग के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से आकर्षक युवतियों की तस्वीरें तैयार कर भेजी जाती थीं। पीड़ितों को विश्वास में लेने के लिए कॉल सेंटर में काम करने वाली युवतियां ही खुद को संभावित दुल्हन बताकर लंबी बातचीत करतीं, शादी का भरोसा देतीं और सात जन्म तक साथ निभाने जैसे वादे करती थीं। इसके बाद रजिस्ट्रेशन, प्रोफाइल एक्टिवेशन, बातचीत और मुलाकात के नाम पर अलग-अलग शुल्क वसूले जाते थे।

- फर्जी मैट्रिमोनियल के जरिए करते थे ठगी, करीब 15 युवतियां काम करती थीं
- एनसीआरपी पोर्टल पर मिली शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मारा छापा
- आकर्षक युवतियों की तस्वीरें तैयार कर भेजी जाती थीं

इसी तरीके से गिरोह रोजाना सैकड़ों लोगों को जाल में फंसाकर लाखों रुपये की ठगी करता था। पुलिस ने कॉल सेंटर में काम करने वाली 15 युवतियों से पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। वहीं, गिरोह में शामिल तीनों मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गई। पुलिस अब आरोपितों के बैंक खातों, लेन-देन और अन्य डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

# बस-डम्पर की भिड़ंत आठ यात्री घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उरई जिले के उरई-कोटरा मार्ग पर मंगलवार को सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस और डम्पर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय बस में करीब 25 यात्री सवार थे, जिनमें से लगभग 8 लोग घायल हो गए। क्षेत्राधिकारी राजीव शर्मा ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों वाहनों के टक्कर के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है, जबकि अन्य का उपचार जारी है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए उरई-कोटरा मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। पुलिस ने बस और डम्पर को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# सड़क पर दौड़ रहे नौ युवकों को कार ने मारी टक्कर, घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मथुरा जनपद में मंगलवार की भोर में सौंख-गोवर्धन मार्ग पर नौकरी और सेना भर्ती की तैयारी के लिए सड़क पर दौड़ लगा रहे बछगांव के युवाओं को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नौ युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी है। घटना के बाद आरोपित चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह 5:30 बजे गोवर्धन रोड स्थित गांव बछगांव के 15 से अधिक स्थानीय युवा रोजाना की तरह नौकरी की तैयारी के लिए सड़क पर दौड़ कर रहे थे। गांव तसिया के पास पीछे से आ रही एर्टिगा कार ने युवाओं को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बीनू, टीटू, कन्हैया लाल, चिंटू, जगमोहन, सौरव, दीपक, कन्हैया सिंह और पुष्पेंद्र सहित कुल 9 युवक घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए केएम हॉस्पिटल, पालीडूंगरा में भर्ती कराया गया। बेहतर इलाज की आवश्यकता को देखते हुए घायल युवाओं को भरतपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# शादी के नाम पर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नाका हिण्डोला थाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपित को मंगलवार गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

नाका थाना के उपनिरीक्षक रवीश भाटी ने मंगलवार को बताया कि एक युवती ने 20 मई को थाना में आकर तहरीर दी। उसने बताया कि अहमदाबाद का रहने वाला एजाज मिर्जा से उसकी मुलाकात हुई थी। आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और अब शादी से मुकर रहा है। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। आज सूचना मिली कि आरोपित एजाज चारबाग में मौजूद है। इस जानकारी पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपित को पकड़ लिया। कानूनी प्रक्रिया करने के बाद गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है।

# एसटीएफ ने एक लाख के ईनामी बदमाश को मुठभेड़ में किया ढेर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) की नोएडा यूनिट की टीम ने मंगलवार तड़के एक मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी डकैत को मार गिराया है। उसके पास से पुलिस को 32 बोर की पिस्टल, एक पौनी बंदूक, कारतूस और मोटरसाइकिल आदि बरामद हुआ है। यह बदमाश लोगों को घरों में बंधक बनाकर लूटपाट और हत्या करने के लिए कुख्यात है। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में 21 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। अपर पुलिस अधीक्षक यूपी एसटीएफ (नोएडा यूनिट) राजकुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि आज सुबह यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट की टीम के साथ एक कुख्यात बदमाश की मुठभेड़ हुई। टीम की ओर से चलाई गई गोली उसको लगी। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक बदमाश की पहचान आसिफ उर्फ विक्की छमार पुत्र बाबू मजहर निवासी मकनपुर जनपद कानपुर के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि उक्त बदमाश ने वर्ष 2014 में थाना शाहगंज जनपद जौनपुर में घर में बंधक बनाकर पांच लोगों के ऊपर प्राण घातक हमला किया था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। उसके ऊपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि यह बदमाश अपने गैंग के लोगों के साथ मिलकर घरों में प्रवेश करता था, तथा वहां मौजूद लोगों को बंधक बनाकर लूटपाट करता था। विरोध करने पर इस गैंग के लोग हत्या कर देते हैं। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में 21 मुकदमे दर्ज हैं।

**डकैती समेत अन्य अपराधिक मुकदमे थे दर्ज**

अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने बताया कि विक्की उर्फ आसिफ अली ने कई हत्या, डकैती और लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। वर्ष 2013 में सुल्तानपुर में साथियों के साथ घर में घुसकर डकैती के दौरान एक व्यक्ति की हत्या की। वर्ष 2014 में जौनपुर के शाहगंज में परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट, वर्ष 2015 में कौशांबी में दंपती की हत्या कर डकैती, वर्ष 2015 में ही मुजफ्फरनगर में कई घरों में सिलसिलेवार डकैतियां और वर्ष 2021 में कानपुर देहात के रसूलाबाद में घर में घुसकर तासीम की हत्या कर दी थी।

# फर्जी कॉल सेंटर चलाकर विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ साइबर क्राइम थाना और क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में गिरोह का ?25 हजार का इनामी मुख्य सरगना भी शामिल है। पुलिस ने तीनों को कोलकाता से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया है। मामले में आगे की पूछताछ और विवेचना जारी है। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव ने बताया कि 2 जुलाई 2026 को विभूतिखंड क्षेत्र स्थित समिट बिल्डिंग में संचालित एक अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया था। इस कार्रवाई में कुल 119 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मौके से बड़ी संख्या में कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए थे। इस संबंध में साइबर क्राइम थाना लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), आईटी एक्ट और टेलीकॉम एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।जांच में पता चला कि यह गिरोह इंटरनेट आधारित कॉलिंग प्लेटफॉर्म और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर मुख्य रूप से अमेरिका (यूएसए) के नागरिकों को निशाना बनाता था। आरोपित खुद को विभिन्न संस्थाओं का प्रतिनिधि बताकर लोगों को झांसे में लेते थे और उनसे साइबर ठगी करते थे।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय), पुलिस उपायुक्त (अपराध), अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) और सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) के पर्यवेक्षण में फरार आरोपितों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान क्राइम ब्रांच और साइबर क्राइम थाना की टीम ने कोलकाता से गिरोह के मुख्य सरगना विनीत वशिष्ठ सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में विनीत वशिष्ठ (38) निवासी अहमदाबाद, गुजरात, नायकर जयराज (42) निवासी अहमदाबाद, गुजरात तथा रिंकी दास गुप्ता (43) निवासी नॉर्थ 24 परगना, कोलकाता शामिल हैं।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। उनके कब्जे से मिले डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों और साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। मामले में आगे भी अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की संभावना है। सराहनीय कार्य करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, शमीम अली सिद्दिकी, शैनेन्द्र सिंह, महिला सिपाही प्रिया, प्रियंका साक्ये, आशुतोष पाण्डेय, असलम खान, दिलीप, पवन कुमार पुलिस कर्मी शामिल रहे।


# अनियंत्रित कार लकड़ी के ढेर पर चढ़ी, युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** अमेठी जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिककुरंग गांव के पास रात करीब एक बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आरा मशीन पर रखे लकड़ी के ढेर पर चढ़ गई। हादसे में कार में सवार प्रतापगढ़ चिलबिला निवासी 28 वर्षीय प्रतीक दुबे की मौके पर ही मौत हो गई। कार चला रहा उसका दोस्त अनुराग पालको मामूली चोटें आईं।मृतक के बड़े भाई गौरव दुबे ने बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजे अनुराग पाल उनके भाई को फोन कर अपने साथ ले गया था। अनुराग पहले स्कूटी से उनके घर पहुंचा, स्कूटी वहीं खड़ी की और फिर कार से प्रतीक को अपने साथ लेकर चला गया। गौरव का आरोप है कि दुर्घटना की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। उनका कहना है कि प्रतीक के सिर के पीछे गंभीर चोट है, जबकि सामने की ओर मामूली चोट होने से उन्हें किसी अनहोनी की आशंका है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रामगंज थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने प्रतीक दुबे को मृत घोषित कर दिया। अनुराग पाल का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं मृतक के परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# फरार इनामिया अभियुक्त को ईओडब्लू टीम ने किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्लू ) की वाराणसी टीम ने वर्षों से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में ईओडब्लू सेक्टर वाराणसी की टीम ने मुकदमा संख्या-270/2017, धारा-406, 419, 420, 120बी भारतीय दंड संहिता, थाना मुगलसराय में दर्ज कराया गया था। आर्थिक अपराधा शाखा के अपर पुलिस महानिदेशक के मीडिया प्रभारी ने बताया कि जनपद चन्दौली से संबंधित वांछित अभियुक्त को मंगलवार की सुबह करीब 9:30 बजे नई दिल्ली से अभियक्त आकाश कुमार पुत्र ओम प्रकाश भगत निवासी प्राणजीवन सर्कुलर रोड, शिव मंदिर के पास, मनईटांड़, धनबाद (झारखंड) का मूल निवासी है वह वर्तमान पता सी-114, फ्लैट नंबर-14, पंशील बिहार, थाना मालवीय नगर, नई दिल्ली के रूप में हुई है। उसने मेसर्स एसआरजी पोलीपेट कंपनी का निदेशक था। यह कंपनी शराब व्यवसाय के लिए पंजीकृत थी। आरोप है कि अभियुक्त ने अपने सहअभियुक्त के साथ मिलकर वादी मुकदमा को कंपनी में निदेशक बनाने और अधिक मुनाफा दिलाने का लालच दिया। इसके बाद वादी के बैंक खाते से करीब 44 लाख रुपये अपने और सहअभियुक्त के बैंक खातों में प्राप्त कर हड़प कर अभियुक्त फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। ईओडब्लू टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को नई दिल्ली स्थित न्यायालय साकेत के समक्ष पेश कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जनपद चन्दौली के न्यायालय में पेश किया जाएगा।



# बरसात में बिजली आपूर्ति बाधित न हो विशेष सतर्कता बरतें : डॉ. आशीष गोयल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) डॉ. आशीष गोयल ने बरसात के मौसम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर आने वाले विद्युत दोषों का तत्काल निस्तारण किया जाए और सभी अनुरक्षण कार्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किए जाएं।शक्ति भवन में मंगलवार को डिस्कॉम के कार्यों की समीक्षा बैठक में डॉ. गोयल ने विद्युत आपूर्ति, व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, बिल वितरण, राजस्व वसूली, बिजली चोरी की रोकथाम, विद्युत दुर्घटनाओं पर नियंत्रण तथा



विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा उपकरण पहनकर ही अनुरक्षण कार्य किए जाएं और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें और आवश्यक अनुरक्षण कार्य समय से पूरा कराएं, ताकि विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों तथा लगाए जा रहे ट्रांसफार्मर फ्यूज सेट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण भी कराया जाए। बैठक में बिजनेस प्लान के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित मुख्य अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लखनऊ सहित उन क्षेत्रों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए, जहां बार-बार बिजली आपूर्ति में बाधा आती है। डॉ. गोयल ने 1912 बिजली शिकायत सेवा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से और अधिक प्रभावी तथा उपभोक्ता-अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ऐसी कंपनियों से विद्युत पोल खरीदे जाएं, जो आंधी और तूफान में कम क्षतिग्रस्त होते हों। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में यूपीपीसीएल की टीमें 24 घंटे बिजली व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए ट्रांसफार्मरों, फीडरों और अन्य उपकरणों का नियमित अनुरक्षण किया जा रहा है।

दिन और रात दोनों समय फील्ड में तैनात कर्मचारी संभावित खराबियों को समय रहते दूर कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित 18 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति की जा रही है। कहीं स्थानीय तकनीकी खराबी आने पर भी कम से कम समय में आपूर्ति बहाल की जा रही है। प्रदेश में विद्युत सामग्री, सुरक्षा उपकरण और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता है। बैठक में यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक नीतीश कुमार, विजिलेंस के अपर पुलिस महानिदेशक आर.के. सोनकर तथा सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एलडीए के विकास कार्यों की होगी जीआईएस टैगिंग, एक क्लिक में मिलेगी पूरी जानकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने विकास कार्यों में पारदर्शिता और बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) टैगिंग व्यवस्था लागू करने की तैयारी तेज कर दी है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अवस्थापना निधि समेत विभिन्न मदों से कराए जा रहे विकास कार्यों का पूरा ब्योरा एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। इससे एक ही कार्य के लिए अलग-अलग विभागों द्वारा टेंडर जारी होने जैसी गड़बड़ियों पर रोक लगेगी।एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल (पीएमसी) जीआईएस पोर्टल पर विशेष मॉड्यूल तैयार कर रहा है। प्राधिकरण के अनुसार इस मॉड्यूल का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। प्रथमेश कुमार ने बताया कि पूर्व में कई मामलों में नगर निगम और एलडीए द्वारा एक ही विकास कार्य के लिए अलग-अलग टेंडर जारी होने की स्थिति सामने आई थी। नई प्रणाली लागू होने के बाद किसी भी परियोजना का पूरा विवरण डिजिटल पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा, जिससे ऐसी त्रुटियों की संभावना समाप्त हो जाएगी। जीआईएस टैगिंग के तहत प्रत्येक विकास कार्य का स्थान, कार्य प्रारंभ होने की तिथि, पूर्ण होने की समय-सीमा, निर्माण कराने वाली संस्था तथा परियोजना की लागत दर्ज की जाएगी। इसके अलावा शहर के सभी जोनों में चल रहे विकास कार्यों की अद्यतन जानकारी भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवस्थापना निधि से कराए गए सभी विकास कार्यों का जीआईएस टैगिंग कार्य पूरा कर लिया गया है। अब अन्य योजनाओं और परियोजनाओं का विवरण भी पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीआईएस पोर्टल पर अलग-अलग वर्षों के विकास कार्यों को रंग-कोड (कलर कोड) के माध्यम से चिह्नित किया जाएगा। संबंधित रंग पर क्लिक करते ही उस वर्ष के सभी विकास कार्यों का पूरा विवरण सामने आ जाएगा। इससे परियोजनाओं की निगरानी, समीक्षा और समन्वय पहले की तुलना में अधिक आसान और पारदर्शी हो सकेगा।

## सरकारी कर्मचारियों की तरह ऊर्जा निगम कर्मियों को भी मिले भत्तों में बढ़ोतरी : संघर्ष समिति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री द्वारा राज्य सरकार के कर्मचारियों के भत्तों में की गई बढ़ोतरी का स्वागत करते हुए ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों और संविदा कर्मियों को भी समान राहत देने की मांग की है।समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय कर्मचारियों के हित में एक सकारात्मक और सराहनीय कदम है। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन तथा अन्य ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों, विशेषकर निम्न वेतनभोगी कर्मियों के वेतन और भत्तों में भी राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर शीघ्र वृद्धि की जाए। संघर्ष समिति का कहना है कि बढ़ती महंगाई के कारण ऊर्जा निगमों के हजारों कर्मचारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इसलिए उन्हें भी समान रूप से राहत प्रदान की जानी चाहिए। समिति ने मांग की कि कम वेतन पर कार्यरत संविदा कर्मियों को बिना विलंब आउटसोर्स निगम में शामिल किया जाए, ताकि उन्हें सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सेवा संबंधी सुविधाएं मिल सकें। समिति ने मुख्यमंत्री से मार्च 2023 के आंदोलन के बाद बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं के विरुद्ध शुरू की गई सभी उत्पीड़नात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाइयों को समाप्त करने की भी मांग की। साथ ही आंदोलन के दौरान सेवा से हटाए गए संविदा कर्मियों को तत्काल बहाल करने का आग्रह किया। संघर्ष समिति ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का न्यायपूर्ण समाधान होगा। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, औद्योगिक सौहार्द मजबूत होगा और प्रदेश की विद्युत व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं उपभोक्ता हितैषी बन सकेगी।

## प्रशासक नियुक्त पर हाईकोर्ट ने मांगा सरकार से जवाब

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के निर्वाचित ग्राम प्रधानों के स्थान पर प्रशासक नियुक्त किए जाने के राज्य सरकार के 25 मई 2026 के आदेश को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार से दो दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।जनहित याचिका अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा ने स्वयं न्यायालय में प्रस्तुत की। याचिका में दावा किया गया है कि ग्राम प्रधानों के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति संविधान के 73वें संशोधन, पंचायती राज व्यवस्था और संबंधित वैधानिक प्रावधानों के विपरीत है तथा इससे ग्रामीण लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित होती है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने याचिका में उठाए गए मुद्दों पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया। अदालत ने राज्य सरकार को दो दिन के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी आवश्यक निर्देशों के अनुपालन के लिए तलब किया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता संजय कुमार शर्मा ने कहा कि यह मामला केवल ग्राम प्रधानों का नहीं, बल्कि प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं की संवैधानिक स्वायत्तता, लोकतांत्रिक मूल्यों और ग्रामीण स्वशासन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने न्यायालय से प्रशासकों की नियुक्ति संबंधी आदेश को निरस्त करने तथा पंचायत चुनाव शीघ्र कराने का अनुरोध किया है। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई 2026 को वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय एवं न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ में होगी।

## साइबर युग में बदले अपराध के तरीके: डॉ जीके गोस्वामी

### अब डेटा ही सबसे बड़ा हथियार, डीएनए और एआई लैब में देखीं फॉरेंसिक की बारीकियां

**स्वतंत्र ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक क्षमता को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में रक्षा लेखा विभाग, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के 40 अधिकारियों को साइबर सुरक्षा और फॉरेंसिक की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि भौतिक दुनिया से निकलकर अपराध अब डिजिटल दुनिया में पैर पसार चुका है। तकनीक के इस दौर में यदि हम सतर्क नहीं रहे, तो कभी भी साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज जिसके पास जितना अधिक डेटा है, वह उतना ही शक्तिशाली है। दुनिया के कई देश सिर्फ इसलिए ताकतवर हैं, क्योंकि वे अपनी तकनीक और डेटा किसी से साझा नहीं करते। पुलिस उप महानिरीक्षक हेमराज मीना ने अधिकारियों को साइबर फॉरेंसिक के



बढ़ते महत्व से रूबरू कराया। इन अफसरों ने संस्थान की अत्याधुनिक डीएनए और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने देखा कि कैसे आधुनिक तकनीक और फॉरेंसिक साइंस मिलकर पेचीदा मामलों को सुलझाते हैं।डॉ. इंद्रजीत ने साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं पर विशेष व्याख्यान दिया और जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने संचालन किया। वहीं, उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष सत्र के दौरान संस्थान के उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, डॉ. आनंद प्रकाश, अमित मिश्र, राहुल द्विवेदी, डॉ. पलक, शैलेन्द्र सिंह और कार्तिकेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### अज्ञात युवक का शव मिला

**स्वतंत्र भारत दुबग्गा लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के कटौली स्थित खेल मैदान के पास सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### महिला को ट्रक ने रौंदा, मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कसाई बाड़ा गली निवासी मोहम्मद अकरम के मुताबिक, उनकी बहन आसमा (35) मंगलवार सुबह करीब छह बजे पेट्रोल पंप तिराहे की तरफ जा रही थीं। हासिम पंचर वाले की दुकान के सामने पेट्रोल पंप कसाई बाड़ा तिराहे पर सामने से आए ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बहन को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और वाहन के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले पुरुष और महिला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से जमीन की रजिस्ट्री कराने के आरोप में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ 7 लाख रुपये ठगने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक बीते 6 जुलाई को अंजली कश्यप ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों ने आबादी की जमीन बताकर धोखाधड़ी करते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन की रजिस्ट्री कराई और उनसे 7 लाख रुपये ले लिए। वहीं पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उन्हें एससी/एसटी मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। मंगलवार को पुलिस टीम को सूचना मिली कि आरोपी रामप्रकाश उर्फ ओमप्रकाश और उनकी पत्नी मीना अपने घर पर मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तुरंत दबिश दी और दोनों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से आबादी की जमीन बताकर रजिस्ट्री कराने और 7 लाख रुपये लेने की बात स्वीकार की।

### धर्म और धन की राजनीति का अंत हो गया : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा की ÷धर्म÷ और ÷धन÷ दोनों की राजनीति समाप्त हो चुकी है। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों, महंगाई और कथित चढ़ावा प्रबंधन के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार को निशाने पर लिया।अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में अपेक्षित कमी नहीं की जा रही है।

## दो छात्रों का अपहरण : ऑनलाइन ट्रांसफर कराए 20 हजार रुपए, चार गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र में दो युवकों का अपहरण कर उनसे ऑनलाइन 20 हजार रुपए ट्रांसफर कराने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने दो घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों अपहृत युवकों को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बस्ती हरैया के बरहपुर कुंवर गांव निवासी राम सुरेश चौधरी ने 6 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके भतीजे निर्भय वर्मा (21) और उसके साथी अभिषेक वर्मा का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। आरोपियों ने दोनों युवकों को बंधक बनाकर उनके मोबाइल से 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद परिवार को कॉल करके एक लाख रुपए की डिमांड करने लगे।शिकायत मिलते ही बीबीडी थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीमों का गठन किया गया। टेक्निकल साक्ष्यों, सर्विलांस और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस को आनंदी वाटर पार्क के आसपास आरोपियों की मौजूदगी की जानकारी मिली। इसके बाद घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और दोनों अपहृत युवकों को सकुशल मुक्त करा लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बस्ती निवासी अभय चौधरी (19), प्रतापगढ़ निवासी नवनीत तिवारी उर्फ गोलू (20), मऊ निवासी पीयूष राज (19) और गोरखपुर निवासी आर्यन सिंह (18) के रूप में हुई है। सभी आरोपी अलग-अलग कोर्स की पढ़ाई कर रहे हैं, मौजूदा समय में बीबीडी क्षेत्र में किराए पर रह रहे थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से दोनों युवकों का अपहरण कर उन्हें अपने कब्जे में रखा और दबाव बनाकर उनके खातों से 20 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में जबरन धन उगाही से संबंधित धारा भी बढ़ाई गई है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जिलों से जुटाई जा रही है।

## महिला समेत चार ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** नोएडा जिले की थाना बादलपुर क्षेत्र के अच्छेजा गांव में ब्याही एक 24 वर्षीय महिला का शव पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिला के ससुराल वालों का कहना है कि उन्होंने आत्महत्या किया है। इसी तरह अन्य मामलों में चार लोगों ने खुदकुशी की हैं। थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम अच्छेजा निवासी सोनू पासवान की पत्नी सोनी (24) का शव सोमवार की रात को उनके घर पर पंखे के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मृतका के पति सोनू सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। वह किसी काम से बाहर था। मृतका के मायके वालों ने पुलिस को बताया कि सोनू पासवान से शादी से पूर्व महिला की शादी सोनू के बड़े भाई से हुई थी। उनकी बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। उसके बाद तीन माह पहले ही दोनों परिवार की रजामंदी से सोनी की शादी उसके देवर से करवा दी थी। पहले पति से उसका एक बेटा है। घटना के समय बेटा भी घर पर मौजूद था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान मृतका के ससुराल वालों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने आत्महत्या किया है। पुलिस मामले की जांच करेगी।

## दो बच्चों की मां जेवर लेकर प्रेमी संग फरार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** राजधानी के गोसाईगंज में एक महिला अपने दो बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति ने आरोप लगाया है कि महिला घर से लाखों रुपये के जेवर भी साथ ले गई है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। मगहुआ (डीहा) गांव निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी रूबी (लगभग 27) 5 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 1 बजे कूड़ा फेंकने के बहाने घर से निकली थी। वह अपने पड़ोस में रहने वाले प्रेमी सनी पुत्र जगदीश के साथ भाग गई। पीड़ित ने बताया कि उसकी शादी रूबी से करीब 12 साल पहले हुई थी और उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक 9 साल का बेटा और एक 7 साल की बेटी शामिल है। रूबी अपने साथ बक्से में रखे सोने का एक माला, एक जोड़ी सोने के झुमके, एक जोड़ी चांदी की पायजेब, एक जोड़ी चांदी की पायल और दो जोड़ी बिछिया लेकर भाग गई है।शिकायत के अनुसार, रूबी ने बक्से की चाबी का इस्तेमाल कर ताला खोला और जेवर निकाले। नरेंद्र ने बताया कि उसने और उसके परिवार ने रूबी और सनी की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। सनी भी शादीशुदा है और उसके भी दो बच्चे हैं। नरेंद्र ने पुलिस से शिकायत पत्र देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पीड़ित ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की ।

## साली से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

### युवती का धर्म परिवर्तन कराकर किया निकाह


**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी शहर विकासनगर इलाके में हिंदू युवती का धर्म परिवर्तन कर निकाह करने और उसकी छोटी बहन से दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ राजधानी के अलग-अलग थानों में लूट, चोरी, जालसाजी, गैंगस्टर और एनडीपीएस एक्ट समेत करीब 29 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। विकासनगर थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया पीड़िता ने 3 जुलाई को मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में बताया कि करीब नौ साल पहले जियाउद्दीन ने उसका धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किया था। कुछ समय पहले उसकी छोटी बहन उनके घर आई थी। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की और ब्लैकमेल कर लगातार यौन शोषण करता रहा।पीड़िता की छोटी बहन ने परेशान होकर पूरी घटना अपनी बड़ी बहन को बताई। दोनों बहनों ने विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने विकासनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह और उनकी टीम ने रविवार को आरोपी जियाउद्दीन को सीतापुर रोड से इटौंजा जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से सीतापुर कमलापुर गवईया गांव का रहने वाला है और मौजूदा समय में लखनऊ के टेढ़ी पुलिया क्षेत्र में रह रहा था। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में लूट, चोरी, जालसाजी, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में करीब 29 मुकदमे दर्ज हैं।

## शातिर चोर गिरफ्तार, मोबाइल समेत 900 रुपये बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने चोरी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन, एक ब्लूटूथ ईयरबड और 900 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह गिरफ्तारी सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में हुई।यह मामला 6 जुलाई 2026 को उपमा सेन पत्नी मधुसूदन अग्रहरी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से जुड़ा है। उपमा सेन ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनके माढरमऊ स्थित घर में घुसकर एक मोबाइल, पर्स से 2000 रुपये और अलमारी से 7-8 हजार रुपये चोरी कर लिए गए थे। पूछताछ मेंआरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी राज निवासी सोनई के साथ मिलकर माढरमऊ कला स्थित एक मकान में गेट से कूदकर चोरी की थी। उन्होंने कमरे से एक मोबाइल और लगभग 9000 रुपये चुराए थे। आरोपी घरों के आसपास घूमते रहते थे और जब कोई घर बंद करके बाहर जाता था, तो वे घर में कूदकर ताला तोड़कर सामान चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए सामान को वे सस्ते दामों पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे।

## थाना प्रभारी की विदाई

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी के स्थानांतरण पर मंगलवार को थाना परिसर में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विवेक कुमार चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष, संवेदनशील एवं जनहितैषी कार्यशैली से क्षेत्रवासियों का विश्वास अर्जित किया। उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि थाना प्रभारी ने हमेशा टीम भावना के साथ कार्य किया और सभी अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमाशंकर सिंह उपनिरीक्षक अपराध दिनेश कुमार पाठक चौकी प्रभारी हरदोइया ऋषभ पांडेय उपनिरीक्षक अनुज भाटी रजनीश कुमार हिमांशु पाण्डेय राकेश कुमार मिश्रा नारायण प्रसाद दुबे सुरेश कुमार मिश्रा महिला उपनिरीक्षक अल्पा कटियार हेड कांस्टेबल जान मोहम्मद नितेश कुमार वर्मा आरक्षी पवन कुमार यादव सुरजीत वर्मा नीलेश पाल व किसान यूनियन के मंडल महामंत्री हरिपाल वर्मा समेत अन्य गणमान्य व थाना स्टाफ के महिला व पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।





# छत से महिला को अगवा कर जंगल में दुष्कर्म का आरोप

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के मोहनलालगंज क्षेत्र में महिला के साथ कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को घटना के दो दिन के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की तहरीर, बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोप प्रथम दृष्टया सत्य पाए गए, जिसके बाद विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी।पुलिस के अनुसार पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि 4 जुलाई 2026 की रात लगभग 11:30 बजे वह अपने घर की छत पर सो रही थी। रात में पानी पीने के लिए नीचे उतरने के दौरान गांव निवासी अजय कुमार उसके पीछे आ गया। आरोप है कि उसने महिला का मुंह दबाकर जबरन उसे घर से उठाकर पास के जंगल में ले गया और वहां उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई। घटना की सूचना मिलने पर मोहनलालगंज थाने में पीड़िता की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज करने के साथ अन्य आवश्यक साक्ष्य जुटाए, जिनके आधार पर आरोपी के विरुद्ध आरोपों की पुष्टि होने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई।सोमवार 6 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हरिकंशगढ़ी अंडरपास के पास से आरोपी अजय कुमार (37 वर्ष), निवासी ग्राम एवं पोस्ट गोपालखेड़ा, थाना मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस के समक्ष घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि उसने नशे की हालत में यह अपराध किया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले की विवेचना जारी है और पुलिस अन्य सभी पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है।इस कार्रवाई को वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवंत सिंह, उपनिरीक्षक शिव कुमार तथा आरक्षी सोहित कुमार की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई और निष्पक्ष विवेचना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# हर युवा को कौशल, रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता : कपिल देव

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीक, उद्योगों की जरूरतों और रोजगारोन्मुखी कौशल से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की सभी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक युवा को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें।बैठक में मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना भी है। इसके लिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कौशल विकास योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी पूरी जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।कपिल देव अग्रवाल ने वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक से अधिक अल्पकालिक एवं रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल, डिजिटल शिक्षा, संवाद कौशल, साक्षात्कार की तैयारी, जीवन-वृत्त (रिज्यूमे) लेखन तथा व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों को भी शामिल किया जाए, जिससे प्रशिक्षित युवाओं की रोजगार क्षमता और अधिक मजबूत हो सके।उन्होंने अधिकारियों को उद्योगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम



संचालित किए जाएं। साथ ही आईटीआई एवं कौशल विकास संस्थानों में आयोजित रोजगार मेलों की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाई जाए, ताकि इच्छुक अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।बैठक के दौरान अटल आवासीय विद्यालयों में संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही अगले माह से आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को भी तकनीकी दक्षता हासिल करने का अवसर मिलेगा।मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलता हासिल करने वाले युवाओं की प्रेरक कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उनके वीडियो, अनुभव और उपलब्धियों को सामाजिक मीडिया सहित अन्य माध्यमों से साझा किया जाए, ताकि अधिक से अधिक युवा कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित हों।उन्होंने प्रशिक्षण संस्थानों में रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, सीएनसी, डिजिटल विनिर्माण तथा इंडस्ट्री 4.0 जैसी आधुनिक तकनीकों से संबंधित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया। साथ ही उद्योगों के साथ साझेदारी मजबूत करने, प्रशिक्षण सामग्री को समय-समय पर अद्यतन करने तथा विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए।बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ समन्वय, डिजिटल मंचों, प्रशिक्षण भागीदारों, निर्माण कार्यों तथा भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता वृद्धि, ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार, प्रशिक्षण भागीदारों के प्रदर्शन मूल्यांकन तथा लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के अंत में कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी कौशलयुक्त मानव संसाधन वाला राज्य बनाने के लिए विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, प्रत्येक प्रशिक्षित युवा को रोजगार अथवा स्वरोजगार का अवसर मिले तथा प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए, यही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 20 नवंबर तक पूरी होंगी पर्यटन विकास की परियोजनाएं : जयवीर सिंह

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्थाओं को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है और एक करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं को नवंबर 2026 तक पूरा कर लोकार्पण किया जाएगा।उन्होंने बताया कि सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए गए थे कि स्वीकृत परियोजनाओं का कार्य 20 मई 2026 तक प्रत्येक स्थिति में प्रारंभ कर दिया जाए। इसी क्रम में विभिन्न संस्थाएं आवंटित परियोजनाओं पर तेजी से काम कर रही हैं।मंत्री ने बताया कि राजकीय निर्माण निगम को 32 परियोजनाएं आवंटित की गई थीं। इनमें से 30 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है, जबकि दो परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को आवंटित 65 परियोजनाओं में 61 पर कार्य शुरू कराया जा चुका है, एक परियोजना पूरी हो चुकी है और शेष पर निविदा संबंधी कार्रवाई चल रही है।उन्होंने बताया कि आवास विकास परिषद को सौंपी गई 75 परियोजनाओं में से 41 पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि 32 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया जारी है। वहीं उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा स्वीकृत 305 परियोजनाओं की निविदाएं प्रकाशित की जा चुकी हैं। इनमें से 247 परियोजनाओं के कार्यादेश जारी हो चुके हैं तथा 58 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है।

जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीपीसीएल को विशेष रूप से 24 परियोजनाएं 20 मई 2026 तक प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए थे, जिनमें से 20 परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है, जबकि चार परियोजनाएं अभी निविदा प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार सीएंडडीएस को आवंटित 126 नई परियोजनाओं में से 113 परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है और 13 परियोजनाओं में निविदा की प्रक्रिया चल रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पर्यटन विकास की परियोजनाएं विरासत संरक्षण, सांस्कृतिक धरोहरों के जीर्णोद्धार और पर्यटन सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखकर स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों को बेहतर सुविधाओं से जोड़ते हुए प्रदेश में पर्यटन को नई गति देना है।पर्यटन मंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में निवेश और रोजगार की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार इस क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं को आवंटित सभी पर्यटन विकास परियोजनाओं को 20 नवंबर 2026 तक पूरा कर आम जनता को समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# ‘मैदान की मिट्टी जीत-हार नहीं, उठना सिखाती है’: खिलाड़ियों के नाम मुख्यमंत्री का संदेश

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में खेलों के बढ़ते स्तर, खिलाड़ियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और विकसित हो रही खेल संस्कृति पर प्रदेशवासियों, विशेषकर युवा खिलाड़ियों के नाम एक प्रेरणादायी पाती लिखी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘मैदान की मिट्टी जीत-हार नहीं, बल्कि हर बार गिरकर फिर से उठना सिखाती है।’ उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश विकास के साथ-साथ अब खेलों में भी देश का नंबर-1 राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा अपनी प्रतिभा, मेहनत और अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुरुष टीम के पहली बार चैंपियन बनने और कुल 20 पदक जीतकर नया इतिहास रचने पर खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि प्रदेश में खेलों के क्षेत्र में किए गए प्रयास अब परिणाम देने लगे हैं।उन्होंने अंडर-18 हॉकी एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम में उत्तर प्रदेश के पांच खिलाड़ियों के योगदान की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की स्टार क्रिकेटर दीप्ति शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी, पैरा धाविका सिमरन शर्मा तथा युवा खिलाड़ी वंशिका अग्रवाल की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण से उत्तर प्रदेश का नाम देश और दुनिया में रोशन किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के कौशल विकास और उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान, हर विकास खंड में मिनी स्टेडियम तथा हर जनपद में आधुनिक स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण अंतिम चरण में है, जबकि भविष्य में हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। खेल बच्चों और युवाओं में अनुशासन, समर्पण, सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं।मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि खेल भावना केवल मैदान तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनती है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश के युवा इसी ऊर्जा, समर्पण और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहे तो उत्तर प्रदेश न केवल खेलों में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा, बल्कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## खबर एक नज़र

### बीबीएयू के प्रो. नवीन अरोड़ा के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका ने रचा कीर्तिमान

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा के नेतृत्व में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका ‘एन्वॉयरमेंटल सस्टेनेबिलिटी’ ने अपने प्रकाशन के आठ वर्ष सफलतापूर्वक पूरे करते हुए वैश्विक स्तर पर नई उपलब्धि हासिल की है। विश्व की प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था स्प्रिंगर नेचर द्वारा जून 2018 में शुरू की गई इस शोध पत्रिका को क्लैरिवेट (वेब ऑफ साइंस) की नवीनतम जर्नल सिटेशन रिपोर्ट में 4.6 का इम्पैक्ट फैक्टर प्राप्त हुआ है, जो पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में इसकी उत्कृष्ट गुणवत्ता और बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रमाण माना जा रहा है।पर्यावरण विज्ञान एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान के क्षेत्र के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा के प्रधान संपादकत्व में प्रकाशित यह शोध पत्रिका अपेक्षाकृत कम समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल रही है। अकादमिक जगत में 4.0 से अधिक का इम्पैक्ट फैक्टर किसी भी शोध पत्रिका की उच्च वैज्ञानिक गुणवत्ता, व्यापक स्वीकार्यता और शोध प्रभाव का महत्वपूर्ण मानक माना जाता है। यह उपलब्धि इस पत्रिका को भारत की पर्यावरण एवं जैविक विज्ञान विषयक अग्रणी शोध पत्रिकाओं की श्रेणी में स्थापित करती है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा और पूरी संपादकीय टीम को बधाई दी। वर्ष 2024 में इसे पहला 3.0 इम्पैक्ट फैक्टर मिला था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 4.6 हो गया। यह वृद्धि पत्रिका के उत्कृष्ट उद्धरण प्रदर्शन और वैश्विक शैक्षणिक प्रभाव को दर्शाती है।यह शोध पत्रिका पर्यावरण एवं जैविक विज्ञान से जुड़े उच्च गुणवत्ता वाले शोध लेख प्रकाशित करती है और शोधार्थियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों तथा विद्यार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा समीक्षित शोध सामग्री उपलब्ध कराती है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक विज्ञान, अभियांत्रिकी और नीतिगत पहलुओं के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सतत विकास आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देना है। आठ वर्षों की इस उपलब्धि के अवसर पर शोध पत्रिका ने विश्वभर के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं से पर्यावरणीय स्थिरता से जुड़े उच्च गुणवत्ता वाले शोध-पत्र आमंत्रित किए हैं।बीबीएयू के लिए यह उपलब्धि विशेष महत्व रखती है। प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा का प्रधान संपादक के रूप में सफल नेतृत्व न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहचान को और अधिक सुदृढ़ किया है तथा वैश्विक शोध जगत में बीबीएयू की साख को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### अयोध्या में ‘सोने से भरा बैग’ मिलने की वायरल कहानी निकली झूठी, मोहनलालगंज पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे उस संदेश का मोहनलालगंज पुलिस ने पूरी तरह खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया था कि मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कुछ लोगों को अयोध्या में सोने से भरा बैग मिला, उसके बंटवारे को लेकर विवाद हो गया और पुलिस चौकी माल अपने कब्जे में लेकर बाद में उसे नकली बता दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह पूरा संदेश पूरी तरह असत्य, भ्रामक और निराधार है तथा इसका वास्तविक घटनाक्रम से कोई संबंध नहीं है।पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मगत खेड़ा निवासी हर्ष यादव, पुष्पेंद्र यादव, सौरभ शर्मा, प्रांशु यादव और पुष्कर 2 जुलाई 2026 को अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। दर्शन कर लौटते समय हर्ष यादव की सोने की चेन कहीं गुम हो गई। चेन नहीं मिलने पर हर्ष यादव ने अपने साथ गए साथियों पर संदेह जताते हुए मोहनलालगंज थाने में प्रार्थना पत्र दिया।पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामले की जांच शुरू की और सभी संबंधित लोगों से पूछताछ की। जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति के कब्जे से कोई सोने का आभूषण, सोने से भरा बैग या अन्य कोई कीमती सामान बरामद नहीं हुआ। पुलिस को ऐसी कोई भी वस्तु नहीं मिली, जिससे सोशल मीडिया पर प्रसारित दावों की पुष्टि हो सके।जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पूरे विवाद की वजह केवल सोने की चेन गुम होने का संदेह था। इसी बात को लेकर साथ गए लोगों के बीच आपसी कहासुनी हुई थी। बाद में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर लिया और किसी प्रकार का कोई विवाद शेष नहीं रहा।मोहनलालगंज पुलिस ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर यह प्रचारित किया जाना कि अयोध्या में सोने से भरा बैग मिला, पुलिस ने उसे बरामद किया और बाद में नकली बता दिया, पूरी तरह मनगढ़ंत और तथ्यहीन है। इस प्रकार की भ्रामक जानकारी लोगों को गुमराह करने का प्रयास है।पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समाचार या संदेश को सत्यापित किए बिना उस पर विश्वास न करें और न ही उसे सोशल मीडिया पर साझा करें। पुलिस का कहना है कि अफवाह फैलाने वाले संदेश सामाजिक भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। ऐसे मामलों में यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर भ्रामक और झूठी सूचनाएं प्रसारित करता है तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है।मोहनलालगंज पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि किसी भी घटना की सही जानकारी केवल पुलिस अथवा अधिकृत सरकारी स्रोतों से ही प्राप्त करें और सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट सूचनाओं से सावधान रहें।

# जलालाबाद का नाम ‘परशुरामपुरी’ किए जाने का एके शर्मा ने किया स्वागत

स्वतंत्र भारत लखनऊ।। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शाहजहांपुर जनपद की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के कस्बे एवं नगर जलालाबाद का नाम बदलकर ‘परशुरामपुरी’ किए जाने के मंत्रीपरिषद के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम बताया है।उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्रीपरिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला प्रदेश की जनता की भावनाओं, जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही मांग तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप है। इससे भगवान परशुराम से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को नई पहचान मिलेगी तथा प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।ए.के. शर्मा ने कहा कि यह सर्वविदित है कि शाहजहांपुर स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली तथा महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली का नाम मुगल शासनकाल में बदलकर जलालाबाद कर दिया गया था। लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक इस पवित्र स्थल का नाम भगवान परशुराम के नाम पर ‘परशुरामपुरी’ किए जाने की मांग कर रहे थे। अब मंत्रीपरिषद के निर्णय से करोड़ों श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान हुआ है।उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा अनापत्ति दिए जाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मंत्रीपरिषद ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और अधिक सशक्त होगी। यह निर्णय सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके तहत प्राचीन परंपराओं, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है।नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार ऐसे निर्णय ले रही है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों और जनभावनाओं का सम्मान करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि परशुरामपुरी नाम से यह पवित्र स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से भी नई पहचान स्थापित करेगा।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 17वाँ0 (वि0/याँ0) वृत्त लो0नि0वि0 लखनऊ

पत्रांक:- 1574/2CBW(अयो0खे0)-17E/M/2026-27 दिनांक: 02-07-2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, 17वाँ0 (वि0/याँ0) वृत्त लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 09.07.2026 से दिनांक 03.08.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 03.08.2026 अपराह्न 12:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने की अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के ए0डी0जे0 कोर्ट एवं फैमिली कोर्ट (नई बिल्डिंग) के डी0जे0 तथा ए0डी0जे0 कोर्ट के कक्षों एवं विश्राम कक्षों में ए0सी0 स्थापना का कार्य। | 24.86 + GST Extra | 2.49 | 03 Months | 854.00 | लो0नि0वि0 में विद्युत कार्यों हेतु ‘ए’ श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, जिन्हें समान कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो। |

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42आ0टी0/2017(22) दिनांक 03/01/2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन पहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदाओं से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट पर https://etender.up.nic.in उपलब्ध हैं।

(अखिलेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
वि0/याँ0खण्ड,लो0नि0वि0,
अयोध्या

(आर0एम0श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता
17वाँ (वि0/याँ0) वृत्त,लो0नि0वि0,
लखनऊ

उ0प्र0 253379 दिनांक- 06.07.2026 Website: www.upgov.nic.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बाराबंकी।

पता- निकट विकास भवन, बाराबंकी

पत्रांक- 335/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा आम/2026-27 दिनांक- 24.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेण्ट**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बाराबंकी द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिशत दर पर निम्नलिखित अधिकृत पंजीकृत ठेकेदार/फर्म श्रेणी A,B,C एवं D श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार से दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक अथवा सभी कार्यों की निविदा डाली जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 छोड़कर (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत (2025-26) | | | | |
| 1 | श्री गुरुकुल संस्कृत माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ बाराबंकी में 03 शिक्षण कक्ष, कार्य मरम्मत कार्य रंगाई-पुताई, बाउण्ड्री, शौचालय निर्माण बालक-बालिका पृथक-पृथक, पेय जल व्यवस्था का कार्य। | 19.80 | 0.40 | 854 | 03 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 15.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय- 16.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे।
4. प्री बिड मीटिंग की तिथि एवं समय- 17.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय- 18.07.2026 को प्रातः 10:00 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय- 24.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय- 24.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आम-लाईन वेब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0 के कॉलम-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्बन्धित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। [illegible]

(इं0 ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-बाराबंकी।

उ0प्र0 253387 दिनांक- 06.07.2026
Website: www.upgov.nic.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

पत्रांक 863/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/निर्माण/2026-27 दिनांक 24.06.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी. एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रु0 में (जीएसटी छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | वित्तीय वर्ष 2026-27 में मातृभूमि योजनान्तर्गत। | | | | |
| 01 | गोण्डा | ग्राम पंचायत जानकीनगर विकास खण्ड इटियाथोक के जलाशय सौन्दर्यीकरण का निर्माण कार्य। | 32.90 | 0.66 | 300+500+GST | चार माह |

2. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 16.07.2026 से 23.07.2026 तक।
3. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-23.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-23.07.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे।
5. निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गोण्डा

उ0प्र0 253431 दिनांक- 07.07.2026
Website: www.upgov.nic.in

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## दबाव में अर्थव्यवस्था

यह मानने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था एक बार फिर दबाव से प्रभावित हो रही है। बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर की गिरावट और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि दर भी धीमी पड़ गई है। यही नहीं, नई कारोबारी मांग और अंतर्राष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर सुस्त रहने से वस्तुओं की खरीद, रोजगार सृजन और उत्पादन की गति भी कम हो गई है। स्थिति यह है कि कुछ उपक्रमों को छोड़ दिया जाए तो देश के ज्यादातर क्षेत्रों की वृद्धि गिर रही है। यह तो सही है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए संकट का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ना ही था लेकिन समय रहते इसके लिए वैकल्पिक उपाय न खोजा जाना अब भारी पड़ रहा है। यह तब हुआ जब संकट की आशंकाएं बराबर व्यक्त की जा रही थीं। स्थिति संभालने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दावे तो होते रहे लेकिन इनके ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जून में भारतीय वस्तुओं की अंतर्राष्ट्रीय मांग में वृद्धि की गति उन्तालीस महीनों में सबसे कमजोर रही। स्पष्ट है कि भारतीय निर्यात कारोबार किस सीमा तक प्रभावित हुआ है। इसमें कई कंपनियों ने माना है कि हाल के दिनों में उनको नई नियुक्तियां रोकनी पड़ीं या उन्हें कम कर दिया गया। यानी लोगों को रोजगार देने के मोर्चे पर भी नई कठिनाइयों से दो चार होना पड़ा। दूसरी ओर मांग तथा बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा भी कमजोर पड़ा। विशेष रूप से विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों को लेकर रुख असमंजस भरा रहा। नतीजा यह है कि विदेशी निवेश की निकासी का सिलसिला अभी भी जारी है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि स्थिति सामान्य होने की उम्मीद को लेकर भी भरोसे में कमी आ रही है। इसलिए अगले एक वर्ष में उत्पादन बढ़ने का अनुमान लगाने वाली कंपनियों का अनुपात इस वर्ष मई की तुलना में जून में आधा रह गया है। गंभीरता से ध्यान देने का विषय यह भी है कि तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में संघर्ष से कीमतें बढ़ने के बाद कमर्शियल एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में पिछले दिनों पहली बार कटौती की लेकिन सवाल यहां यह है कि क्या यह राहत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आई कमी के समान अनुपात में है। कई बार देखा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बहाने देश में ईंधन के दाम बढ़ा दिए जाते हैं लेकिन जब वैश्विक बाजारों में कीमतें घटती हैं तो उसके अनुरूप कदम नहीं उठाए जाते। इसलिए सरकार को नीतियों का नए सिरे से निर्धारण तो करना ही चाहिए, वित्तीय कामकाज में विसंगतियां भी दूर करनी होंगी। इसके लिए कुछ कड़े निर्णय लेने पड़ सकते हैं लेकिन मौजूदा वक्त देश की अर्थव्यवस्था की मांग यही है।

## यूपी में सौर ऊर्जा

ऊर्जा के विकल्प के रूप में जब सौर ऊर्जा के इस्तेमाल का विचार सामने आया, तब ज्यादातर लोगों को इसके आसानी से सुलभ होने तथा प्रयोग कर सकने को लेकर संदेह था लेकिन अगर कोई काम अच्छा हो तो वह भी जल्दी सामने आ ही जाता है। सौर ऊर्जा की सुलभता को लेकर भ्रम जल्दी ही दूर हुए और आम लोगों के बीच वह लगातार लोकप्रिय होती गई। सरकार ने इसके लिए एक योजना बनाई और अब उस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर लोगों ने इतना भरोसा जताया कि इसके क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। प्रदेश अब सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। यहां अब तक करीब सवा छह लाख घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लग चुके हैं। यह निर्धारित लक्ष्य के पचास प्रतिशत से अधिक है। इससे देश में कुल घरेलू सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन में यूपी की हिस्सेदारी लगभग सत्रह प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश इस साल लगातार मार्च, अप्रैल और मई में पचास-पचास हजार से ज्यादा सोलर इंस्टॉलेशन करने वाला देश का पहला राज्य भी बन गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए यह वास्तव में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सौर ऊर्जा का प्रयोग यहां जितना अधिक बढ़ता जाएगा, बिजली की जरूरत उतनी ही कम पड़ेगी। इस तरह बचने वाली सरप्लस बिजली का इस्तेमाल कृषि, औद्योगिक इकाइयों व अन्य जगहों की जरूरतें पूरी करने में किया जा सकेगा। बिजली ऐसी चीज है जिसे बचाना भी एक तरह से उसका उत्पादन माना जाता है। जिस तरह से दिनोंदिन इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है और आपूर्ति में समस्याएं आ रही हैं, उसे देखते हुए आवश्यक है कि इसके विकल्पों को आजमाया जाए। इस मामलें में सौर ऊर्जा किफायत के साथ उपयोग किए जाने वाले विकल्प के रूप में उभरी है। अब जब पीएम सूर्य घर योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है तो जरूरत यह भी है कि इसकी सुविधा प्राप्त करने में आने वाली अनावश्यक बाधाओं को सरल बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इसके लिए औपचारिकताओं को न्यूनतम रखना तथा केवल जरूरी प्रक्रियाओं को अनिवार्य किया जाना अधिक उपयोगी होगा। ऐसा होने पर सौर ऊर्जा अधिकांश घरों की सबसे बड़ी जरूरत बनेगी और पर्यावरण भी शुद्ध बन सकेगा।

## कॉँव-कॉँव

♦♦♦

**चंपत-अनिल को राम राम, कृष्ण मोहन को जिम्मेदारी**
बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते

**बांग्लादेशी घुसपैठियों को पांच साल की सजा**
यानी खाने-रहने का भी फ्री इंतज़ाम कर दिया।

**पशुओं का बीमा कराने पर किस्त का 85 प्रतिशत देगी सरकार**
हे भगवान ! लालची मालिकों से पशुओं की जान की रक्षा करना।

**सपा जीती तभी बचेगा लोकतंत्र : अखिलेश**
यहां लोकतंत्र का आशय सैफई परिवार मान लिया जाए।

**कमजोर मानसून से बढ़ सकती है महंगाई**
मानसून तो बहाना है, महंगाई का मौसम तो सदाबहार है।

**होमगार्डों को पांच लाख के कैशलेस इलाज की सुविधा**
मानदेय बढ़ा देते तो इलाज की जरूरत ही नहीं पड़ती।

♦♦♦

# पतियों की हत्या के बढ़ते मामले

भारत में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि विश्वास, समर्पण, सहयोग और आजीवन साथ निभाने का पवित्र बंधन माना गया है। भारतीय संस्कृति में पति और पत्नी को एक दूसरे का पूरक समझा गया



- महेन्द्र तिवारी

है, जो जीवन की हर परिस्थिति में एक दूसरे का साथ निभाते हैं। यही कारण है कि विवाह संस्था सदियों से भारतीय समाज की सबसे मजबूत नींव रही है। किंतु बदलते समय में अनेक ऐसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं जिन्होंने इस विश्वास को गहरी चोट पहुँचाई है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें पत्नियों पर अपने ही पतियों की हत्या का आरोप लगा। इन घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर रिश्तों में ऐसा कौन सा परिवर्तन आ गया है कि जीवनसाथी ही जीवन का सबसे बड़ा शत्रु बनता जा रहा है।


इस विषय पर चर्चा करते समय तथ्यों की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो पति की हत्या पत्नी द्वारा किए जाने की अलग राष्ट्रीय श्रेणी प्रकाशित नहीं करता। इसलिए पूरे देश के लिए कोई आधिकारिक संख्या उपलब्ध नहीं है। कुछ स्वतंत्र अध्ययनों और पाँच राज्यों के संकलित मामलों के आधार पर वर्ष 2020 से 2024 के बीच लगभग 785 ऐसे मामले सामने आने का उल्लेख किया गया है, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान है कि राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इन अनुमानों को अंतिम या आधिकारिक आँकड़ा नहीं माना जा सकता, लेकिन इतना अवश्य स्पष्ट है कि ऐसी घटनाएँ समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं।

इन घटनाओं का सबसे बड़ा प्रभाव विवाह जैसी पवित्र संस्था पर पड़ता है। विवाह का आधार विश्वास होता है। यदि पति और पत्नी के बीच विश्वास समाप्त हो जाए तो केवल एक परिवार ही नहीं टूटता बल्कि समाज की मूल संरचना भी कमजोर होने लगती है। जब लोग यह सुनते हैं कि किसी पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी या किसी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, तो उनके मन में विवाह के प्रति भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। युवा पीढ़ी के सामने विवाह का आदर्श स्वरूप धुंधला पड़ने लगता है और यह धारणा बनने लगती है कि वैवाहिक जीवन अब पहले जैसा सुरक्षित और स्थिर नहीं रहा। अधिकांश मामलों का अध्ययन बताता है कि ऐसे अपराध किसी एक कारण से नहीं होते। कई मामलों में विवाहेतर संबंध, पारिवारिक विवाद, आर्थिक तनाव, संपत्ति का विवाद, लंबे समय से चला आ रहा वैवाहिक तनाव, आपसी अविश्वास और प्रतिशोध जैसी परिस्थितियाँ सामने आती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हत्या के मामलों के उद्देश्यों में भी पारिवारिक विवाद, व्यक्तिगत दुश्मनी, प्रेम संबंध और अवैध संबंध महत्वपूर्ण कारणों में शामिल पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि परिवार के भीतर पैदा होने वाले विवाद यदि समय रहते नहीं सुलझाए जाएँ तो वे कभी-कभी अत्यंत हिंसक रूप धारण कर सकते हैं। यह भी समझना आवश्यक है कि हर वैवाहिक विवाद हत्या में परिवर्तित नहीं होता। अधिकांश परिवार कठिन परिस्थितियों के बावजूद बातचीत, समझौते, पारिवारिक सहयोग और कानूनी उपायों के माध्यम से अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। इसलिए कुछ जघन्य घटनाओं के आधार पर पूरे समाज या किसी एक लिंग के प्रति नकारात्मक धारणा बनाना उचित नहीं होगा। अपराधी का मूल्यांकन उसके अपराध के आधार पर होना चाहिए, उसके लिंग के आधार पर नहीं।

इन घटनाओं का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। जब किसी परिवार में एक अभिभावक की हत्या हो जाती है और दूसरा जेल चला जाता है, तब बच्चे एक साथ माता और पिता दोनों का सहारा खो देते हैं। उनके सामने आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकट खड़ा हो जाता है। वे लंबे समय तक भय, अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक उपेक्षा का सामना करते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि बचपन में इस प्रकार का आघात व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित कर सकता है। ऐसे बच्चे पढ़ाई, सामाजिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं। समाज के स्तर पर भी इन घटनाओं के दूरगामी परिणाम दिखाई देते हैं। जब परिवारों के भीतर हिंसा बढ़ती है तो सामाजिक विश्वास कमजोर होता है। पड़ोसी, रिश्तेदार और मित्र भी वैवाहिक संबंधों को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। समाज में अविश्वास का वातावरण बनने लगता है। यह स्थिति केवल पति पत्नी तक सीमित नहीं रहती बल्कि अगली पीढ़ी तक पहुँचती है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि वे हिंसा, धोखे और प्रतिशोध को सामान्य व्यवहार के रूप में देखने लगेंगे तो समाज में संवेदनशीलता और सहिष्णुता का स्तर लगातार घटेगा। आज का डिजिटल युग भी रिश्तों को नई चुनौतियाँ दे रहा है। सोशल मीडिया ने लोगों को अभूतपूर्व संवाद के अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही कई नई समस्याएँ भी उत्पन्न हुई हैं। कभी-कभी आभासी संबंध वास्तविक संबंधों पर भारी पड़ने लगते हैं। पति पत्नी के बीच संवाद कम होता जाता है और गलतफहमियाँ बढ़ती जाती हैं। कई बार छोटी बातों को समय रहते सुलझाया नहीं जाता, जिससे तनाव गहराता जाता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल सोशल मीडिया ही अपराधों का कारण है, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि यदि इसका उपयोग संयम और जिम्मेदारी से न किया जाए तो यह पारिवारिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। भौतिकवादी जीवनशैली भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरी है। आज सफलता और आर्थिक उपलब्धि को जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य माना जाने लगा है। व्यस्त जीवन के कारण परिवार के सदस्यों के पास एक दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है। संवाद की कमी धीरे-धीरे भावनात्मक दूरी में बदल जाती है। जब मन की बातें साझा नहीं होतीं, तब संदेह, क्रोध और असंतोष जन्म लेते हैं। यदि इनका समाधान समय रहते न किया जाए तो वे गंभीर विवाद का रूप ले सकते हैं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि भारत में घरेलू हिंसा और वैवाहिक अपराधों के शिकार पुरुष और महिलाएँ दोनों होते हैं। महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, दहेज मृत्यु और क्रूरता के मामले भी बड़ी संख्या में दर्ज होते हैं। इसलिए समाधान किसी एक पक्ष को दोषी ठहराने में नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज में स्वस्थ संबंधों की संस्कृति विकसित करने में है।

यदि किसी पति पत्नी के बीच संबंध इतने खराब हो जाएँ कि साथ रहना असंभव हो जाए, तो कानून ने उनके लिए अलग होने का सम्मानजनक और शांतिपूर्ण मार्ग उपलब्ध कराया है। आपसी सहमति से अलग होना, न्यायालय की सहायता लेना, पारिवारिक परामर्श लेना और कानूनी प्रक्रिया अपनाना किसी भी प्रकार की हिंसा से कहीं बेहतर विकल्प हैं। किसी भी परिस्थिति में हत्या न तो समस्या का समाधान है और न ही किसी प्रकार से उचित ठहराई जा सकती है। समाज को इस दिशा में कई स्तरों पर कार्य करना होगा। सबसे पहले परिवारों में संवाद की संस्कृति विकसित करनी होगी। पति पत्नी को एक दूसरे की बात धैर्यपूर्वक सुनने और समझने की आदत विकसित करनी चाहिए। विवाह पूर्व और विवाहोपरांत परामर्श सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए ताकि दंपति संबंधों की वास्तविक चुनौतियों को समझ सकें। परिवार के बुजुर्गों को भी केवल निर्णय सुनाने के बजाय मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में भी नैतिक मूल्यों और भावनात्मक शिक्षा को अधिक महत्व देना होगा। बच्चों और युवाओं को केवल परीक्षा और रोजगार की तैयारी नहीं बल्कि संवाद कौशल, क्रोध नियंत्रण, सहानुभूति, पारस्परिक सम्मान और संघर्ष समाधान जैसे जीवन कौशल भी सिखाए जाने चाहिए। यदि अगली पीढ़ी भावनात्मक रूप से अधिक परिपक्व होगी तो भविष्य में ऐसे अपराधों की संभावना भी कम होगी। कानूनी व्यवस्था को भी प्रभावी बनाना आवश्यक है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

अर्थात क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ को देखने की आँख ज्ञान है और ज्ञान साक्षात्कार का ही पर्याय है।

निष्कर्ष-

गीता के आरम्भ में धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र का नाम तो लिया गया; किन्तु वह क्षेत्र वस्तुतः है कहाँ? - वह स्थल बताना शेष था, जिसे स्वयं शास्त्रकार ने प्रस्तुत अध्याय में स्पष्ट किया- कौन्तेय! यह शरीर ही एक क्षेत्र है। जो इसको जानता है, वह क्षेत्रज्ञ है। वह इसमें फँसा नहीं बल्कि निर्लेप है। इसका संचालक है। अर्जुन ! सम्पूर्ण क्षेत्रों में मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ।

- अन्य महापुरुषों से अपनी तुलना की। इससे स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण भी एक योगी थे; क्योंकि जो जानता है वह क्षेत्रज्ञ है, ऐसा महापुरुषों ने कहा है। मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ अर्थात् अन्य महापुरुषों की तरह मैं भी हूँ।

उन्होंने क्षेत्र जैसा है, जिन विकारोंवाला है तथा क्षेत्रज्ञ जिन प्रभावोंवाला है, उस पर प्रकाश डाला। मैं ही कहता हूँ- ऐसी बात नहीं है, महर्षियों ने भी यही कहा है। वेद के छन्दों में भी उसी को विभाजित करके दर्शाया गया है। ब्रह्मसूत्र में भी वही मिलता है।

शरीर (जो क्षेत्र है) क्या इतना ही है, जितना दिखायी देता है? इसके होने के पीछे जिनका बहुत बड़ा हाथ है, उन्हें गिनाते हुए बताया कि अष्टधा मूल प्रकृति, अव्यक्त प्रकृति, दस इन्द्रियाँ और मन, इन्द्रियों के पाँचों विषय, आशा, तृष्णा और वासना- इस प्रकार इन विकारों का सामूहिक मिश्रण यह शरीर है। जब तक ये रहेंगे, तब तक शरीर किसी-न-किसी रूप में रहेगा ही। यही क्षेत्र है, जिसमें बोया भला-बुरा बीज संस्कार रूप में उगता है। जो इसका पार पा लेता है, वह क्षेत्रज्ञ है। क्षेत्रज्ञ का स्वरूप बताते हुए उन्होंने ईश्वरीय गुणधर्मों पर प्रकाश डाला और कहा कि क्षेत्रज्ञ इस क्षेत्र का प्रकाशक है। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**

जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरूष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

♦♦♦

# समुद्रतटीय क्षेत्रों पर मंडराता खतरा और देश का भविष्य

जलवायु परिवर्तन को वैश्विक तापमान से जुड़ी समस्या के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे निपटने के लिए दुनिया भर में कई नियम कानून बनाए गए, प्रतिबद्धताएं



- कुमार सिद्धार्थ

दिखाई गई, लेकिन जब उन पर अक्षरशः अमल की बारी आई, तो कदम पीछे खींच लिए गए। इसका सीधा असर अब भारत समेत कई देशों के समुद्री तटक्षेत्रों में साफतौर पर दिखने लगा है। भारत की लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा के आसपास के क्षेत्र अब एक आसन्न जलवायु संकट का सामना कर रहे है, जो अगले कुछ वर्षों के भीतर वहां के लोगों के जीवन, आजीविका तथा पारिस्थितिक तंत्र को व्यापक रूप से बदल देगा। इन क्षेत्रों में तापमान के साथ साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। समुद्र का बढता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यह समस्या इसलिए भी गंभीर और चिंताजनक हैं, क्योंकि देश की तटीय पटटी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की ओर से हाल ही में जारी रपट भारतीय तटीय क्षेत्र - जलवायु अनुमान 2021-2040 के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हमारी कल्पना से कहीं अधिक तेज़ी से सामने आ रहे हैं। अध्ययन में वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त सीएमआईपी6 जलवायु मॉडल का उपयोग किया गया है, जिसे भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप क्षेत्रीय स्तर पर संशोधित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आबादी वाले अधिकांश क्षेत्रों में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापवृद्धि की सीमा अपेक्षा से कहीं पहले छूने का खतरा पैदा हो चुका है। इसी सीमा को वैज्ञानिक पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए एक निर्णायक मोड़ मानते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि अब केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने की चर्चा पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि हमें अपने शहरों, गांवों और विकास योजनाओं को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालना होगा। अध्ययन से पता चलता है कि देश के लगभग चालीस तटीय जिलों में गर्मी के दौरान अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि होने की संभावना है। केरल का एर्नाकुलम जिला इस परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण बन सकता है, जहाँ अधिकतम तापमान में लगभग 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मामूली लग सकती है, लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार औसत तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी भी गर्मी के दबाव, ऊर्जा की बढ़ती मांग, श्रम उत्पादकता में कमी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कई गुना बढ़ा देती है। इसका सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ेगा, जिनका जीवन खुले वातावरण में श्रम पर निर्भर है। जैसे मछुआरे, निर्माण श्रमिक, बंदरगाह कर्मी और खेतिहर मजदूर।

सवाल 'वेट-बल्ब तापमान' को लेकर भी है। यह केवल गर्मी का नहीं, बल्कि गर्मी और आर्द्रता के संयुक्त प्रभाव का सूचक है। यदि यह तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच जाए, तो मानव शरीर के लिए लंबे समय तक सामान्य रूप से काम करना कठिन हो जाता है। केरल में बढ़ते वेट-बल्ब तापमान से लेकर महाराष्ट्र में तीव्र होते मानसून तक, जलवायु में हो रहे विशिष्ट परिवर्तन पहले से ही पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को अविश्वसनीय बना रहे हैं। यानी जलवायु परिवर्तन अब केवल मौसम का नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और श्रम सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुका है। तापमान के साथ-साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में मानसून की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, मुंबई उपनगर में गर्मियों के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जो गर्मी के अनुकूल शहरी नियोजन की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करती है। वहीं भारी वर्षा की अवधि लगभग छह दिन बढ़ सकती है, जबकि सूरत और भावनगर जिलों में दक्षिण-पश्चिम मानसून क्रमशः 23 और 24 फीसदी अधिक तीव्रता हो सकती है। गौरतलब है कि मुंबई में अनियमित वर्षा के कारण झींगे सुखाने का पारंपरिक व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। गोवा में नमक उत्पादकों की पूरी फसल कुछ घंटों की बेमौसम बारिश में नष्ट हो जाती है। समुद्र के बढ़ते तापमान के कारण मछलियाँ तट से दूर जा रही हैं, जिससे छोटी नावों वाले मछुआरों को पहले की तुलना में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है और कई बार वे खाली हाथ लौटते हैं। यानी जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा बोझ वही समुदाय उठा रहे हैं, जिनका इस संकट को पैदा करने में सबसे कम योगदान है।

समुद्र का बढ़ता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा परिदृश्य (एसएसपी2-4.5) के अनुरूप जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक वैश्विक समुद्र स्तर लगभग 15 सेंटीमीटर तक बढ़ सकता है। जबकि तटीय भूगोल में कुछ सेंटीमीटर का बदलाव भी तटरेखा, कृषि, जलस्रोत और मानव बस्तियों पर गहरा असर डालता है। समुद्र का बढ़ता पानी तटीय कटाव को तेज करेगा, भूजल में खारेपन को बढ़ाएगा और अनेक क्षेत्रों को स्थायी रूप से रहने योग्य नहीं रहने देगा।एक और गंभीर पक्ष चक्रवातों की बढ़ती तीव्रता है। विभिन्न अध्ययनों में मुताबिक समुद्री सतह का तापमान प्रति दशक लगभग 0.27 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। गर्म समुद्र उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है, जिसके कारण वे अधिक शक्तिशाली और विनाशकारी बनते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बार-बार आए भीषण चक्रवात इस प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। इसलिए तटीय राज्यों के लिए अब केवल आपदा राहत की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होगी, उन्हें चक्रवात-प्रतिरोधी आवास, सुरक्षित आश्रय, चेतावनी प्रणाली और स्थानीय स्तर पर अनुकूलन योजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी। सबसे संवेदनशील पक्ष सुंदरबन से जुड़ा है। बार-बार तटबंध टूटने के कारण समुद्री खारापन खेतों, तालाबों और पेयजल स्रोतों तक पहुँच रहा है। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ पैदा हो रही हैं। यानी जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी प्रश्न है। भारत की तटीय पट्टी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। करोड़ों लोगों की आजीविका सीधे समुद्र से जुड़ी है।

## प्रेरक प्रसंग — दरिद्रनारायण का प्रतिनिधि

यरवदा जेल में गांधीजी का उपवास चल रहा था। जेल के दरवाजे हरिजन-सेवाकों के लिए खोल दिये गए थे। जो जब चाहे, आ सकता था। उस पर कोई रोकथाम नहीं थी।

गुजरात तथा काठियावाड़ में हरिजनों के उद्धार के लिए कुछ कार्यक्रम निश्चित होने थे। उस संबंध में बात करने के लिए कुछ विशिष्ट लोग वहां आये हुए थे।

गांधीजी आम के पेड़ के नीचे लेटे हुए थे। लोग आकर उनके पास बैठ गये। बातों का सिलसिला चल पड़ा। वहीं पर जेल के एक अधिकारी भी बैठे हुए थे। एक बंदी गांधीजी के लिए अंगीठी पर पानी गरम कर रहा था। अंगीठी बहुत तेजी से जल रही थी। पानी बड़ी जल्दी गरम हो गया। बंदी ने यह देखा तो अंगीठी पर से पानी का बर्तन उतारकर नीचे रख दिया, पर अंगीठी को वैसा ही जलता छोड़ दिया। कोयले बड़े जोर से दहक रहे थे। वे दहकते रहे। तभी गांधीजी का ध्यान उस ओर गया। वह गुजरात और काठियावाड़ के नेताओं से बात कर रहे थे। एकदम बातचीत को रोककर गांधीजी ने बंदी से कहा, सुनो भाई, अंगीठी को बुझा दो। बंदी ने जेल के अधिकारी की ओर देखा। अधिकारी ने मुस्कराकर कहा, गांधीजी, आप क्यों चिन्ता करते हैं? फिर कुछ रुककर बोले, कोयले सरकारी हैं। जलने दीजिये।

गांधीजी गंभीर हो गये। बोले, नहीं, ये कोयले तो आम जनता के पैसे के हैं।

आज जबकि देश की गरीब जनता का पैसा चारों ओर पानी की तरह बह रहा है, देशवासियों की आंखें उस मसीहा को खोज रही हैं, जो दरिद्रनारायण का सच्चा प्रतिनिधि था।

## आपका पत्र मिला

### अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी

बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन की आपूर्ति शृंखला से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करनी ही होगी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अनंत गोयनका की ये राय अहम है कि भारत को चीन से बचने की कोशिश के बजाय उससे कारोबारी संबंध बढ़ाने चाहिए।

मैनुफैक्चरिंग क्षमता की मजबूती, नवाचार को बढ़ावा और वैश्विक आपूर्ति शृंखला से अधिक गहराई से जुड़ने के लिए ऐसा करना जरूरी है।लेकिन गोयनका का यह तर्क विवादास्पद है कि भारत को औद्योगिक विकास के पारंपरिक चरणों को छोड़ देना कर सीधे डिजिटल रूप से एकीकृत, कम इंसानी दखल वाले उत्पादन की ओर बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हर विकसित देश ने ऑटोमेशन तब अपनाया, जब वह बड़े पैमाने पर उत्पादन को व्यवस्थित करना सीख चुका था।

नीचे की सीढ़ियां छोड़कर भारत सीधे चोटी पर नहीं पहुंच सकता। यानी बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# पायलट बन चमकाएं अपना भविष्य

*वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है। ऐसे में आप इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अपने भविष्य को एक नई दिशा दे सकते हैं। अक्सर आसमान में उड़ते हवाई जहाज को देखकर लोगों के मन में आसमान मापने का सपना होता है। अधिकतर लोग पायलट बनकर आसमान में ऊंची उड़ान भरने का सपना देखते हैं। हालांकि आज के समय में कॅरियर के लिहाज से युवाओं के पास कई तरह के ऑप्शन होते हैं। जिसमें वह डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर आगे बढ़ सकते हैं। तो वहीं कई युवा ऐसे में हैं, जो पायलट बनने का ख्वाब देखते हैं।*



अगर आपका लक्ष्य क्लियर होता है, तो आपको सिर्फ इस ओर बढ़ने की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी पायलट बनकर अपना भविष्य चमकाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फील्ड में बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है।

**ऐसे करें पायलट बनने की तैयारी-** पायलट बनने के लिए आपको 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्य के साथ कम से कम 50 फीसदी अंको से पास होना चाहिए। जिसके बाद आपको किसी एविएशन संस्थान में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा। फिर आपको इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट में पास होना होता है। सभी प्रोसेस में सफल होने के बाद संस्थान में एडमिशन मिलता है। जहां पर आपको प्लेन से जुड़ी बारीकियां सिखाने के साथ प्लेन उड़ाने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी।

**एयरफोर्स में बनें पायलट-** अगर आप इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने का ख्वाब देख रहे हैं, तो आपको 12वीं पास करने के बाद एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम एग्जाम और यूपीएससी एनडीए एग्जाम क्लियर करना होगा। जिसके बाद इंडियन एयरफोर्स कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग देती है। वहीं इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए आप कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम भी दे सकते हैं। हालांकि इस एग्जाम के लिए आपको साइंस स्ट्रीम से 12वीं या फिर बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

**कमर्शियल पायलट-**बता दें कि 12वीं की पढ़ाई के बाद आप एविएशन संस्थान से ट्रेनिंग लेकर बतौर कॉमर्शियल पायलट अपना कॅरियर बना सकते हैं। इसके लिए ट्रेनिंग पीरियड 18-24 महीने का होता है। फिर कमर्शियल पायलट के लिए आपको रिटेन एग्जाम और फिटनेस टेस्ट देना होता है। इन दोनों चीजों को क्लीयर करने के बाद आपको कमर्शियल पायलट बनने की योग्यता हासिल हो जाती है।

# मार्गदर्शन से बढ़ता है ज्ञान और अनुभव

जब कोई व्यक्ति मार्गदर्शन करता है, तो वह केवल दूसरों को सलाह देने या सही दिशा दिखाने का काम नहीं करता, बल्कि इस प्रक्रिया में स्वयं भी नई बातें सीखता है और अपने कौशल को बेहतर बनाता है। हर बातचीत में उठने वाले प्रश्न उसे अपने नेतृत्व के दृष्टिकोण पर दोबारा सोचने का अवसर देती है। ऐसे ही मेंटी (मार्गदर्शन लेने वाला) के साथ नियमित संवाद करने से आपकी संप्रेषण क्षमता निखरती है।

**खुद को निखारने की भी यही है प्रक्रिया**



सक्रिय रूप से सुनने से आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं, जिससे आपकी सहानुभूति बढ़ती है। धीरे-धीरे यह पूरी प्रक्रिया आपको अधिक प्रभावी बनाती है, जिससे आप न केवल अपनी टीम को बेहतर दिशा दे सकते हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक वातावरण भी तैयार कर सकते हैं।

**बातचीत के साथ बढ़ेगी समझ**

मार्गदर्शक को अपने मेंटी से नियमित संवाद करना पड़ता है, और यही निरंतर बातचीत लोगों को गहराई से समझने में मदद करती है। जब आप बार-बार उनके विचार, चुनौतियां और तरीकों को सुनते हैं, तो आप उनके नजरिये को बेहतर पहचानने लगते हैं। इस प्रक्रिया से न केवल आपकी समझ बढ़ती है, बल्कि आप अलग-अलग व्यक्तित्वों के साथ जुड़कर काम करने में भी अधिक कुशल बनते हैं।

**सुनने की क्षमता होगी विकसित**

मार्गदर्शन में सबसे महत्वपूर्ण है ध्यान से, बिना बीच में टोके सुनना, क्योंकि यही आदत लोगों की जरूरतों और भावनाओं को समझने में सक्षम बनाती है। लगातार ऐसा करने से आपकी सक्रिय रूप से सुनने की क्षमता समय के साथ और मजबूत होती जाती है। इसी प्रक्रिया में आप साफ, ईमानदार और रचनात्मक फीडबैक देना भी सीखते हैं, जिससे बातचीत सार्थक बनती है। साथ ही, आप खुद भी फीडबैक स्वीकार करने की आदत विकसित करते हैं, जो आपको अधिक आत्म-जागरूक और खुला बनाती है।

**नए अनुभवों से सीख मिलेगी**

नियमित बातचीत के दौरान आप सीखते हैं कि अपनी बात को स्पष्ट, प्रभावी और प्रेरक तरीके से कैसे प्रस्तुत करना है, जिससे आपका संचार कौशल और मजबूत होता है। साथ ही, मेंटी अक्सर नई पीढ़ी या नए अनुभवों से जुड़े होते हैं, जिनकी मदद से आप नए दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं। यह प्रक्रिया आपकी सोच को अपडेट रखती है और उसे परिस्थितियों के अनुसार बेहतर और समझदारी भरे निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

**बनता सकारात्मक माहौल**

जब आप स्पष्ट रूप से संवाद करते हैं और लोगों की भावनाओं को समझते हुए सहानुभूति दिखाते हैं, तो टीम के सदस्यों में आपके प्रति भरोसा अपने-आप बढ़ जाता है। ऐसा विश्वास टीम के माहौल को सकारात्मक बनाता है, जिससे लोग खुलकर अपनी बात रखते हैं, जिम्मेदारी महसूस करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। परिणामस्वरूप, पूरी टीम का प्रदर्शन बेहतर होता है।

## कॅरियर अलर्ट

### आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती

रेलवे में 6557 पदों पर टेक्नीशियन ग्रेड I सिग्नल और टेक्नीशियन ग्रेड-3 ओपन लाइन के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए है। जो अभ्यर्थी रेलवे में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, उनके लिए यह भर्ती बड़ा मौका हो सकती है। टेक्नीशियन ग्रेड-I सिग्नल के लिए फिजिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर साइंस/इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/इंस्ट्रूमेंटेशन में बैचलर की डिग्री या बीएससी/बीटेक/बीई वाले अप्लाई कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल ग्रेड 3 ओपन लाइन के लिए 10वीं पास और संबंधित फील्ड में NCVT/SCVT से आईटीआई मांगी गई है। शैक्षिक योग्यता के अलावा अभ्यर्थियों की उम्र कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 30-33 वर्ष होनी चाहिए। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 29 जुलाई है। इसी डेट तक एप्लिकेशन फीस भी भरी जा सकती है। जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट्स को 500/- रुपये, एससी/एसटी/पीएच को 250/- एप्लिकेशन फीस भरनी होगी। अगर आप स्टेज I सीबीटी क्लियर करते हैं, तो एससी/एसटी/पीएच अभ्यर्थियों को पूरी फीस और अन्य कैंडिडेट्स को 400 रुपये फीस रिफंड कर दी जाएगी।

### यूपीपीएससी प्री परीक्षा 2026

यूपी में अधिकारी बनने का भी सुनहरा मौका है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य/विशेष चयन) परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए है। डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, जिला परिवीक्षा अधिकारी, विपणन अधिकारी मंडी परिषद समेत विभिन्न पद भरे जाएंगे। करीब 500 पदों पर वैकेंसी हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए योग्य अभ्यर्थी अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस को 125 रुपये और एससी/एसटी को 65 रुपये एप्लिकेशन फीस ऑनलाइन भरनी होगी।

# म्यूजिक में बनाना चाहते हैं कॅरियर करें सोशल मीडिया का इस्तेमाल



आज के समय में लोग अलग-अलग क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाते हैं। हालांकि पहले के समय में लोग इंजीनियरिंग और डॉक्टर के पेशे को सबसे अच्छा प्रोफेशन मानते थे। लेकिन समय के साथ लोगों का नेरेटिव बदल गया है। बता दें कि वर्तमान समय में अगर आपके अंदर कोई स्किल या टैलेंट है, तो आप इसको अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। आजकल लोग म्यूजिक के क्षेत्र में गहरी रुचि अपने टैलेंट और पैशन की बदौलत कोई भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं। वहीं इससे अच्छी कमाई भी की जा सकती है। क्योंकि आज के दौर लोगों को कुछ नया और हटके करना पसंद कर रहे हैं।

रखते हैं। हर वर्ग के लोगों को म्यूजिक में गहरी रुचि होती है। यदि आपके अंदर भी सिंगिंग टैलेंट है, तो आप इसके जरिए अच्छी कमाई कर सकते हैं। हालांकि म्यूजिक इतना अधिक आसान नहीं होता है। इस फील्ड में सिर्फ वही अपना कॅरियर बना सकते हैं, जिनके अंदर क्रिएटिविटी हो और म्यूजिक के प्रति जुनून हो।

कई सारे लोगों के अंदर टैलेंट तो बहुत होता है, लेकिन इसके बाद भी वह पीछे रह जाते हैं। क्योंकि अपने टैलेंट को किस तरह से निखारा जाए, इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं होती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से बिना एक्सपीरियंस के आप म्यूजिक में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

**कैसे बनाएं कॅरियर-**

म्यूजिक इंडस्ट्री में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की वजह से काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया के जरिए लोग अपना टैलेंट दिखा रहे हैं और उनको काफी पसंद भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अपने टैलेंट और पैशन के जरिए लोग अच्छा मुकाम हासिल कर रहे हैं। पहले के समय में यह सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कम लोग म्यूजिक को बतौर पैशन चुन पाते थे। ऐसे में अगर आप भी म्यूजिक में इंट्रेस्ट रखते हैं और आपके अंदर कुछ अलग करने का हुनर है। तो आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या इंस्टाग्राम पर रील्स बनाकर अपने टैलेंट को दिखा सकते हैं। यदि आपकी क्रिएटिविटी लोगों को पसंद आती है, तो आपकी फैन फॉलोइंग बढ़ेगी और समय के साथ आप फेमस भी हो सकते हैं। जिससे आपकी अर्निंग भी शुरू हो जाएगी। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती हैं। आप चाहें तो वीडियो शूट करने के लिए अपने कमरे को शूटिंग रूम बना सकते हैं। वहीं अगर बाहर निकलकर शूटिंग करना संभव है, तो आप किसी अच्छे स्पॉट पर भी शूट कर सकते हैं। जितनी ज्यादा अच्छी आपकी वीडियो होगी, उतना ही लोगों का प्यार आपको मिलेगा।

**यूट्यूब से करें कमाई**

अगर आपके पास म्यूजिक का कोई एक्सपीरियंस नहीं है, लेकिन आपके अंदर इसको लेकर पैशन है। तो आप दुनिया के सामने अपने टैलेंट को दिखाने के लिए यूट्यूब का सहारा ले सकते हैं। यूट्यूब पर आप शॉर्ट वीडियोज बनाकर अपलोड कर सकते हैं। लेकिन शुरूआत के समय में आपको थोड़ा का धैर्य बनाकर रखना होगा। सही समय पर ट्रेंड को फॉलो करते हुए वीडियो डालेंगे तो आपके पोस्ट की रीच बढ़ सकती है। यूट्यूब से आप न सिर्फ अच्छे कलाकार बल्कि आप अच्छा खासा पैसा भी कमा सकते हैं।

**म्यूजिक से संबंधित कोर्स**

अगर आप बतौर म्यूजिशियन अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो इस फील्ड में स्पेशल कोर्स कर प्लेसमेंट के जरिए आगे का रास्ता चुन सकते हैं। भारत में कई सारे कॉलेज और यूनिवर्सिटी म्यूजिक में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करवाते हैं।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल वैश्विक क्षमा दिवस मनाया जाता है?
(क) 4 जुलाई
(ख) 5 जुलाई
(ग) 6 जुलाई
(घ) 7 जुलाई
**उत्तर- (घ)**

2. निम्न में से किस राज्य में भारत की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स वाली रिफाइनरी का उद्घाटन किया गया?
(क) तमिलनाडु
(ख) बिहार
(ग) राजस्थान
(घ) मध्य प्रदेश
**उत्तर- (ग)**


3. I-2SE सबमरीन केबल सिस्टम परियोजना के लिए भारत ने सिंगापुर और किस देश के साथ साझेदारी की है?
(क) वियतनाम
(ख) मलेशिया
(ग) कंबोडिया
(घ) दक्षिण कोरिया
**उत्तर- (ख)**

4. निम्न में से किस राज्य सरकार ने वर्ष 2026-2036 के लिए डीप सी फिशिंग मिशन को मंजूरी दी है?
(क) पश्चिम बंगाल
(ख) बिहार
(ग) तमिलनाडु
(घ) ओडिशा
**उत्तर- (घ)**

5. जुलाई 2026 में मलीहाबादी आम को जीआई टैग दिया गया। यह किस राज्य से संबंधित है?
(क) तमिलनाडु
(ख) बिहार
(ग) उत्तर प्रदेश
(घ) पश्चिम बंगाल
**उत्तर- (ग)**

# नौकरी के साथ करनी है पढ़ाई तो अपनाएं ये टिप्स

नौकरी के साथ अगर आप किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम या फिर किसी अन्य परीक्षा की तैयारी कर रही हैं तो उसके लिए सही से और पूरी मेहनत के साथ आपको तैयारी करनी चाहिए लेकिन नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई को मैनेज करना कई बार आपके लिए बहुत मुश्किल हो जाता होगा लेकिन हम आपको इस लेख में कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे आप नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई को भी आसानी से कर पाएंगी इसलिए अंत तक यह लेख जरूर पढ़ें। जैसे बचपन में आप स्कूल के लिए टाइम टेबल बनाया करती थी उसी प्रकार से आपको अपना समय इस प्रकार से डिवाइड करना होगा जिससे आप अपनी पढ़ाई को समय दे पाएं। इसके लिए आपको पूरे दिन के कुछ घंटों को अपनी पढ़ाई के लिए निकालना होगा।



**एग्जाम पैटर्न को समझें-**अगर आप किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए पढ़ाई कर रही हैं तो इसके लिए आपको परीक्षा की तैयारी से पहले ही उसका एग्जाम पैटर्न समझना होगा। साथ ही आपको नौकरी के साथ-साथ कुछ घंटों का समय निकलकर करीब चार से पांच घंटे के लिए प्रभावी तरह से तैयारी करनी होगी। अगर आप किसी कोर्स में दाखिला लेने के लिए पढ़ाई कर रही हैं तो इसके लिए भी आपको एक शेड्यूल बनाकर पढ़ाई की शुरुआत करनी चाहिए।

**पॉजिटिव रखें अपना मन-** आपको पढ़ाई करते समय पूरा ध्यान पढ़ाई की तरफ ही केंद्रित रखना चाहिए। ऐसा करने से आपके मन में कॉन्फिडेंस भी बना रहता है। इसके साथ ही आपको पॉजिटिव विचारों को ही अपने मन में रखना चाहिए। अगर आप ज्यादा नेगेटिव सोचती हैं तो उससे आपकी पढ़ाई भी बहुत डिस्टर्ब होती है। इस कारण से आपको पॉजिटिव विचारों के साथ ही पढ़ाई करनी चाहिए।

# लाइब्रेरी साइंस से जुड़े ये कोर्स करके आप भी पा सकती हैं नौकरी

स्कूल कॉलेज में आपने लाइब्रेरी जरूर देखा होगा। कई लोग को लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ना पसंद होता है। किताबों की देखभाल करने के लिए लाइब्रेरियन को रखा जाता है। यह हर एक सरकारी कार्यालय या प्राइवेट कार्यालय में होता है। अगर आपको भी किताबों में रुचि है और आप भी अपना समय किताबों के बीच बिताना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे लाइब्रेरी साइंस से जुड़े कुछ कोर्स कर सकते हैं। सबसे पहले जान लें आखिर लाइब्रेरी साइंस का कोर्स होता क्या है।

इस क्षेत्र में करियर के विकल्प काफी ज्यादा है। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर की भी बेसिक जानकारी होनी चाहिए। लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के लिए आप चाहे तो प्राइवेट या सरकारी कालेज में दाखिला ले सकती हैं। कैंडिडेट्स को इस कोर्स को करने के लिए 12वीं पास होना चाहिए। बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस करने के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आप चाहे तो मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करने के बाद आपक प्राइवेट या सरकारी सेक्टर में आसानी से नौकरी मिल सकती हैं। यूनिवर्सिटी और कॉलेज में एक बार नौकरी मिलने के बाद आपको ज्यादा दिक्कत नहीं होनी वाली हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप चाहे तो फ्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रुपए कमा सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 8 जुलाई 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे अष्टमी तिथौ बुध वासरे 12/23/ रेवती नक्षत्रे 16/01/ अतिगण्ड योग 12/38/ कौलव करणे 12/23/ मेष राशिगत चन्द्रमा 16घं.01मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक समाप्त घं.16 मि.01पर। श्री शीतलाष्टमी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# सितंबर और नवंबर सत्र की सीए परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने सीए फाउंडेशन, सीए इंटरमीडिएट और सीए फाइनल की सितंबर और नवंबर 2026 परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र उम्मीदवार आधिकारिक ई-सेवाएं पोर्टल eservices.icai.org के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियां क्या हैं-** आईसीएआई की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए यह समयसीमा दी गई है।

**ऑनलाइन आवेदन शुरू-** 6 जुलाई 2026- बिना विलंब शुल्क आवेदन की अंतिम तिथि- 19 जुलाई 2026 (रात 11:59 बजे तक)। 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि- 22 जुलाई 2026 (रात 11:59 बजे तक)।

**आवेदन में संशोधन-** 23 जुलाई से 25 जुलाई 2026।

संस्थान ने बताया है कि करेक्शन विंडो खुलने पर संशोधन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**आवेदन करते समय किन बातों का रखें ध्यान?**

आईसीएआई ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि आवेदन पत्र जमा करने से पहले सभी विवरण अच्छी तरह जांच लें।

अंतिम सबमिट के बाद किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए केवल निर्धारित 23 से 25 जुलाई 2026 की करेक्शन विंडो का ही उपयोग किया जा सकेगा।

**कब होंगी सीए की परीक्षाएं?**

**सीए फाउंडेशन परीक्षा-**
2 सितंबर 2026
5 सितंबर 2026
7 सितंबर 2026
9 सितंबर 2026

**सीए इंटरमीडिएट परीक्षा**
**ग्रुप-1**
1 सितंबर 2026
3 सितंबर 2026
6 सितंबर 2026
**ग्रुप-2**
8 सितंबर 2026
10 सितंबर 2026
12 सितंबर 2026

**सीए फाइनल परीक्षा**
**ग्रुप-1**
2 नवंबर 2026
4 नवंबर 2026
6 नवंबर 2026
**ग्रुप-2**
9 नवंबर 2026
11 नवंबर 2026
13 नवंबर 2026

**आवेदन कैसे करें?**

उम्मीदवार नीचे दिए गए चरणों का पालन करके आवेदन कर सकते हैं।

आईसीएआई की ई-सेवाएं वेबसाइट eservices.icai.org पर जाएं।

अपने लॉगिन विवरण से साइन इन करें या नए उम्मीदवार के रूप में पंजीकरण करें।

सितंबर/नवंबर 2026 परीक्षा से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।

अपने कोर्स का चयन करें - सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट या फाइनल।

आवेदन पत्र में मांगी गई सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।

परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें।

आवेदन जमा करने के बाद पुष्टि पृष्ठ डाउनलोड कर सुरक्षित रख लें।

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा

## चार क्लीनिक सील, तीन अस्पतालों को कारण बताओं नोटिस जारी



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों एवं मानक के विपरीत चल रहे अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसा है। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन गौतम के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर प्रणव श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान छापा मारकर झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा अवैध रूप से संचालित की जा रही चार क्लीनिकों को सील कर दिया गया है । तथा रजिस्टर्ड तीन क्लीनिकों के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए मानक को पूर्ण करने तथा अभिलेखों के साथ तलब किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक प्रणव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की रामनगर में सुमन क्लिनिक गनेशपुर में रामचंद्र पुत्र देवता दीन , अवध राम पुत्र मोहनलाल योगेंद्र पुत्र रामकुमार के द्वारा संचालित क्लीनिक को सील किया गया है। इसके अलावा रामनगर में लाइफ केयर हॉस्पिटल परिजात क्लीनिक ग्रीन हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया गया है। स्वास्थ्य के द्वारा की गई अचानक कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर एवं अवैध रूप से क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

# डीएम ने की जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा




**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चकबंदी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत ग्रामवार प्रगति, पुनरीक्षण, अभिलेखों के अद्यतनकरण, चक प्रस्तावों की स्थिति तथा चकबंदी प्रक्रिया में आ रही बाधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने धारा-7, धारा-8, धारा-9, धारा-10, धारा-20, धारा-23, धारा-24, धारा-27 एवं धारा-52 के अंतर्गत संचालित चकबंदी कार्यों की ग्रामवार प्रगति का विस्तृत परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में चकबंदी कार्य किसी कारणवश प्रभावित हैं, वहां स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शासन स्तर पर अपेक्षित प्रकरणों के प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किए जाएं। इस दौरान सलेमाबाद एवं ओदार में धारा-52 में प्रकाशित ग्रामों में अभिलेखों के अद्यतनकरण, कब्जा दिलाए जाने तथा शेष औपचारिकताओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि धारा-52 प्रकाशन के उपरांत होने वाली समस्त कार्यवाहियां समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराई जाएं, जिससे किसानों को चकबंदी का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने बहरौली,कुसौरा,सरैया मकबूल नगर, कांहीपुर, बिजौली, मौलाबाद, डिंगरी एवं अन्य प्रचलित ग्रामों की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जहां ग्रामीणों की आपत्तियां, अभिलेखीय विसंगतियां अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से कार्य प्रभावित हैं, वहां संबंधित अधिकारी नियमित क्षेत्र भ्रमण कर जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में शासन स्तर पर निर्णय अपेक्षित है, उनके संबंध में तथ्यपरक एवं विस्तृत प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किए जाएं।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें, ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करें तथा चकबंदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित कार्यों को पूर्ण कराया जाए। चकबंदी अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ग्रामवार प्रगति, चकबंदी समितियों के गठन, पुनरीक्षण कार्यों तथा विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं की भी समीक्षा की गई।

## खबर एक नजर

### कार-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के बीजापुर गाँव में भट्ठे के समीप कार व बाइक में  जोरदार भिड़ंत हो गई ।इस सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएजिला अस्पताल भेजा हैं।मृतक की पहचान सुबेहा थाना क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवासी सत्य नारायण पुत्र परीदीन के रूप में हुई है। सत्यनारायण सोमवार शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल से लखनऊ से अपने घर हरचंदपुर लौट रहे थे।बीजापुर भट्ठे के पास उनकी बाइक की एक कार से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सत्यनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद् हैदरगढ़ पहुंचाया। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है युवक की असमय मौत की खबर से परिजनों में शोक छा गया है।

### नामज़द अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत पूरे मेहरबान मजरे बरावां गाँव में एक सप्ताह पूर्व मेड़ काटने के विवाद में हुए खूनी संघर्ष में जान गवाने वाले भगवानदीन के पुत्र ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में योगेंद्र कुमार पुत्र स्व0 भगवानदीन ने अरोप लगाया कि अन्य अभियुक्त अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं तथा जान से मार हाजिर होने की धमकी दे रहे है।उल्लेखनीय  है कि बीती  2 जुलाई की दोपहर  मेड़ काटने के विवाद में रामदयाल पुत्र राम दत्त आदि ने लाठी डंडों धारदार हथियारों से भगवानदीन व उनकी पत्नी रामवती  पर खेतों से दौड़ाते हुए घर के अंदर तक घुसकर हमला कर दिया था । यही नहीं बचाने आए मृतक भगवानदीन के पुत्रों व घर की महिलाओं को भी लहूलुहान कर दिया था।  हमले मे भगवानदीन के अलावा रामावती आदि लोग घायल हो गए थे। सीएचसी मे भगवानदीन की मौत हो गई थी। वही रामावती व चाँदनी का उपचार अस्पताल व अन्य घायलो की दवाई अभी भी चल रही है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर 13 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था तथा कार्यवाही करते हुए 6 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, परन्तु आधा दर्जन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद अन्य किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिसके चलते पीड़ित परिवार डराएवं सहमा हुआ है।

### तहसील बार हैदरगढ़ बनेगी डिजिटल बार

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** बार एसोसिएशन हैदरगढ की मासिक बैठक में अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा ने आगामी चुनाव की घोषणा की। बताया की तहसीलबार हैदरगढ़ को डिजिटल बार बनाया जाएगा जिसमें तहसील में मिलने वाले समस्त पेपर वकालनामा प्रतिभूत पत्र बारह एकड़ आदि आवश्यक सभी प्रपत्र को कंप्यूटराइज कर दिया जाएगा तथा कंप्यूटर के माध्यम से सारी चीजों को क्रय विक्रय किया जाएगा जल्द ही लाइब्रेरी का उद्घाटन किया जाएगा जिसमें जूनियर साथियों को पढ़ने के लिए किताबें मुहैया कराई जाएगी और अटेंडेंस फिंगरप्रिंट के माध्यम से कराया जाएगा इसी के साथ-साथ आगामी चुनाव 2026 की रूपरेखा तय की गई तथा चुनाव का समय तिथि निर्धारित किया गया जिसमें बताया गया 8 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन 9 जुलाइ तथा 10 जुलाई को सूची पर आपत्ति ली जाएगी 13 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा 14 जुलाई व 15 जुलाई 2026 को 2:00 बजे तक नामांकन तथा 15 को नामांकन पत्रों की जांच तथा वापसी की जाएगी 22 जुलाई को चुनाव तथा मतगणना कराई जाएगी इस अवसर पर संगठन के समस्त पदाधिकारी वजूनियर तथा सीनियर अधिवक्ता गण उपस्थित थे

### किसान यूनियन की बैठक में छाये रहे खाद बीज व सिंचाई के मुद्दे

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह व जिला सचिव महादेव यादव की उपस्थिति व  ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद रावत ने किया। बैठक में गांवों में संगठन विस्तार, नहरों  में टेल  तक पानी पहुंचाने, साधन सहकारी समितियो पर खाद उपलब्ध कराने, यूरिया व डीएपी की कालाबाजारी रोकने , गांव में स्वच्छता के क्रम में नालियों की सफाई, जानवरों के टीकाकरण आदि का मुद्दा जोर-जोर से छाया रहा। तहसील अध्यक्ष  ने कहा कि साधन सहकारी समितियो व प्राइवेट दुकानों पर  यूरिया  व डीएपी के साथ जबरदस्ती किसी प्रकार के अन्य रासायनिक उर्वरक लेने पर मजबूर किया गया तो  यूनियन  डेरा डालो आंदोलन करेगी।महादेव यादव ने कहां की संगठन विस्तार के क्रम में ब्लॉक हैदरगढ़ के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतो मे  सभी पदाधिकारी गांव गांव में जाकर  संगठन विस्तार का काम करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नहरों में टेल गुल तक पानी पहुंचाया जाय व गांव की नालियां कीचड़ से बजबजा रही हैं ।8जिन्हें तत्काल साफ कराया जाए जानवरों के मुंह पका , खुर पका, गला घोटू आदि के टीकाकरण  तत्काल कराया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक  ब्लॉक परिसर में डेरा डालो आंदोलन का काम करेगी।

### डीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट में व्याप्त वित्तीय अनिमित्ताओ/चढावा चोरी को लेकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शम्स तबरेज खान को जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया। इस ज्ञापन के माध्यम से राजेन्द्र वर्मा व कांग्रेसजनो ने राज्यपाल से दोषियो के खिलाफ कठोर कार्यवाही करवाये जाने के आदेश राज्य सरकार को देने आग्रह किया है।नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने वालो में मुख्यरूप मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आज गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ग्राम न्योला चौराहे के उच्च प्राथमिक विद्यालय न्योला करसण्डा में पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने पौधरोपण कर विद्यालय परिवार को पौधों की नियमित देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया?।कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आम एवं अमरूद के पौधे रोपित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्रा नैंशी ने प्रथम,कक्षा सात की छात्रा दीपाली ने द्वितीय तथा कक्षा आठ की छात्रा माही गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार के हाथों तीनों छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शालिनी वर्मा, सहायक अध्यापिकाएं ऊषा देवी एवं सुनीता कांदू, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह,ग्राम प्रधान कमला देवी, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पी-एचडी उपाधि प्रदान की गई

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बाराबंकी के समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर श्रीमती सुनिता यादव को डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा समाजशास्त्र विषय में 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवादी चिंतन का समाजशास्त्रीय मूल्यांकन' शीर्षक पर पी-एचडी उपाधि प्राप्त हुई। डॉ0 सुनिता यादव जी के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) सीताराम सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इनकी उपलब्धि पर समाजशास्त्र विभाग के प्रो0अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रो0 हेमंत कुमार सिंह, डॉ0 प्रतिभा जायसवाल इसके साथ ही हिन्दी विभाग के प्रो0 विजय कुमार वर्मा के साथ महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# तमंचा के साथ गिरफ्तार हुआ अन्तर्जनपदीय चैन-स्नैचर

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 'यक्ष ऐप' की मदद से अन्तर्जनपदीय चैन-स्नैचर को गिरफ्तार कर झपटमारी की घटना का  सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त के कब्जे से एक कान का बाला (पीली धातु), एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर तथा 'यक्ष ऐप' तकनीक का प्रभावी प्रयोग करते हुए एक चैन स्नैचर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। मु0अ0सं0 502/2026 धारा 304(2)/317(2)/317(4) बीएनएस से आज सम्बन्धित अभियुक्त मोहित शर्मा पुत्र होली शर्मा उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी ग्राम सराय शेख निकट शेखर होटल सतरिख रोड थाना चिनहट जनपद लखनऊ को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कुरौली कट के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त के कब्जे से एक कान का बाला (पीली धातु), घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (वाहन संख्या यूपी 32 आरआर 3428) व एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद कर मु0अ0सं0 505/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बाराबंकी एवं लखनऊ में चोरी, मारपट व गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा 04 जुलाई को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत दारापुर  के पास अपने साथी के साथ संयुक्त रूप से महिला के कान का बाला झपट कर भाग जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया।

# सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली स्थित बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर में मंगलवार को भगवान हनुमान जी महाराज का आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर को फूल मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया। इसके उपरांत सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने रामधुन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद गणेश वंदना एवं श्रीराम स्तुति प्रस्तुत की गई। भजन संध्या में श्रीरामचंद्र कृपालु भजु मन तुम्हें मनाऊं भोग लगाऐं हे गणपति महाराज सुंदर है नाम राम का सुमिरन तो कीजिए हे प्रभु मुझे बता दो चरणों में कैसे आऊं तथा सावन विशेष भजन सावन की ऋतु है आजा मां हम झूला तुझे झुलाएंगे सहित अनेक भक्तिमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अंकित वर्मा ने भजन गाया कि दरबार में बाँसुरी वाले के दुख दर्द मिटाए जाते जो केसरी लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरी राम जी कह देना जय सियाराम जैसे भजन प्रस्तुत किए। वहीं रजत वर्मा ने बजरंगबली बाबा पार नैया लगा देओ तथा बजरंगबली के जैसा राम भक्त न हुआ न होगा मतवाला जैसे भजनों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या के समापन पर श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की भव्य आरती उतारी। पूरे मंदिर परिसर में जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष गूंज उठे। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा, राहुल सिंह ठाकुर, ऋषि सैनी, चंद्रपाल यादव, रजत वर्मा, दीपक नाग, पंकज वर्मा, शिवा नाग, अशोक कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण वातावरण में निकाला गया ताजिया का जुलूस



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम जकरिया में हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम का दसवां बड़े ही अकीदत और गमगीन माहौल में संपन्न हुआ। मंगलवार रात्रि ताजिया का जुलूस श्रद्धा, अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में निकाला गया।ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से होकर पूरे गांव का भ्रमण करता हुआ पुनः इमामबाड़ा पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शामिल होकर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की।कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नसीरपुर में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान विभिन्न स्थानों पर अज़ादारों द्वारा ठंडे पानी और शरबत का वितरण कर बाहर से आए मेहमानों एवं अकीदतमंदों का इस्तकबाल किया गया।जुलूस में जकरिया सहित आसपास और दूर-दराज़ क्षेत्रों से आई विभिन्न अंजुमनों ने नौहाखानी की तथा अपने कलाम पेश किए। 'या हसन, या हुसैन' की सदाओं से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।इस अवसर पर समाजसेवी हाफिज वारिस करीम अंसारी, पूर्व प्रधान जाबिर अंसारी, रिजवान अंसारी (बीडीसी), मिराज, गुफरान, शमशुद्दीन, दोहा, इरफान सहित गांव के अनेक समाजसेवियों और युवाओं ने दूर-दराज़ से आए मेहमानों के लिए लस्सी, हलीम (खिचड़ा), मीठा पुलाव एवं चिकन बिरयानी की विशेष व्यवस्था की। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

## सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन के निकट ट्रैक के किनारे अज्ञात शव बरामद

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक के पास आज एक अज्ञात अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर जीआरपी बुढ़वल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की।जीआरपी के अनुसार, सुढ़ियामऊ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक किनारे करीब 55 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जीआरपी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो तो निकटतम जीआरपी थाना अथवा जीआरपी बुढ़वल को सूचना दें, जिससे मृतक की शिनाख्त कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा सके।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** हाईवे के किनारे संचालित जनरल स्टोर के सामने कुर्सी पर बैठकर चाय पी रहे एक अधेड़ को तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से मौत हो गयी। कस्बा व थाना रामनगर निवासी 50 वर्षीय सब्बीर अहमद उर्फ (बाबू) पुत्र वसीर अहमद मंगलवार को केसरीपुर क्रॉसिंग मोड़ के पास लखनऊ गोण्डा हाइवे के किनारे पटरी पर संचालित जनरल स्टोर के सामने कुर्सी पर बैठे चाय पी रहे थे उसी समय गोण्डा की ओर से आ रही। तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और कुर्सी के परखच्चे उड़ गए।

# जनपद में 'निपुण संकल्प कार्यशाला' आयोजित



**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, असेनी में बाराबंकी एवं अयोध्या जनपद के खंड शिक्षा अधिकारियों, डायट मेंटर्स, राज्य स्तरीय संदर्भ समूह (एसआरजी) तथा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) के लिए एक दिवसीय 'निपुण संकल्प कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह (आईएएस) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) में दक्ष बनाना है। यह लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब शिक्षक नवाचारी, बाल-केंद्रित एवं परिणामोन्मुखी शिक्षण पद्धतियों को अपनाते हुए प्रत्येक बच्चे के अधिगम पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एफएलएन के लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में प्राप्त करना सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों की सक्रिय भूमिका, विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरक शैक्षिक वातावरण, सतत शैक्षणिक अनुश्रवण तथा नियमित मूल्यांकन निपुण भारत मिशन की सफलता के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने अधिकारियों से विद्यालयों का नियमित शैक्षणिक पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने तथा नवाचारों के माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने का आह्वान किया।कार्यशाला में निपुण भारत मिशन के विजन, उद्देश्यों एवं कार्यनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों द्वारा एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति, प्रभावी कक्षा-कक्ष शिक्षण, अधिगम परिणामों में सुधार, शिक्षण गुणवत्ता के संवर्धन तथा विद्यालयों में सीखने के अनुकूल एवं प्रेरक वातावरण विकसित करने के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागियों को विद्यालय स्तर पर मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना, नवाचारों एवं व्यवहारिक रणनीतियों से भी अवगत कराया गया।कार्यशाला का संचालन जिला समन्वयक (निपुण) अमित कुमार श्रीवास्तव, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) श्रीमती विनीता मिश्रा तथा निपुण भारत मिशन के विशेषज्ञ शिवेश एवं सुश्री पल्लवी ने किया।इस अवसर पर डायट प्राचार्य अमित कुमार यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक सहित बाराबंकी एवं अयोध्या जनपद के शिक्षा विभाग के अधिकारी, डायट मेंटर्स, एसआरजी, एआरपी एवं शैक्षिक संसाधन समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### 16 वर्षीय किशोर की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के बहुतई गांव में मंगलवार सुबह खेत की जुताई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसारए मंगलवार सुबह करीब 10 बजे संदीप साहू ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान उनका 16 वर्षीय भतीजा दिव्यांशु रोटावेटर पर चढ़ने लगा। अचानक उसका पैर रोटावेटर की मशीन में फंस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नसीराबाद थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की, लेकिन परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की। इस हृदयविदारक हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने कृषि कार्य के दौरान मशीनों के उपयोग में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### खड़े ट्रैक्टर टैंकर से टकराई रोडवेज बस पेड़ से भिड़ी, चालक घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर चांदा टीकर गांव के पास सोमवार की देर रात एक रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर टैंकर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बस संख्या यूपी 41 एटी 2968 लखनऊ से सवारियां लेकर फतेहपुर जा रही थी। रात करीब 10.30 बजे चांदा टीकर गांव के पास बस सड़क किनारे खड़े पानी के टैंकर से टकरा गई। टक्कर के बाद बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। हादसे में बस चालक राजकुमार पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बीच सड़क पर भिड़े दो पक्ष, मारपीट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** नगर के नई बाजार मोहल्ले में मंगलवार शाम बीच बाजार दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सरेशाम सड़क पर हुई हाथापाई से अफरा-तफरी मच गई। काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। जाम में मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस भी फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाजार में उस समय काफी भीड़ थी। वाहन निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष सड़क पर ही धक्का मुक्की और मारपीट करने लगे। मारपीट के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम इतना बढ़ गया कि मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस भी बीच रास्ते में फंस गई। इससे आसपास मौजूद लोगों में नाराजगी भी दिखी। बाद में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

### चार लोगों पर हमला कर किया घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** घरेलू विवाद में एक ही परिवार के चार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया, जिसमें गम्भीर रुप से घायल अधेड़ को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। बसवई मजरे कमालपुर गाँव के रामदीन 50 वर्ष का उनके ही बेटे से मंगलवार की सुबह विवाद हो गयाए आरोप है कि बेटे व बहू तथा उसके ससुरालीजनों द्वारा रामदीन की बेटी शिवानी 20 वर्ष, शांति देवी 50 वर्ष व बेटे राजकुमार 25 वर्ष की पिटाई कर दी। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। रामदीन जब मामले की शिकायत करने कोतवाली जा रहा थाए तभी मनीरामपुर पुल के पास आरोप है किए उस पर भी जानलेवा हमला किया गया।रामदीन को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल ओमप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

### कृष्ण जन्म प्रसंग से गूंजा कथा पंडाल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** डलमऊ रोड बाईपास स्थित एक उत्सव लॉन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म का पावन प्रसंग सुनाया गया। कृष्ण जन्म का प्रसंग आते ही पूरा कथा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघो, से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में डूब गए और वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा व्यास मुनि चैतन्य जी महाराज ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल एक अवतार ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के गुरु हैं। उन्होंने अजामिल का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान के नाम का सच्चे मन से स्मरण करने वाला व्यक्ति भी भवसागर से पार हो सकता है। नाम की महिमा ही मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा सहारा है। कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के बंधन टूट गए। पहरेदार गहरी निद्रा में सो गए और पूरा वातावरण दिव्य आनंद से भर गया। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास ने बताया कि गर्गाचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम का नामकरण किया था। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के नाम का स्मरण अनेक जन्मों के पापों का नाश करता है। इस अवसर पर बराती लाल यादव, प्रभाकर सविता, शिवा यादव, मनीष जायसवाल, उमाशंकर सिंह, हनुमान यादव, रामचंद्र मिश्रा, बलराम, राजन यादव, मुन्ना, अंकित, सुरेश, गरिमा, सीमाधर्मदास, पूजा, आरती, सुनीता, राजेंद्र, अर्जुन यादव, डॉ सुंदर यादव, हृदयेश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बस्ती के बीच देशी शराब के खुलने का विरोध

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** घनी बस्ती के बीच देशी शराब का खुलने के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी कर ठेका हटाये जाने की मांग की है। परसीपुर गाँव में आबादी के बीच बीते दिनों देशी शराब के ठेका खुलने की वजह से आमजन परेशान है, खासतौर पर महिलाओं ने इस पर विरोध जताते हुए मंगलवार को ठेके के सामने ही नारेबाजी करते हुए ठेका हटाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन कर रही महिला फुलराज आदि ने बताया कि देर रात तक अराजकतत्वों द्वारा ठेके पर शराब पीकर गाली गलौज की जाती हैं और अमर्यादित हरकतें की जाती है, जिससे घर के छोटे छोटे बच्चों एबहन बेटियों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि अगर जल्द ही शराब का ठेका न हटाया गया तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों से करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। इस सम्बंध में आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद था। एसडीएम विवेक राजपूत ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला आबकारी अधिकारी को पत्र लिखकर मामले के सम्बंध में अवगत कराया गया है।

### एसओएफ परीक्षा में सफलता का फहराया परचम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में साइंस ओलम्पियाड फाउंडेशन परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन कर अनेक स्टूडेंट्स ने प्रमाण-पत्र, गिफ्ट-वाउचर एवं कैश-प्राइज प्राप्त किये। एसओएफ की तरफ से सामाजिक विज्ञान में चार बच्चोंए कम्प्यूटर में दो बच्चों ने 500-500 के गिफ्ट-वाउचर व एक बच्चे ने 1000 का कैश-प्राइज एवं हिन्दी में चार बच्चों ने 500-500 कैश-प्राइज और एक ने 500 का गिफ्ट-बाउचर प्राप्त किया।

## राष्ट्र निर्माण में भारत विकास परिषद का योगदान अतुलनीय-दिनेश प्रताप सिंह

### भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर लोगों को संस्कारिक बनाने का लिया गया संकल्प



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस समारोह रायबरेली शहर स्थित एक हॉल में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार, समर्पण, सहयोग एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मूल्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को जरूरतमंदों के उत्थान के लिए आगे आकर सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभानी चाहिए। परिषद के द्वारा नियमित रुप से किए जा रहे सेवा कार्यों को देखते हुए मुख्य अतिथि ने परिषद को शहर में भवन उपलब्ध कराए जाने की घोषणा किया। जिसकी सभी सदस्यों ने मुक्त कंठ से सराहना किया। परिषद के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर बाजपेई ने भारत विकास परिषद के इतिहास, उद्देश्यों एवं सेवा गतिविधियों का विस्तार से परिचय कराया। सचिव प्रभात श्रीवास्तव ने संस्था की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सदस्यता विस्तार कमेटी के संयोजक राकेश कक्कड़ एवं पूर्व अध्यक्ष अम्बरीष अग्रवाल ने परिषद में शामिल नए सदस्यों को परिषद की सदस्यता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन परिषद के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर परिषद के कोषाध्यक्ष विजय सिंह, क्षेत्रीय सेवा संयोजक राजा राम मौर्य, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार अग्निहोत्री, कमलेश श्रीवास्तव, राकेश मिश्रा, गजानन खुबेले, महिला संयोजक सीमा श्रीवास्तव, डॉ बरखा भारती, वाणी पांडे, विजय सिंह, प्रेरणा श्रीवास्तव, निशा सिंह, किरन मिश्रा, हरिश्चन्द्र शर्मा, अजय त्रिवेदी, अजय मिश्रा, सतीश श्रीवास्तव, डॉ ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, राकेश मिश्रा, नीतू चतुर्वेदी, कंचन श्रीवास्तव, सविता सिंह, नीरज गुप्ता, मंगलेश श्रीवास्तव, दिवाकर द्विवेदी, नीलिमा श्रीवास्तव, जितेन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में परिषद को नियमित चिकित्सीय सेवाएं देने वाले डॉ रवि मिश्रा, डॉ एलपी पाण्डेय, डॉ मनोज जयसवाल, डॉ एससी द्विवेदी, डॉ विनय कुमार का सम्मान भी किया गया।

## वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में केस दर्ज कराया था, आरोप था कि भीलमपुर गाँव निवासी शुभम उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की। मंगलवार को पुलिस ने रामचंद्रपुर मोड़ के पास से आरोपित को गिरफ्तार किया है। कोतवाल ओमप्रकाश राय ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपित को जेल भेजा गया है।

## मुख्य चौराहे पर बनी पुलिया का गड्ढा साबित होगा जानलेवा

### 5 दिन पूर्व गड्ढे में बस का गया पहिया बाल बाल बची थी मासूमों की जिंदगी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली।** मुराई बाग कस्बे के मुख्य चौराहे पर जल निकासी के लिए बनाई गई पुलिया अब क्षतिग्रस्त हालत में जानलेवा साबित हो सकती है क्योंकि बीते दिन गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे एक निजी स्कूल की बस गढ्ढे में फंस गई जैसे तैसे फंसी बस को गड्ढे से बाहर कस्बे वासियों की मदद से निकाला गया। गलीमत रही बस के अंदर बैठे तीन दर्जन से ज्यादा बच्चों चोट नहीं आई पर बच्चे डर और सहम जरूर गए। जानकारी केअनुसार एक वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से मुराई बाग मुख्य चौराहे के पास जल निकासी के लिए रोड क्रॉस नाले पुलिया का निर्माण कराया गया था। लगभग दो-तीन महीने पूर्व पुलिया में एक छोटा सा छेद हो गया था, जो समय बीतने के साथ एक बड़े गड्ढे के रूप में तब्दील हो गया है। अब स्थिति यह है दिन प्रतिदिन छोटी मोटी घटनाएं होती रहती है जिससे राहगीर चोटिल हो रहे और जिम्मेदार अधिकारी है कि कुंभकर्णी नींद में सोए सिस्टम की लापरवाही और गैर जिम्मेदार पूर्ण रवैया के कारण किसी दिन बड़ी घटना जानलेवा रूप ले सकती है। ऐसा भी नहीं है कि स्थानी लोगों ने शिकायत न की हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब दो महीने से पुलिया क्षतिग्रस्त है और इसकी मरम्मत के लिए कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश सरकार के मंत्रियों का आवागमन हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी पुलिया की मरम्मत नहीं कराई गई। ऐसा लगता है कि संबंधित विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी की नींद में सोए हुए है और किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे की मरम्मत नहीं कराई गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। अब देखने वाला विषय है आखिर जिम्मेदार विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला कब तक झाडे रहता है और इस ओर ध्यान देता भी है या नहीं।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर अहियापुर रायपुर में हुआ वृक्षारोपण, लिया हरित भविष्य का संकल्प



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** सपा प्रदेश सचिव डॉ शशिकांत शर्मा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर अहियापुर रायपुर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शशिकांत शर्मा ने कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प भी है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण के दौर में हर व्यक्ति को पौधारोपण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्य, नगर अध्यक्ष अज्जू भाई, जिला सचिव श्रवण आजाद, हाजी वसीम, बलराज राना, विजय यादव, डॉ अरूण चौधरी, राजीव पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजवादी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश यादव युवाओं और पर्यावरण के मुद्दों को हमेशा प्राथमिकता देते हैं। उनके जन्मदिन को सेवा और संकल्प के दिन के रूप में मनाकर हम उनके विचारों को जमीन पर उतार रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## पेड़ से टकराया बेकाबू डंपर धू-धू कर जला, चालक घायल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड पर ठुकरा गांव के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर में आग लग गई। हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई। डंपर बांदा जनपद के तिंदवारी थाना क्षेत्र के जोहरापुर गांव निवासी बुद्धिलाल 35 पुत्र फूलचंद चला रहे थे। वह मौरंग लेकर लालगंज की ओर आ रहे थे। ठुकरा मजरे चांदा टीकर गांव के पास अचानक डंपर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं क्लीनर ने भी समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली। हादसे के तुरंत बाद डंपर में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक डंपर का अगला हिस्सा बुरी तरह जल चुका था। पुलिस ने घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## श्रीराम मंदिर में दान व चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेसियो ने निकाली सद्बुद्धि पदयात्रा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में दान व चढ़ावा चोरी के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से मंशा देवी मंदिर निकट रेलवे स्टेशन तक ''सद्बुद्धि पदयात्रा'' निकाली गई। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा व चढ़ावा चोरी से आम जन मानस की आस्था को गहरा धक्का लगा है और लोगों का विश्वास टूटा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उक्त घटना में कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि आस्था से जुड़ी इस सम्पूर्ण घटना में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच कराई जाये और तत्काल ट्रस्ट को भंग कर चारों पीठों के परम पूज्य शंकराचार्यो एवं श्रीराम मंदिर के सम्मानित महंतो को इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाये। शहर अध्यक्ष श्रीवास्तव ने इसे आस्था के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी और शर्मनाक घटना के भंड़ा-फोड़ होने के बाद सिर्फ छोटे लोगों पर कार्यवाही की गई, जबकि मुख्य जिम्मेदार लोगों को पूरे प्रकरण से बचाया जा रहा है।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने चंदा चोरी की इस घटना को 140 करोड़ देश वासियों की आस्था और धर्म पर सीधा हमला बताया, श्रीराम मंदिर के नाम पर राजनीति कर सत्ता में आने वाली भाजपा इस पूरे ''चंदा चोरी प्रकरण'' पर खामोश बैठी है, जो इस बात का सबूत है कि चंदा चोरी प्रकरण में देश के कई सफेद पोश नेता भी शामिल है। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं उपस्थित कांग्रेसजनों ने सरकार की भूमिका पर नाराजगी जताई और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मंशा देवी मंदिर में हवन-पूजन कर भाजपा सरकार को ईश्वर सद्बुद्धि दे, कामना की गयी।

इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी विधानसभा ऊंचाहार अतुल सिंह, वी.के. शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, पद्मधर सिंह, साहबशरण पासवान, सईदुल हसन, छत्रेश कुमार, शिवानंद मौर्या, संजय श्रीवास्तव, सुमित्रा रावत, अंजली पासवान, शैलजा सिंह, लक्ष्मी सिन्हा, आयुष द्विवेदी, हाफिज रियाज, रमाकांत सिंह, प्रियंका रावत, सतीश पासी, अशोक बाजपेई, अनिल मिश्रा, अशरफ खान, आर.के.सिंह, घनश्याम शुक्ला, अम्बरीश बाजपेयी, कामता नाथ गौड़, गिरीश बहादुर सिंह, पल्टू दास, अखिलेश शुक्ला, अजय सिंह, अमित पासी, अनुरूद्ध दीक्षित, केदारनाथ सिंह, नीरज शुक्ला, अखिलेश अवस्थी, विश्वनाथ त्रिपाठी, के.सी.शुक्ला, आशीष द्विवेदी, प्रमोद पाण्डेय, सुनील सिंह भदौरिया, सूर्यकुमार बाजपेयी, सर्वोत्तम मिश्रा, मुन्ना घोसी, प्रीता नेथन, मनोज मिश्रा, मनीष सोनकर, सै.अरशद, शादाब खान, राशिद अंसारी, अमित मिश्रा, यज्ञदेव शर्मा, अंशुमान गांधी, दिनेश गौतम, मो.शमीम, मो.अकील, राहुल सोनकर, अखिलेश मिश्रा, सुमित कुमार, राकेश तिवारी, समुझ लाल धीमान आदि उपस्थित रहे।

## विधायक अशोक कुमार ने पीड़ित परिवार को प्रदान की आर्थिक सहायता



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** विधायक सलोन अशोक कुमार ने तहसील सलोन के ग्राम खम्हरिया पूरे कुशल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृतक स्वर्गीय मेवालाल पुत्र झुरई के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अनुमन्य सहायता प्रदान की तथा भरोसा दिलाया कि सरकार इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उल्लेखनीय है कि ग्राम खम्हरिया पूरे कुशल निवासी स्वर्गीय मेवालाल की वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद केजीएमयू, लखनऊ में उपचार के दौरान 29 जून 2026 को मृत्यु हो गई थी। घटना के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्रता के अनुसार विभिन्न योजनाओं से परिवार को लाभान्वित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर मृतक की माँ सिरताजा को शासन द्वारा अनुमन्य विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सहायता उपलब्ध कराई गई, जिसमें 0.013 हेक्टेयर आवासीय पट्टा तथा 0.312 हेक्टेयर कृषि पट्टा प्रदान किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत परिवार के दो बच्चों की शिक्षा हेतु 2.500-2.500 रू प्रतिमाह की सहायता के स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए, इसके अतिरिक्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी राजरानी को 1.000 रू प्रतिमाह पेंशन का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 30.000 रू की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई। वहीं मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की कार्यवाही प्रचलित है, जिसे शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है, परिवार को हर सम्भव मदद शासन-प्रशासन द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सलोन मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण, संबंधित अधिकारी व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहें।

## खाने में कीटनाशक मिलाकर 2 बच्चों को मारने की कोशिश, पिता गिरफ्तार




**स्वतंत्र भारत संवाददाता रायबरेली।** थाना हरचंदपुर पुलिस ने खाने में कीटनाशक मिलाकर अपने दो मासूम बच्चों की हत्या का प्रयास करने के आरोप में एक पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मंगलवार को ग्राम गुनावर कमंगलपुर निवासी सोहिनी पत्नी सुरेश पासी ने थाने में तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका पति सुरेश पासी शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करता है। तहरीर में बताया गया कि आज सुबह करीब 04.00 बजे सोहिनी भोजन बनाकर धान की रोपाई के लिए खेत चली गई थी। घर पर मौजूद उनके 05 वर्ष और 06 वर्ष के दो बेटों ने खाना खाया जिसके बाद दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चों को उपचार के लिए सीएचसी हरचंदपुर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच में भोजन में कीटनाशक मिलने की पुष्टि की। सोहिनी ने आरोप लगाया कि उनके पति सुरेश ने ही खाने में कीटनाशक मिलाकर बच्चों को जान से मारने का प्रयास किया। फिलहाल दोनों बच्चों की स्थिति सामान्य है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

पत्नी की तहरीर के आधार पर थाना हरचंदपुर में मु0अ0सं0-0146/2026 धारा 109 (1)/123/115 (2)/352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी सुरेश पासी पुत्र स्व0 देवतादीन निवासी ग्राम गुनावर कमंगलपुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, म0उ0नि0 मोहिनी, मु0आ0 गौरव कुमार पटेल और रि0आ0 सुन्दरम शामिल थे। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# राजधानी के लिए अमित शाह का ग्रीन मास्टर प्लान

## 100 जलाशय, 70 लाख पौधे और ई-बसें होंगी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरकार दिल्ली के सेंट्रल रिज (केंद्रीय रिज) की जैव विविधता, मिट्टी और पानी की सुरक्षा के लिए कानूनी रास्ता अपनाएगी। यहां एक मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि रिज क्षेत्र में जामुन, आम, अर्जुन और नीम जैसे पेड़ लगाए जाएंगे, जो 100 वर्षों से अधिक समय तक जीवित रहते हैं। इस मेगा वृक्षारोपण अभियान के तहत शहर में 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार अगले चार वर्षों में स्थानीय वृक्ष प्रजातियों के एक करोड़ पौधे, बड़ी वृक्ष प्रजातियों के 23 लाख पौधे और 65 लाख झाड़ियां व औषधीय पौधे लगाकर रिज क्षेत्र के 6,300 हेक्टेयर हिस्से को हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) में बदलेगी। शाह ने रिज को ग्रीन रिज में बदलने के लिए एक भव्य मास्टर प्लान का भी उल्लेख किया। इस मास्टर प्लान के तहत दिल्ली को प्रदूषण मुक्त और हरा-भरा बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रिज में 100 जलाशय, रेस्तरां और नक्षत्र वन, तीर्थंकर वन व वामन वन जैसे छोटे उद्यान विकसित किए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि रिज की जैव विविधता, मिट्टी और पानी का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सुरक्षा का उपयोग किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने 300 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने नरेला में एक उच्च सुरक्षा वाली जेल की डिजिटल रूप से आधारशिला रखी, तीन बस डिपो और नंद नगरी में एक स्वचालित वाहन परीक्षण स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने घोषणा की कि अगले सप्ताह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिल्ली की डेयरियों से एक किलोग्राम गाय का गोबर भी बहकर यमुना नदी में न जाए। शाह ने यह भी रेखांकित किया कि यमुना की सफाई के लिए फिलहाल 129 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू हैं और 29 अन्य पाइपलाइन में हैं।

### राम मंदिर केस के बाद फैसला

# मनसा देवी में बिना जेब वाले कपड़े पहनेंगे पुजारी



**हरिद्वार।** अयोध्या में राम मंदिर में चंदा चोरी के विवाद के बाद मां मनसा देवी मंदिर में दान व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। समिति में सात पुजारियों को शामिल किया

- कमेटी गठित, कैमरों से निगरानी

गया है, सभी बिना जेब वाले कपड़े पहनेंगे। वहीं, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था और मजबूत कर दी गई है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने सभी पुजारियों को पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। श्रीमहंत ने कहा कि मंदिर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंदिर में आने वाले चढ़ावे और दान की व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में शामिल सातों पुजारी बिना जेब वाले कपड़े पहनेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मंदिर व्यवस्था से जुड़ा कोई भी व्यक्ति या पुजारी चढ़ावे और दान की राशि में हेराफेरी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु को उसके दान की गई राशि की रसीद दी जाएगी और चढ़ावे में आने वाली राशि का प्रतिदिन का हिसाब रखा जाएगा। दान राशि और चढ़ावे का उपयोग जनहित में किया जाएगा। मंदिर में चढ़ाए गए नारियल, प्रसाद और फूल को भी दोबारा नहीं चढ़ाया जा सकेगा। अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी विवाद पर श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि चंपतराय को साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। चंपत राय का चरित्र निष्कलंक है और उन पर लगाए जा रहे आरोपों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। जब तक उन पर लगे आरोप सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक उन्हें दोषी मानना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच जारी है, जल्द ही सब कुछ साफ हो जाएगा।

# मैहर : सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**मैहर।** मैहर जिले में सोमवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (एनएच# 30) पर भीषण सड़क घटित हुआ है। देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रिगरा के पास तेज रफ्तार से दौड़ रही एक एक्सयूवी कार सामने चल रहे ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार छह युवक कार के अंदर ही बुरी तरह फंस गए। हादसे में पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी युवक किसी रिश्तेदार के यहां आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होकर मैहर लौट रहे थे। देर रात जब उनकी कार रिगरा गांव के पास पहुंची, तभी सामने चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी अधिक थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। दुर्घटना के बाद वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह दब गया और उसमें बैठे लोग अंदर ही फंस गए।

# कस्टमर केयर अधिकारी बनकर सवा लाख की ठगी

## पीड़ित को भारी पड़ गई गूगल पर सर्च



**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में पुजारी को अस्पताल का हेल्पलाइन नंबर गूगल से ढूंढना काफी महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने अस्पताल का कस्टमर केयर अधिकारी बनकर पीड़ित से सवा लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने 52 वर्षीय पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ लक्ष्मी नगर इलाके में रहते हैं और एक मंदिर में पुजारी हैं। उनको निजी अस्पताल में खुद को दिखाना था। इसके लिए वह अस्पताल का नंबर गूगल की मदद से देखने लगे। गूगल पर देखने के बाद उन्होंने एक नंबर पर कॉल की। आरोपियों ने खुद को अस्पताल का कर्मचारी बताया। आरोपियों ने बताया कि यदि उनको डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेना है तो पहले एक एप डाउनलोड कर पांच रुपये भेजना होगा। आरोपियों ने पीड़ित को एक लिंक भेजा। पुजारी ने लिंक पर क्लिक कर उसे डाउनलोड कर लिया। इसके बाद उन्होंने पांच रुपये भी डाल दिए। पैसे भेजते ही उनका मोबाइल फोन बंद होने के बाद गर्म होने लगे। बड़ी मुश्किल से उनका मोबाइल खुला तो पता चला कि उनके खाते से 1.30 रुपये ट्रांसफर हो चुके थे। बाद में पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने छानबीन के बाद मामला दर्ज कर लिया है। उन खातों की पड़ताल की जा रही है, जिनमें रकम ट्रांसफर हुए हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### एसआईआर ड्यूटी से परेशान टीचर नहर में कूदा

**साथी को अखिरी कॉल की, कहा- काम का प्रेशर ज्यादा**

**बटाला।** गुरदासपुर के काहनूवान में सबराओ ब्रांच की भट्टियां पुल से कूदकर सरकारी टीचर ने सुसाइड कर लिया है। मरने से पहले उसने नहर के पास कार खड़ी की, इसके बाद अपने साथी टीचर को आखिरी कॉल की, जिसमें उसने कहा- मैं एसआईआर से परेशान हूं, अब ज्यादा काम का प्रेशर नहीं सह पाऊंगा। घटना 7 जुलाई सुबह साढ़े 9 बजे की है। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस की मदद से गोताखोरों को बुलाया गया। जिसने टीचर की लाश को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया है। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह के नाम से हुई, जो गांव सलोपुर के रहने वाले थे। वह भैणी मियां खां स्कूल में तैनात थे। पंजाब में 25 जून से स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानी एसआईआर अभियान चल रहा है। इसमें उनकी ड्यूटी लगाई गई थी।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व : चीतल को फल खिलाना पड़ा महंगा

**पहुंच गए जेल**

**उमरिया।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीव को भोजन खिलाना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कार्रवाई की। न्यायालय में पेश किए जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। मगधी गेट के सामने एक व्यक्ति चीतल को केला खिलाता दिखाई दिया था। इस दौरान पचपेढ़ी पर्यटन जोन से सफारी कर लौट रहे एक पर्यटक ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मामला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन के संज्ञान में आया। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति की पहचान अनूप मिश्रा, पिता रमाकांत मिश्रा, निवासी ग्राम बेलिया बड़ी, तहसील कोतमा, जिला अनूपपुर के रूप में की गई। जांच पूरी होने के बाद उनके विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वैधानिक कार्रवाई के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया।

### पंजाब से नकली नोट लाकर खपाने आए हरिद्वार

**20 हजार में खरीदे थे एक लाख, पिता-पुत्र गिरफ्तार**

**हरिद्वार।** यात्रा सीजन के बीच जाली नोट खपाने की साजिश का राजफाश करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने पंजाब के रहने वाले पिता-पुत्रों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 500-500 रुपये के 169 नकली नोट, कुल कीमत 84,500 बरामद किए गए हैं। आरोपियों के पास से 2,350 रुपये की असली नकदी भी मिली है। यह रकम बाजार में नकली नोट चलाकर प्राप्त की गई थी। आरोपियों ने कबूला है कि 20 हजार रुपये में एक लाख के नकली नोट खरीदे थे। पुलिस ने चारों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि रविवार रात नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा की अगुवाई में पुलिस टीम बिल्केश्वर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मेला अस्पताल की तरफ से चार लोग आते दिखाई दिए। चारों पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर तेजी से जाने लगे। संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर टिबड़ी तिराहे के पास चारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से नकली नोट बरामद हुए। आरोपियों की पहचान सरजीत सिंह और उसका बेटा टिंकू निवासी गीता दावा गुरदासपुर पंजाब, संजीव कुमार और उसका पुत्र सुमित कुमार निवासी अरोड़ी मोहल्ला, थाना गुरदासपुर सिटी, जिला गुरदासपुर पंजाब के रूप में हुई है। सभी आपस में रिश्तेदार भी हैं। एसएसपी ने बताया कि तलाशी लेने पर सरजीत सिंह के पास से 39, टिंकू के पास से 43, सुमित कुमार के पास से 41 और संजीव कुमार के पास से 46 नकली नोट बरामद हुए। चारों को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। सोमवार को चारों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# सरकारी राशन में लाखों रुपये की गड़बड़ी उजागर


## तीन संचालकों पर केस दर्ज : स्टॉक में भी हेराफेरी



**धार।** धार जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में ग्रामीणों के सरकारी राशन में हेराफेरी का बड़ा मामला सामने आया है। राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। कलेक्टर राजीव रंजन मीणा के निर्देशन तथा एसडीएम विशाल धाकड़ और जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्रीराम बार्डे के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग की टीम ने संबंधित पंचायतों में पहुंचकर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।जांच में राशन के स्टॉक में भारी गड़बड़ी सहित कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। खाद्य आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन दुकान संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनीता मसराम सहित विभागीय टीम की जांच में तीन प्रमुख मामले सामने आए।

# तंत्र-मंत्र के नाम पर करोड़ों का हेरफेर

## महिला खुद को उज्जैन का बताकर बेचती थी वन्यजीव अवशेष



**उज्जैन।** शादी में आ रही परेशानी हो, किसी को वशीकरण कराना हो या रोजगार से जुड़ी कोई समस्या.... इंस्टाग्राम पर एक महिला खुद को उज्जैन निवासी बताकर और बाबा महाकाल का नाम लेकर वन्यजीवों के अवशेषों के माध्यम से हर समस्या का समाधान करने का दावा कर रही थी। महिला का दावा था कि इन तथाकथित सिद्ध वन्यजीव अवशेषों से लोगों की समस्याएं दूर होने के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी मिलता है। मामला वन्यजीवों के अवशेषों से जुड़ा होने के कारण इसकी शिकायत वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, भोपाल से की गई। शिकायत के बाद उज्जैन वन मंडल के डीएफओ अनुराग तिवारी ने पूरे मामले की जांच कराई। जांच में सामने आया कि महिला का उज्जैन से कोई संबंध नहीं है। वह दिल्ली में रहती है और लोगों का विश्वास जीतने के लिए लगातार बाबा महाकाल और उज्जैन का नाम इस्तेमाल करती है।

जांच में पता यह भी चला कि महिला सोशल मीडिया पर वन्यजीवों के अवशेष, जैसे दांत, बाल, हड्डियां, सींग, नाखून और पंजों को तंत्र-मंत्र से सिद्ध बताकर बेचने का दावा करती थी। वह इन्हें हर प्रकार की समस्या का समाधान बताकर लोगों से मोटी रकम वसूलती थी। डीएफओ अनुराग तिवारी ने बताया कि जांच के दौरान वन विभाग की टीम ने ग्राहक बनकर महिला से संपर्क किया। बातचीत में स्पष्ट हुआ कि वह उज्जैन की रहने वाली नहीं है, बल्कि दिल्ली में रहती है। वह केवल अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए बाबा महाकाल और उज्जैन का नाम इस्तेमाल कर रही थी। जांच में यह भी सामने आया कि जिन बैंक खातों में लोगों से पैसे जमा कराए जा रहे थे, वे सभी केवाईसी के अनुसार दिल्ली के हैं। उन्होंने बताया कि मामले से संबंधित सभी दस्तावेज और जांच रिपोर्ट वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, भोपाल को भेज दी गई है। वहां से यह पूरा प्रकरण आगे की कार्रवाई के लिए दिल्ली भेजा जाएगा, जहां संबंधित एजेंसियां विस्तृत जांच करेंगी।

# जयपुर में परिवार पर चढ़ा ट्रेलर, चार की मौत

**बच्चों के शव टुकड़ों में नाले में गिरे, मां के पैर टूटे**

**जयपुर।** जयपुर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने फुटपाथ पर बैठे एक परिवार के 5 लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन बच्चों और पिता की मौत हो गई। मां के दोनों पैर टूट गए। हादसा इतना भीषण था कि बच्चों के शवों के चिथड़े उड़ गए। एक बच्चे के शव के दो टुकड़े हो गए। सभी लोग नाले में गिर गए। हादसा श्याम नगर थाना क्षेत्र के 200 फीट बाइपास पर कमला नेहरू नगर में मंगलवार सुबह 8:46 बजे हुआ। मृतकों की पहचान राजसमंद के जैतपुरा निवासी चंद्रप्रकाश (40) और उनके बेटों रमेश (11), रतन (10), दीपक (8) के रूप में हुई है। चंद्रप्रकाश की पत्नी कैलाशी (35) गंभीर रूप से घायल है। कैलाशी के दोनों पैर टूट गए हैं। एसएमएस हॉस्पिटल के ट्रॉमा में इलाज चल रहा है। हादसे का शिकार बागरी समाज का परिवार वैशाली नगर में किराए के मकान में रहता था। फुटपाथ पर झाड़ू बनाकर बेचता था। आज सुबह गांव जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था।

# दावा- सिया ने चेतन से चार महीने पहले शादी की

**पुणे।** पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सिया गोयल ने केतन से सगाई के बाद अपने प्रेमी चेतन चौधरी से गुपचुप शादी कर ली थी। दोनों ने

- पुलिस मैरिज सर्टिफिकेट और फोटो खोज रही
- नवंबर में केतन से शादी होनी थी
- केतन हत्याकांड



करीब चार महीने पहले पुणे के रजिस्ट्रार ऑफिस में शादी की थी। पुलिस दावे की पुष्टि के लिए मैरिज सर्टिफिकेट और दूसरे सबूत जुटा रही है। सिया की दो कॉलेज सहेलियों से भी पूछताछ की जा रही है। दावा है कि दोनों शादी में गवाह थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस एक इंस्टाग्राम अकाउंट से डिलीट की गई तस्वीरें भी रिकवर करने की कोशिश कर रही है। इन तस्वीरों में सिया और चेतन वरमाला पहने नजर आ रहे थे। पुलिस को शक है कि दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी रजिस्ट्रेशन कराया था। सिया और केतन 18 जून को पुणे के लोहगढ़ किले पर घूमने गए थे। इसी दौरान केतन की खाई में गिरने से मौत हो गई। आरोप है कि सिया और चेतन ने केतन को किले से 400 फीट गहरी खाई में धक्का दे दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जांच एजेंसियां चेतन चौधरी के बैंक रिकॉर्ड भी खंगाल रही हैं। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या शादी की प्रक्रिया जल्दी पूरी कराने के लिए किसी बिचौलिए को पैसे दिए गए थे। पुलिस को शक है कि उदयपुर में नवंबर में होने वाली शादी की तैयारियां तेज होने के बाद हत्या की साजिश को जल्द अंजाम दिया गया। सिया की स्नैपचैट पर एक दोस्त से की गई बातचीत वायरल हुई थी। इसमें लिखा है- ये शादी नहीं होने वाली है। 25 मई की चैट में सिया अपनी एक दोस्त से शादी की बुकिंग के लिए आधार कार्ड मांगती है। लेकिन इसके बाद लिखा गया एक मैसेज सबसे ज्यादा चर्चा में है- शादी की टिकट के लिए आधार कार्ड फ्रंट-बैक भेज दे, जो होने नहीं वाली लेकिन फिर भी भेज दे।

# दिल्ली से घूमने आई युवती ने शराब के नशे में किया हंगामा

## पुलिसकर्मियों के साथ किया अभद्र व्यवहार

**मसूरी।** मसूरी में दिल्ली से घूमने आए चार पर्यटकों के बीच हुए विवाद की सूचना पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। शराब के अधिक सेवन के कारण एक युवती अपने साथियों से झगड़ने लगी। मामला बढ़ने पर उसके साथियों ने डायल-112 पर पुलिस सहायता मांगी। इस दौरान युवती ने पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि पांच जुलाई को सुबह करीब 3.17 बजे डायल-112 कंट्रोल रूम पर एक महिला ने सूचना दी कि वह अपने तीन साथियों के साथ दिल्ली से मसूरी घूमने आई है। उनके साथ मौजूद एक युवती ने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया है और नशे की हालत में गाली-गलौज व झगड़ा कर रही है। साथियों के नियंत्रण में नहीं आने पर पुलिस सहायता की मांग की गई। सूचना मिलते ही कोतवाली मसूरी ने चौकी लाइब्रेरी क्षेत्र में तैनात चीता पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा। पुलिस ने कॉलर से संपर्क किया तो पता चला कि दो युवक और दो युवतियां लाइब्रेरी चौक के पास मौजूद हैं। इनमें से एक युवती अत्यधिक नशे की हालत में अपने साथियों से अभद्र व्यवहार कर रही थी। पुलिस सभी चारों पर्यटकों को चौकी लाइब्रेरी लेकर पहुंची, जहां युवती को समझाने का प्रयास किया गया। इस दौरान वह नशे के कारण अन्य पर्यटकों, पुलिसकर्मियों तथा अपने साथियों पर अनर्गल आरोप लगाने लगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि देर रात का समय और महिला से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस ने सभी को चौकी में बैठाकर युवती की काउंसलिंग की। कुछ समय बाद जब उसका नशा कम हुआ तो चारों पर्यटकों ने अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त किया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर रवाना कर दिया।

# शोपियां में आतंकियों की तलाश चौथे दिन भी जारी



**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े दो स्थानीय आतंकियों की तलाश के लिए चलाया जा रहा सर्च ऑपरेशन मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। सुरक्षाबलों ने रातभर के विराम के बाद सुबह होते ही फिर से इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, दोनों आतंकियों को 3 जुलाई को मीमंदर इलाके के एक

- सेना-पुलिस-सीआरपीएफ ने पूरे इलाके को घेरा

घने बाग में लगे निगरानी कैमरों में देखा गया था। यह क्षेत्र सात गांवों में फैला हुआ है। इसके बाद सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया।

सुरक्षाबलों ने सोमवार शाम तक चार गांवों की तलाशी पूरी कर ली थी। अधिकारियों ने बताया कि घेराबंदी के दौरान आतंकियों ने सेना के जवानों पर गोलीबारी की, जिसके बाद दोनों ओर से कुछ देर तक मुठभेड़ हुई।

सेना की काउंटर-इंसर्जेंसी यूनिट विक्टर फोर्स ने इलाके में अतिरिक्त जवान तैनात किए हैं, ताकि आतंकियों के भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद किया जा सके। घने पेड़ों और बागों की वजह से गर्मियों के मौसम में तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण हो जाता है, क्योंकि आतंकियों को छिपने और सुरक्षा घेरा तोड़ने के लिए प्राकृतिक आड़ मिल जाती है।

# सेंसेक्स 104 अंक गिरकर 78,181 पर बंद, निफ्टी भी 32 अंक कमजोर होकर 24,399 पर आया



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में चार दिन की तेजी पर मंगलवार को विराम लग गया। सेंसेक्स 104.35 अंक गिरकर 78,180.72 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 31.65 अंक की

### ■ मेटल और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा बिकवाली

गिरावट के साथ 24,398.70 के स्तर पर आ गया। बाजार में आई इस कमजोरी से निवेशकों में सतर्कता बढ़ गई। इसी दौरान रुपया भी डॉलर के मुकाबले 48 पैसे कमजोर होकर 94.95 पर पहुंच गया।

**शेयर दबाव-** अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में तीन फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (क्चश्वरु) के शेयर भी करीब दो फीसदी टूट गए। एनएसई पर कुल 2,084 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि 1,191 शेयरों में बढ़त रही। 109 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**पीएफ सुविधा-** ईपीएफओ पोर्टल के जरिए पीएफ भुगतान की डिजिटल सुविधा शुरू की गई। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के आशीष सिंह ने कहा कि इससे संस्थान सीधे इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सुरक्षित भुगतान कर सकेंगे।

**सेक्टर असर-** क्षेत्रीय स्तर पर निफ्टी मेटल और निफ्टी रियल्टी सूचकांकों में सबसे अधिक दबाव देखने को मिला। दोनों सूचकांकों में 1.6 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, निफ्टी आईटी सूचकांक में दो फीसदी से अधिक की बढ़त रही, जिसने बाजार को कुछ सहारा दिया।

**निवेश सेवा-** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने ग्राहकों के लिए म्यूचुअल फंड वितरण सेवा शुरू की। बैंक के हितेन्द्र झा ने कहा कि यह सुविधा डिजिटल निवेश और वित्तीय योजना को आसान बनाएगी।

**वैश्विक दबाव-** वैश्विक बाजारों में भी कमजोरी का माहौल रहा। लंदन समयानुसार सुबह 6ः51 बजे एसएंडपी 500 वायदा 0.3 फीसदी और नैस्डेक-100 वायदा 0.9 फीसदी नीचे कारोबार कर रहे थे।

**मेटल की मजबूती-** मेटल बॉडी वाले एमजी प्रो वी और एमजी प्रो+ इलेक्ट्रिक स्कूटर 73,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर। 150 किलोमीटर से अधिक रेंज और स्मार्ट फीचर्स वाले इन मॉडलों की जानकारी कोमाकी की सह-संस्थापक गुंजन मल्होत्रा ने दी। एमएससीआई एशिया प्रशांत सूचकांक 1.5 फीसदी और एमएससीआई उभरते बाजार सूचकांक 1.9 फीसदी गिर गया।

**फंड शुरुआत-** इन्वेस्को म्यूचुअल फंड ने समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया। सौरभ नानावटी और हितेन जैन ने इसे अनुभवी निवेशकों के लिए नई निवेश रणनीति बताया।

**एशियाई रुख-** एशियाई बाजारों में भी बिकवाली हावी रही। जापान का टॉपिक्स 0.7 फीसदी, ऑस्ट्रेलिया का स्ऌक्क्रस्ङ्ग 200 0.3 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 0.5 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 1.2 फीसदी नीचे रहा। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा भी 0.4 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा।

# सोना-चांदी में बड़ी गिरावट, सोना 1,500 और चांदी 5,958 सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (ढ्ढक्चछ्व) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,500 रुपये घटकर 1.44 लाख रुपये पर आ गया। वहीं, एक किलो चांदी 5,958 रुपये सस्ती होकर 2.27 लाख रुपये पर पहुंच गई।

**जून असर-** बीते महीने जून में भी दोनों कीमती धातुओं में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। जून के दौरान सोना करीब 15 हजार रुपये और चांदी लगभग 38 हजार रुपये तक सस्ती हुई थी।

**सालभर ट्रेंड-** इस साल सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 31 दिसंबर 2025 को सोना 1.33 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद से अब तक सोना करीब 32 हजार रुपये सस्ता हो चुका है।

**चांदी रिकॉर्ड-** 31 दिसंबर 2025 को चांदी का भाव 2.30 लाख रुपये प्रति किलो था, जो 29 जनवरी को बढ़कर 3.86 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद 159 दिनों में चांदी की कीमत करीब 1.59 लाख रुपये घट चुकी है।

**गिरावट वजह-** सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम समझौते से सुरक्षित निवेश की मांग घटी है। फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा। इसके अलावा रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली और गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में बिकवाली ने भी कीमतों को नीचे खींचा।

**खरीद सलाह-** ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (क्चढ्ढस्) का हॉलमार्क लगा प्रमाणित सोना ही खरीदें। खरीदारी से पहले ढ्ढक्चछ्व या अन्य विश्वसनीय स्रोतों से उस दिन का भाव जरूर जांच लें, क्योंकि 24, 22 और 18 कैरेट सोने की कीमत अलग-अलग होती है।

**चांदी पहचान-** असली चांदी की पहचान के लिए कुछ आसान तरीके अपनाए जा सकते हैं। मैग्नेट टेस्ट में असली चांदी चुंबक से नहीं चिपकती। आइस टेस्ट में बर्फ तेजी से पिघलती है। असली चांदी में किसी प्रकार की गंध नहीं होती, जबकि नकली में धातु जैसी गंध आ सकती है। सफेद कपड़े से रगड़ने पर काला निशान आना भी असली चांदी का संकेत माना जाता है।

# बढ़ने वाला है मोबाइल खर्च, तीन-चार महीने में 15% तक महंगा होगा रिचार्ज

**नई दिल्ली।** मोबाइल उपभोक्ता रीचार्ज दरों में एक और बढ़ोतरी के लिए तैयार रहें। दूरसंचार कंपनियां अगले तीन-चार महीनों में रिचार्ज प्लान 12-15 फीसदी महंगा कर सकती है, क्योंकि बाजार के एकीकरण के बाद इस क्षेत्र में कीमतों का माहौल अधिक अनुकूल हो गया है।ब्रोकरेज फर्म सेंट्रम इंस्टीट्यूशनल रिसर्च ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही की टेलीकॉम एवं इंटरनेट सेक्टर प्रिव्यू रिपोर्ट में कहा, दूरसंचार बाजार में इस समय सिर्फ तीन निजी और एक सरकारी कंपनी बीएसएनएल ही बची हैं। सीमित प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनियों को दाम बढ़ाने का मौका मिल रहा है। आगामी तिमाहियों में ऐसी दो से तीन और बढ़ोतरी संभव है।?हर वृद्धि करोड़ों मोबाइल उपयोगकर्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ा सकती है। दरअसल, दूरसंचार कंपनियां पिछले कुछ समय से मोबाइल टैरिफ में संशोधन की योजना बना रही थीं। हालांकि, प्रतिस्पर्धा के दबाव के कारण वे रुकी हुई थीं। अब, बाजार के स्थिर और सीमित होने के बाद उन्हें मोबाइल टैरिफ के दाम बढ़ाने जैसे कदम उठाने का एक साफ रास्ता दिखाई दे रहा है। दूरसंचार कंपनियों का कहना है कि मुफ्त में 5जी सेवाएं देने से उन्हें वह मुनाफा नहीं मिला, जिसकी उन्होंने उम्मीद की थी। नतीजतन, वे नेटवर्क के बुनियादी ढांचे में किए गए अपने बड़े निवेश की भरपाई मोबाइल टैरिफ बढ़ाकर करना चाहती हैं।

### 1.5 फीसदी तक बढ़ेगा एआरपीयू

सेंट्रम का अनुमान है कि निजी दूरसंचार कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) तिमाही-दर-तिमाही आधार पर एक से 1.5 फीसदी बढ़ेगा। इस वृद्धि के पीछे कई कारक काम कर रहे हैं।

पहला ꞊ अधिक उपयोगकर्ता 2जी से 4जी और 5जी नेटवर्क पर शिफ्ट हो रहे हैं।

दूसरा ꞊ पोस्टपेड ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है।

तीसरा ꞊ जुलाई-सितंबर में पिछली तिमाही की तुलना में बिलिंग के दिन अधिक हैं।

### ग्राहक राजस्व बढ़ाना लक्ष्य

रिपोर्ट में कहा गया है कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं का लक्ष्य प्रति उपयोगकर्ता राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि करना है। वे प्रत्येक ग्राहक से अधिक राजस्व कमाना चाहते हैं। इसलिए, टैरिफ में बढ़ोतरी एक साथ दो लक्ष्यों को पूरा करेगी। यह पिछले निवेश की लागत वसूलने में मदद करेगी और प्रति ग्राहक भविष्य की कमाई को भी बढ़ाएगी। रिपोर्ट पुष्टि करती है कि यह कदम देरी से होने के बजाय जल्द उठाया जा सकता है।

# स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों को बड़ी राहत, एनपीएस में मिले दो नए निवेश विकल्प



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय स्वायत्त निकायों (सीएबी) के कर्मचारियों के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत दो अतिरिक्त निवेश विकल्प चुनने की मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्रालय के इस फैसले से लाखों कर्मचारियों को अपनी रिटायरमेंट प्लानिंग अधिक लचीले और बेहतर तरीके से करने का अवसर मिलेगा। **नियम बदलाव-** वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की 13 नवंबर 2025 की अधिसूचना को अब केंद्रीय स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों पर भी लागू कर दिया है। इससे पहले ये अतिरिक्त निवेश विकल्प केवल केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध थे, लेकिन अब इनका लाभ स्वायत्त निकायों के एनपीएस सब्सक्राइबर्स को भी मिलेगा। **पहला विकल्प-** पहला नया विकल्प ''LC-75-हाई'' (पूर्व नाम एग्रेसिव लाइफ) है। यह उन कर्मचारियों के लिए उपयुक्त है जो कम उम्र में अधिक जोखिम लेकर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न चाहते हैं। इस विकल्प में पेंशन फंड का अधिकतम 75 फीसदी हिस्सा इक्विटी (शेयर बाजार) में निवेश किया जा सकता है।

**दूसरा विकल्प-** दूसरा विकल्प एग्रेसिव लाइफ साइकिल फंड (पूर्व नाम बैलेंस्ड लाइफ साइकिल फंड-बीएलसी) है। इसमें अधिकतम 50 फीसदी तक इक्विटी में निवेश की अनुमति होगी। इस योजना की विशेषता यह है कि कर्मचारी की उम्र 45 वर्ष के बाद इक्विटी में निवेश का अनुपात स्वतः कम होने लगता है, जिससे रिटायरमेंट के करीब जोखिम घटता है और निवेश अधिक सुरक्षित बनता है। **निवेशकों का बढ़ा उत्साह-** आरसीबी एडिशन पेश किया नथिंग ने। फोन 4बी स्मार्टफोन और इसका अनुसार इसकी बिक्री 14 जुलाई से शुरू होगी।

**कर्मचारी लाभ-** वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस फैसले का उद्देश्य कर्मचारियों को निवेश में अधिक लचीलापन देना है। अब वे अपनी जोखिम उठाने की क्षमता, वित्तीय लक्ष्यों और रिटायरमेंट की जरूरतों के अनुसार निवेश विकल्प चुन सकेंगे। इससे कर्मचारियों को बेहतर पेंशन फंड तैयार करने का अवसर मिलेगा और एनपीएस पहले की तुलना में अधिक आकर्षक बनेगा।

**लागू प्रक्रिया-** सरकार ने इस फैसले को लागू करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। वित्त मंत्रालय ने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को निर्देश दिया है कि वे अपने प्रशासनिक नियंत्रण वाले केंद्रीय स्वायत्त निकायों को नए निवेश विकल्पों की जानकारी दें। इसके बाद कर्मचारी अपने नियोक्ता के माध्यम से इन विकल्पों का चयन कर सकेंगे।

**बेहतर योजना-** एनपीएस के तहत निवेश के इन दो नए विकल्पों का दायरा स्वायत्त निकायों तक बढ़ने से कर्मचारियों को अपनी पेंशन योजना को जरूरत और जोखिम क्षमता के अनुसार तैयार करने की सुविधा मिलेगी। इससे वे बाजार आधारित बेहतर रिटर्न या संतुलित और सुरक्षित निवेश, दोनों में से अपनी पसंद के अनुसार विकल्प चुन सकेंगे।

# विनिर्माण क्षेत्र का भरोसा परखेगा आरबीआई, जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए शुरू किया औद्योगिक आउटलुक सर्वेक्षण



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए अपने तिमाही औद्योगिक आउटलुक सर्वेक्षण का 115वां दौर शुरू किया। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही के लिए कारोबार की भावना का आकलन करना है।

**कवरेज अवधि-** आरबीआई की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह सर्वेक्षण जुलाई-सितंबर 2026 की संदर्भ अवधि को कवर करेगा। इसमें वर्तमान कारोबारी स्थिति का आकलन किया जाएगा। इसके अलावा, अक्तूबर-दिसंबर 2026 तिमाही के लिए कारोबारी अपेक्षाओं का भी मूल्यांकन होगा। केंद्रीय बैंक ने बताया कि यह सर्वेक्षण वर्तमान तिमाही और आगामी तिमाही के लिए कारोबारी भावनाओं का आकलन करता है।

**मुख्य उद्देश्य-** यह सर्वेक्षण विनिर्माण कंपनियों से प्रमुख कारोबारी संकेतकों पर प्रतिक्रियाएं प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। इनमें मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति शामिल हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सर्वेक्षण अगली दो तिमाहियों यानी जनवरी-मार्च 2027 और अप्रैल-जून 2027 के लिए भी महत्वपूर्ण कारोबारी मापदंडों पर दृष्टिकोण एकत्र करेगा। यह तिमाही आधार पर आयोजित किया जाने वाला सर्वेक्षण है, जिसका उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र में कारोबारी विश्वास और अपेक्षाओं का आकलन करना है।

**प्रक्रिया-** वर्तमान दौर के लिए मेसर्स जेनेसिस मैनेजमेंट को आरबीआई की ओर से सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह एजेंसी चुनिंदा विनिर्माण कंपनियों से सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए संपर्क करेगी। हालांकि, आरबीआई ने अन्य विनिर्माण कंपनियों को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। इच्छुक कंपनियां केंद्रीय बैंक की वेबसाइट के सर्वेक्षण अनुभाग से प्रश्नावली डाउनलोड कर सकती हैं।

**जमा प्रक्रिया-** आरबीआई के अनुसार, इच्छुक कंपनियां प्रश्नावली भरकर सर्वेक्षण दस्तावेज में दिए गए संपर्क विवरण के माध्यम से ईमेल पर विधिवत प्रमाणित प्रतिक्रियाएं भेज सकती हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सर्वेक्षण कारोबारी गतिविधि के विभिन्न पहलुओं पर विनिर्माण कंपनियों से गुणात्मक आकलन और भविष्य की अपेक्षाएं प्राप्त करता है।

**भागीदारी-** नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत कॉन्क्लेव में शिशिर बजाज को महाराष्ट्र का गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

**सर्वे परिणाम-**सर्वेक्षण में मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार के रुझान और मूल्य के माहौल जैसे पहलुओं का आकलन किया जाता है। इसके जरिए वर्तमान कारोबारी भावना के साथ-साथ आने वाली तिमाहियों के लिए उद्योग की अपेक्षाओं का भी अनुमान लगाया जाता है। आरबीआई नियमित रूप से इस औद्योगिक आउटलुक सर्वेक्षण के निष्कर्षों को सारांश प्रारूप में प्रकाशित करता है। इससे व्यक्तिगत उत्तरदाताओं की गोपनीयता बनाए रखते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कारोबारी विश्वास और अपेक्षाओं का समग्र संकेत मिलता है।

# 6 साल की सबसे बड़ी कटौती, सऊदी अरब ने सस्ता किया कच्चा तेल, भारत को कितना होगा फायदा?

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में शामिल सऊदी अरब ने कच्चे तेल की कीमत में 26 वर्षों की सबसे बड़ी कटौती कर वैश्विक ऊर्जा बाजार को चौंका दिया है। अगस्त के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत में 11 डॉलर प्रति बैरल की कमी की गई है। इससे पहले जुलाई के लिए भी 6 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की गई थी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से सामान्य होने के बाद तेल की आपूर्ति बढ़ गई है और बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा भारत जैसे देशों को मिल सकता है, जो अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करते हैं। सऊदी अरब ने एशियाई ग्राहकों के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत ओमान-दुबई बेंचमार्क से 1.50 डॉलर प्रति बैरल कम तय की है। वहीं ओपेक+ और उसके सहयोगी देशों, जिनमें रूस भी शामिल है, ने अगस्त से प्रतिदिन 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इससे पहले जून और जुलाई में भी उत्पादन बढ़ाया गया था। बढ़ती आपूर्ति के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत घटकर लगभग 71.7 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। बाजार का मानना है कि अधिक आपूर्ति के चलते तेल की कीमतों पर दबाव बना रहेगा। सऊदी अरब ने इतनी बड़ी कटौती क्यों की? वैश्विक तेल बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।

फारस की खाड़ी के प्रमुख तेल उत्पादक देशों ने उत्पादन बढ़ा दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही फिर सामान्य हो गई है। सऊदी अरब का कच्चे तेल का निर्यात युद्ध-पूर्व स्तर के करीब पहुंच गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने भी तेल की आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी है। ओपेक+ देशों ने अगस्त से उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। अधिक आपूर्ति के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

एशियाई ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कीमतें घटाई गई हैं।

उद्देश्य दूसरे तेल उत्पादक देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बने रहना है।

### भारत को इससे क्या फायदा हो सकता है?

भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। ऐसे में कच्चा तेल सस्ता होने से भारतीय रिफाइनरियों की लागत घट सकती है। इससे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर पड़ने वाला वित्तीय दबाव कम होगा। तेल विपणन कंपनियों को पिछले कुछ समय से बाजार मूल्य से कम कीमत पर ईंधन बेचने और एलपीजी पर नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब सस्ता कच्चा तेल इन कंपनियों के नुकसान को कुछ हद तक कम कर सकता है। साथ ही सरकार पर एलपीजी सब्सिडी का बोझ भी घटने की संभावना है।

# मई में भारतीय विमानन कंपनियों के जहाजों पर 1.53 करोड़ घरेलू यात्रियों ने भरी उड़ान



**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस ने मई में 1.53 करोड़ घरेलू यात्रियों को उड़ान भरी। यह आंकड़ा अप्रैल में उड़ान भरने वाले 1.38 करोड़ लोगों से 11 फीसदी अधिक है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई 2025 की तुलना में घरेलू हवाई यातायात में 9.49 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की मई की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। जनवरी से मई 2026 के दौरान घरेलू एयरलाइंस द्वारा कुल 729.40 लाख यात्रियों को ले जाया गया। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह संख्या 715.70 लाख थी। इस प्रकार, वार्षिक वृद्धि 1.91 फीसदी और मासिक वृद्धि 9.49 फीसदी रही।

### एयरलाइंस के बाजार हिस्सेदारी में क्या बदलाव आया?

मई में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी घटकर 64.9 फीसदी हो गई। वहीं, एअर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 25.6 फीसदी पर पहुंच गई। अकासा एयर की बाजार हिस्सेदारी 5.8 फीसदी पर अपरिवर्तित रही। वहीं, स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी इस महीने घटकर 2.5 फीसदी रह गई। यह आंकड़े एयरलाइंस के प्रदर्शन और यात्रियों की पसंद को दर्शाते हैं।

### ओटीपी के मामले में कौन सी एयरलाइन आगे रही?

मई में 10 प्रमुख हवाई अड्डों पर समय पर प्रदर्शन (ओटीपी) के मामले में इंडिगो सबसे आगे रही। इंडिगो का ओटीपी 82.8 फीसदी दर्ज किया गया। अकासा एयर 78.3 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर रही। एअर इंडिया समूह का ओटीपी 74.5 फीसदी रहा। एलायंस एअर का ओटीपी 70.5 फीसदी था, जबकि स्पाइसजेट का ओटीपी 26.5 फीसदी रहा।

### यात्रियों को हुई असुविधाओं और मुआवजे का क्या रहा हाल?

मई में निर्धारित घरेलू एयरलाइंस की कुल रद्दीकरण दर 0.55 फीसदी रही। डीजीसीए की रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान रद्द होने से 63,723 यात्री प्रभावित हुए। एयरलाइंस ने मुआवजे और सुविधाओं के लिए 70.32 लाख रुपये खर्च किए। उड़ान में देरी से 1.77 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। एयरलाइंस ने इस मद में 4.24 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। इस महीने 900 यात्रियों को उड़ान भरने से रोका गया। वाहकों ने मुआवजे और सुविधाओं के लिए 98.60 लाख रुपये का भुगतान किया।

# सरकार ने एयर सुविधा 2.0 पोर्टल लॉन्च किया, अब भारत आने वाले हर यात्री को हेल्थ डिक्लेरेशन फॉर्म भरना जरूरी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए एयर सुविधा पोर्टल को नए रूप में %एयर सुविधा 2.0% नाम से दोबारा शुरू किया है। अब यूएई सहित दुनिया के किसी भी शहर से भारत आने वाले हर अंतरराष्ट्रीय यात्री को उड़ान भरने से पहले यह ऑनलाइन हेल्थ डिक्लेरेशन फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। यह नियम सभी यात्रियों पर लागू होता है, चाहे वे किसी भी देश के नागरिक हों या भारतीय नागरिक हों। यहां तक कि जिन यात्रियों का प्रभावित देशों से कोई पुराना इतिहास नहीं रहा है, उन्हें भी यह फॉर्म भरना जरूरी है।

**WHO की घोषणा के बाद एविएशन मिनिस्ट्री का फैसला-** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने 17 मई 2026 को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में इबोला वायरस के प्रकोप को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया था। इसी के बाद भारत के मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन और दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के साथ मिलकर 25 जून को एयर सुविधा 2.0 लॉन्च किया है। यह प्रोसेस बेहद छोटी है और इसे बोर्डिंग या वेब चेक-इन के समय पूरा किया जा सकता है। विदेशी यात्रियों के लिए यह ई-अराइवल कार्ड के अलावा एक एडिशनल स्टेप है, यह उसका रिप्लेसमेंट नहीं है।

**एयर सुविधा 2.0 फॉर्म भरने की प्रोसेस-**

**अपनी जरूरी डिटेल्स पास रखें-** फॉर्म भरना शुरू करने से पहले अपना पासपोर्ट और फ्लाइट या टिकट की डिटेल्स अपने पास संभालकर रखें। आपको अपना पासपोर्ट नंबर, फ्लाइट नंबर और ट्रैवल डेट दर्ज करनी होगी।

**ऑफिशियल पोर्टल पर जाएं-** इसके लिए आपको एयर सुविधा की ऑफिशियल वेबसाइट airsuvidha.civilaviation.gov.in पर जाना होगा। आप चाहें तो एयरलाइन या चेक-इन काउंटर पर दिए गए त्तक्रकोड को स्कैन करके भी सीधे फॉर्म पर पहुंच सकते हैं।

**ट्रैवल डिटेल्स भरें और वेरिफिकेशन करें-** पोर्टल पर अपनी पर्सनल और फ्लाइट से जुड़ी सारी जानकारी सही-सही भरें। इसके बाद आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा, जिससे आपको अपना नंबर वेरिफाई करना होगा।

**हेल्थ डिक्लेरेशन से जुड़े सवालों के जवाब दें-** आपको पिछले 21 दिनों की अपनी ट्रैवल हिस्ट्री की जानकारी देनी होगी। इसमें पूछा जाएगा कि क्या आपने डीआरसी, युगांडा या दक्षिण सूडान की यात्रा की है, या आप इबोला के संपर्क में आए हैं या आपमें इसके लक्षण हैं। यदि ऐसा नहीं है, तो 'none of the above' चुनें। यह स्टेप हर यात्री के लिए जरूरी है।

**कंफर्मेशन को संभालकर सेव करें-** फॉर्म सबमिट करने के बाद आपको एक कंफर्मेशन नंबर और पावती ईमेल पर मिलेगी। इसका स्क्रीनशॉट ले लें या डाउनलोड कर लें। भारत लैंड होने पर इमिग्रेशन काउंटर पर इसे दिखाना होगा, जिससे वहां आपको कोई पेपरवर्क नहीं करना पड़ेगा।

# आखिरी मिनट में टूटा रोनाल्डो का सपना

## मेरिनो के एक गोल ने पुर्तगाल को विश्व कप से किया बाहर, स्पेन ने 1-0 से हराया

**नई दिल्ली।** फुटबॉल के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो का अपनी टीम को



एक बार फिर विश्व विजेता बनाने का सपना बेहद दर्दनाक मोड़ पर आकर टूट गया. फीफा वर्ल्ड कप के राउंड ऑफ 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल को अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी स्पेन के खिलाफ 0-1 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी. इस हार के साथ ही पुर्तगाल का सफर तो समाप्त हुआ ही, साथ ही रोनाल्डो के ऐतिहासिक वर्ल्ड कप करियर का भी हमेशा के लिए अंत हो गया. मैच खत्म होने की सीटी बजते ही अल-नासर के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने जज्बातों को काबू नहीं रख पाए और मैदान पर ही फूट-फूटकर रोने लगे. रोनाल्डो ने इस नॉकआउट मुकाबले से ठीक पहले ही यह ऐलान कर दिया था कि यह उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप होगा. डलास स्टेडियम में मौजूद हजारों प्रशंसकों ने नम आंखों से इस दिग्गज को विदाई दी और उनके मैदान से बाहर जाते समय खड़े होकर उनका हौसला बढ़ाया।

मैच का फैसला बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ. जब ऐसा लग रहा था कि दोनों टीमें निर्धारित समय में गोल करने में नाकाम रहेंगी और मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में खिंचेगा, तभी 91वें मिनट में स्पेन के सब्सटिट्यूट खिलाड़ी मिकेल मेरिनो ने पुर्तगाली फैंस का दिल तोड़ दिया. स्पेन के फेरान टोरेस ने पुर्तगाल के डिफेंस को भेदते हुए एक बेहतरीन थ्रू-बॉल मेरिनो की तरफ बढ़ाई. मेरिनो ने बिना कोई गलती किए बड़ी ही आसानी से गेंद को पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा के पास से गोल पोस्ट के निचले कोने में डाल दिया. इस एकमात्र गोल ने स्पेन को क्वार्टर फाइनल का टिकट दिला दिया। इस पूरे मुकाबले में दोनों ही टीमों के गोलकीपरों ने कमाल का प्रदर्शन किया. स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन इस मैच के असली हीरो साबित हुए. इस शानदार क्लीन शीट के साथ सिमोन ने वर्ल्ड कप में अपने गोल न खाने के रिकॉर्ड को बढ़ाकर 609 मिनट कर दिया है. इसी के साथ स्पेन ने वर्ल्ड कप इतिहास में लगातार सबसे ज्यादा मैचों में कोई गोल न खाने के इटली (1990) और स्विट्जरलैंड (2006-2010) के सर्वकालिक रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया. दिलचस्प बात यह है कि इस मैच से पहले सिमोन को पूरे टूर्नामेंट में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी थी. राउंड ऑफ 32 के मैच में ऑस्ट्रिया की टीम स्पेन के खिलाफ एक भी शॉट ऑन टारगेट नहीं ले पाई थी. लेकिन पुर्तगाल के खिलाफ सिमोन को अपनी पूरी ताकत झोंकनी पड़ी, जहां उन्होंने अकेले क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो बेहद खतरनाक प्रयासों को नाकाम किया. मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली. स्पेन के मिकेल ओयारज़ाबाल ने शुरुआती मिनटों में ही लंबी दूरी से शॉट मारकर पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा की परीक्षा ली. इसके तुरंत बाद पुर्तगाल के जोआओ कान्सेलो ने भी जवाबी हमला किया, लेकिन उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से निकल गया. मैच के आठवें मिनट में स्पेन के पास बढ़त बनाने का सबसे सुनहरा मौका था. दानी ओल्मो के एक बेहतरीन फर्स्ट-टाइम पास ने ओयारज़ाबाल को पुर्तगाल के डिफेंस के पीछे बिल्कुल अकेला छोड़ दिया था, लेकिन वे निशाना चूक गए और गेंद को बाहर मार बैठे. इसके बाद पुर्तगाल ने भी पलटवार किया. ब्रूनो फर्नांडीस ने स्पेन के पेड्रि से गेंद को इंटरसेप्ट किया और रोनाल्डो के लिए मौका बनाया, लेकिन रोनाल्डो के शॉट को उनाई सिमोन ने आसानी से बचा लिया. पहले हाफ के अंत से ठीक पहले डिएगो कोस्टा ने पुर्तगाल के लिए डबल-सेव करते हुए टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा. उन्होंने पहले दाईं ओर से लामिन यमाल के प्रहार को रोका और फिर रीबाउंड पर एलेक्स बाएना के शॉट को अपनी उंगलियों के इशारे से छूकर बाहर का रास्ता दिखाया. दूसरी तरफ, सिमोन ने भी जोआओ फेलिक्स के हेडर को रोका और फिर रीबाउंड पर रोनाल्डो के दमदार वॉली शॉट का शानदार बचाव किया. पुर्तगाल के नूनो मेंडेस का एक शॉट गोल के सबसे करीब पहुंचा था, लेकिन स्पेन के पेड्रो पोरों ने चालाकी से हेडर के जरिए गेंद की दिशा बदलकर उसे क्रॉसबार से टकराने पर मजबूर कर दिया. हाफ-टाइम के बाद स्पेनिश टीम ने मैच पर अपना नियंत्रण पूरी तरह मजबूत कर लियाय. युवा सनसनी लामिन यमाल की एक बेहतरीन फ्री-किक को कोस्टा ने हवा में गोता लगाते हुए बार के ऊपर से निकाला. पुर्तगाल का डिफेंस बेहद मजबूत और अड़ियल साबित हो रहा था, जिसे भेद पाना स्पेन के लिए सिरदर्द बना हुआ था. लेकिन 91वें मिनट में फेरान टोरेस की सूझबूझ और मेरिनो के फिनिश ने मैच का रुख बदल दिया. इसके बाद भी ड्रामा खत्म नहीं हुआ था. 97वें मिनट में पुर्तगाल के सब्सटिट्यूट खिलाड़ी बर्नार्डो सिल्वा के पास मैच को 1-1 की बराबरी पर लाने का आखिरी मौका था, लेकिन उनका हेडर गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया और इसी के साथ पुर्तगाल के सफर और रोनाल्डो के वर्ल्ड कप करियर का दुखद अंत हो गया।




| वर्ल्ड कप | होस्ट | मैच | गोल | टीम का प्रदर्शन |
|---|---|---|---|---|
| 2006 | जर्मनी | 6 | 1 | सेमीफाइनल |
| 2010 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | राउंड ऑफ 16 |
| 2014 | ब्राजील | 3 | 1 | ग्रुप स्टेज |
| 2018 | रूस | 4 | 4 | राउंड ऑफ 16 |
| 2022 | कतर | 5 | 1 | क्वार्टर फाइनल |
| 2026 | अमेरिका-कनाडा-मेक्सिको | 4 | 3 | राउंड ऑफ 16 |

### रोनाल्डो आप हमेशा मेरे लिए प्रेरणा रहेंगे : सिराज

पुर्तगाल की हार के कुछ ही देर बाद मोहम्मद सिराज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम भावुक संदेश साझा किया. सिराज ने लिखा, 'आज जो भी हुआ हो, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता. क्रिस्टियानो, आप हमेशा मेरे लिए प्रेरणा रहेंगे. एक मैच कभी भी आपकी महानता को तय नहीं कर सकता. दुनिया भर के करोड़ों लोगों को प्रेरित करने के लिए आपका धन्यवाद.' सिराज का यह पोस्ट तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. क्रिकेट और फुटबॉल दोनों खेलों के प्रशंसकों ने इस संदेश की जमकर सराहना की।

## एक नज़र

### जिम्बाब्वे दौरे और एशियाई खेलों के लिए लक्ष्मण संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण आगामी जिम्बाब्वे दौरे और आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ बल्लेबाजी कोच के रूप में ऋषिकेश कानितकर और गेंदबाजी कोच के रूप में सुनील जोशी सहयोगी स्टाफ का हिस्सा होंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, यह फैसला इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के बाद सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य सहयोगी स्टाफ को कुछ समय का आराम देने के उद्देश्य से लिया गया है। इंग्लैंड दौरा 19 जुलाई को होने वाले तीसरे वनडे मैच से समाप्त हो रहा है। इसके बाद भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। यह मैच 23, 25 और 27 जुलाई को हरारे में खेले जाएंगे। इंग्लैंड दौरा खत्म होने के महज चार दिन बाद ही इस दौरे की शुरुआत हो जाएगी। लक्ष्मण और उनका सहयोगी स्टाफ एशियाई खेलों में भी भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालेगा। दरअसल, एशियाई खेलों का आयोजन ठीक उसी समय हो रहा है जब भारतीय टीम को घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली इस वनडे सीरीज में मुख्य कोच गौतम गंभीर सीनियर टीम के साथ मौजूद रहेंगे। यह पहला मौका नहीं है जब लक्ष्मण को भारत की टीम की कमान सौंपी गई है। इससे पहले साल 2024 के जिम्बाब्वे दौरे पर भी वह मुख्य कोच थे, जब शुभमन गिल टीम के कप्तान थे और अभिषेक शर्मा ने अपना डेब्यू किया था। इसके अलावा साल 2023 के हांगझोऊ एशियाई खेलों में भी उन्होंने मुख्य कोच की भूमिका निभाई थी, क्योंकि उस वक्त तत्कालीन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ वनडे विश्व कप के लिए सीनियर टीम के साथ व्यस्त थे।

### एशियन बॉक्सिंग में भारत का जलवा: युवा मुक्केबाज मीतेई-आदित्य-सिकंदर की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में चल रही एशियन अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। तीसरे दिन अंडर-19 वर्ग में अंबेडकर मीतेई (50 किग्रा) ने पुरुष वर्ग में दमदार जीत दर्ज की। उन्होंने चीनी ताइपे के ची-यू शियाओ को पहले ही राउंड में रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) के जरिए हराया। लड़कों के 55 किग्रा वर्ग में आदित्य ने किर्गिस्तान के डेनियल ताशतानबेकोव को 5-0 से हराया। वहीं 60 किग्रा वर्ग में सिकंदर ने कोरिया के ताइमिन यांग को भी 5-0 से शिकस्त दी। भारत की जीत का सिलसिला आगे बढ़ाते हुए 75 किग्रा वर्ग में देवेंद्र चौधरी ने चीनी ताइपे के सुंग-लिन त्साई को दूसरे राउंड में आरएससी के जरिए हराकर अगले दौर में जगह बनाई। 70 किग्रा वर्ग में प्रशांत ने कजाकिस्तान के बिबारिस अशिरवे के खिलाफ कड़ा मुकाबला खेला। पहला राउंड 1-4 से हारने के बाद उन्होंने दूसरे राउंड में शानदार वापसी करते हुए 3-2 से जीत हासिल की, लेकिन तीसरे और अंतिम राउंड में 3-2 के मामूली अंतर से हार गए। अंडर-19 वर्ग में भारतीय मुक्केबाजों का लगातार अच्छा प्रदर्शन देश के यूथ बॉक्सिंग कार्यक्रम की मजबूती को दर्शाता है। कई भारतीय बॉक्सर आत्मविश्वास के साथ शुरुआती दौर पार कर अगले चरण में पहुंच रहे हैं। जकार्ता में 5 से 16 जुलाई तक आयोजित एशियन अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप भारतीय युवा मुक्केबाजों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का बड़ा मंच है। यहां उन्हें एशिया के मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिल रहा है, जो भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए उपयोगी साबित होगा। भारत ने अंडर-19 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की थी। पहले दिन वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप की स्वर्ण पदक विजेता चंद्रिका पुजारी ने लड़कियों के 51 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की लखम त्सेंदबातार को 5-0 से हराया। इसके बाद रजत पदक विजेता जॉयश्री देवी ने लड़कियों के 54 किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे की चेन निंग होंग को दूसरे राउंड में रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी) के जरिए हराकर अगले दौर में जगह बनाई। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अंडर-19 और अंडर-23 दोनों वर्गों में मजबूत टीम उतारी है। दोनों आयु वर्ग में 20-20 भारतीय मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को एशिया के शीर्ष मुक्केबाजों के खिलाफ अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है।

### गोला फेंक खिलाड़ी विधि डोप परीक्षण में फेल एशियाई अंडर-23 चैंपियनशिप से बाहर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की प्रतिभावान गोला फेंक खिलाड़ी विधि चौधरी डोप परीक्षण में विफल हो गई हैं जिसके बाद उन्हें चीन के ओर्डोस में गुरुवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप से बाहर कर दिया गया है। राष्ट्रीय खेल 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाली 21 साल की विधि को एशियाई अंडर 23 चैंपियनशिप के लिए 54 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया था। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, 'हां, वह डोप परीक्षण में विफल हो गई है और एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगी।' संपर्क करने पर पटियाला के एनसीओई में ट्रेनिंग करने वाली विधि ने पुष्टि की है कि वह अंडर-23 महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए चीन नहीं जा रही हैं। उन्होंने कहा, मैं चैंपियनशिप के लिए नहीं जा रही हूं। विधि ने इसके अलावा कोई जानकारी नहीं दी। विधि का नमूना मई में प्रतियोगिता के इतर लिया गया था। उन्होंने 2025 में सीनियर फेडरेशन कप में 16.10 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मौजूदा सत्र में उन्होंने नौ मई को पंजाब के संगरूर में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज (सीनियर) पांच में 16.35 मीटर के प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस बीच भारत की सबसे तेज महिला जूनियर धाविका और एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप की पदक विजेता निपम चौहान एनाबॉलिक स्टेरॉयड स्टैनोजोलोल और इसके मेटाबोलाइट के लिए दो बार पॉजिटिव पाई गई हैं और उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

## बेथ मूनी महिला टी20 की नंबर एक बल्लेबाज बनीं, गेंदबाजों में श्री चरणी शीर्ष पर बरकरार

**नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में 47.60 की औसत के साथ 238 रन बनाने वालीं बेथ मूनी महिला बल्लेबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मूनी इस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहीं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड सीतवीं बार खिताब जिताने में अहम योगदान दिया। प्लेयर ऑफ द सीरीज बेथ मूनी फाइनल मैच में 49 गेंदों में 10 चौकों के साथ 64 रन की पारी खेलकर मूनी प्लेयर ऑफ द मैच भी चुनी गईं थीं। ऐसा पांचवीं बार है, जब मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची हैं। उनसे ज्यादा समय तक दुनिया की नंबर 1 बल्लेबाज रहने का रिकॉर्ड सिर्फ कैरन रॉल्टन के नाम है। मूनी (785 रेटिंग) ने एक पायदान की छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया की हमवतन जॉर्जिया वोल (779 रेटिंग) को पछाड़ दिया है, जो अब दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। साउथ अफ्रीका की लाउरा वोलवार्ट (771 रेटिंग) को भी एक पायदान का नुकसान हुआ है, जो अब तीसरे स्थान पर खिसक गई हैं। उनके बाद चौथे स्थान पर हेली मैथ्यूज (754) और पांचवें पायदान पर भारत की स्मृति मंधाना (746) हैं। ताजा रैंकिंग में सबसे ज्यादा सुधार करने वालों में दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रित्ज शामिल हैं, जो तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर आ गई हैं। इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर ब्रंट शानदार विश्व कप अभियान के बाद पांच स्थान ऊपर चढ़कर 16वें नंबर पर पहुंच गई हैं। सिवर ब्रंट की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में नाबाद 58 रन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 75 रनों की पारी ने रैंकिंग सुधारने में अहम भूमिका निभाई। महिला टी20 विश्व कप 2026 में पांच मुकाबले खेलकर सर्वाधिक 14 विकेट हासिल करने वाली भारतीय स्पिनर श्री चरणी आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं।

## अफगानिस्तान पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान का निधन

**काबूल।** अफगानिस्तान क्रिकेट के शुरुआती दौर के सबसे अहम खिलाड़ियों में शामिल पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान का 39वें जन्मदिन से एक दिन पहले निधन हो गया। वह लंबे समय से दुर्लभ और जानलेवा बीमारी हीमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस (एचएलएच) से जूझ रहे थे और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शापूर जादरान ने 2009 से 2020 के बीच अफगानिस्तान के लिए 44 वनडे और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने वनडे में 43 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 37 विकेट अपने नाम किए।

## क्रिकेट इतिहास का सबसे खतरनाक ओवर, 6 गेंदों में वर्चस्व की लड़ाई, तब 2 ऑलराउंडर्स के बीच हो गया बवाल

**नई दिल्ली।** ज्यादातर 22 गज की पट्टी पर खेली गई पारियों, आतिसी बल्लेबाजी का जिक्र होता है पर जैसे ही क्रिकेट के इतिहास पर नजर डालते है और गेंदबाजों के प्रदर्शन को याद करते है तो कुछ स्पेल ऐसे जेहन में आते है हैं जो हमेशा-हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं जब भी हम गेंद और बल्ले के बीच के सबसे खतरनाक संघर्ष की बात करते हैं, तो हमारे दिमाग में वहाब रियाज़ और शेन वॉटसन, एलन डोनाल्ड और माइक आर्थटन, या मिचेल जानसन और विराट कोहली के वो तीखे मुकाबले घूम जाते है लेकिन चलिए, वक्त के पहिए को थोड़ा और पीछे घुमाते हैं और चलते हैं उस ऐतिहासिक भिड़ंत की तरफ, जिसने टेस्ट क्रिकेट को एक अलग ही लेवल पर पहुंचा दिया था। एक तरफ खड़े थे 'दक्षिण अफ्रीका की दीवार' कहे जाने वाले सर्वकालिक महान ऑलराउंडर जैक कैलिस, और दूसरी तरफ थे इंग्लैंड की 2005 एशेज विजेता टीम के सबसे बड़े हीरो, वन ऑफ द बेस्ट ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ. ये दो सुपर-स्टार स्टेटस वाले ऑलराउंडर्स के बीच मुकाबला था या यूं कहे वर्चस्व की एक ऐसी लड़ाई जो ये तय करती की इनमे बेस्ट कौन है।

साल 2008 में इंग्लैंड के एजबेस्टन (बर्मिंघम) मैदान पर खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के दौरान एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने जैक कैलिस को जो ओवर फेंका था, वह आज भी क्रिकेट इतिहास का सबसे खतरनाक और जबरदस्त ओवर माना जाता है. फ्लिंटॉफ की उस तूफानी तेजी, कातिलाना बाउंसरों और अंदर आती गेंदों ने महान कैलिस जैसे बल्लेबाज को भी घुटनों पर ला दिया था. कैलिस जैसा मजबूत बल्लेबाज भी उस वक्त क्रीज पर बेबस नजर आ रहा था। उसी ऐतिहासिक ओवर के दौरान एक ऐसा पल भी आया जब फ्लिंटॉफ की एक बेहद तेज और इन-स्विंगर गेंद सीधे कैलिस के टोए पर जा लगी. पूरा स्टेडियम और इंग्लैंड की टीम अपील से गूंज उठी साफ लग रहा था कि कैलिस आउट हैं, लेकिन अंपायर थे पाकिस्तान के दिग्गज अलीम डार ने कैलिस को नॉट आउट करार दिया. हालांकि, रीप्ले में साफ दिखा कि गेंद सीधे स्टंप्स पर लग रही थी अगर उस वक्त आज की तरह 'ड्रस' यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम होता, तो कैलिस को पवेलियन लौटना ही पड़ता!भले ही अंपायर अलीम डार ने उसे नॉट आउट दिया हो, लेकिन फ्लिंटॉफ के उस जादुई स्पेल और आग उगलती गेंदों ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम हमेशा के लिए दर्ज करा लिया।

## कोहली के साथ दोस्ती पर क्या बोले जोकोविच?: भारतीय बल्लेबाज संग क्रिकेट खेलने की चाह, भारत दौरे पर भी दिया जवाब

**नई दिल्ली।** 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली के प्रति अपने लगाव को जाहिर किया है। जोकोविच ने कहा है कि वह कोहली के साथ टेनिस और क्रिकेट दोनों खेलना पसंद करेंगे। इसके साथ ही इस टेनिस दिग्गज ने खुलासा किया कि वह जल्द ही भारत दौरे की योजना बना रहे हैं और इस सिलसिले में दोनों दिग्गज खिलाड़ी एक दूसरे के संपर्क में हैं। विराट कोहली और जोकोविच काफी समय से इंस्टाग्राम के जरिए जुड़े हुए हैं और एक दूसरे के करियर की सराहना करते रहे हैं। अब यह सोशल मीडिया की दोस्ती जल्द ही असल मुलाकात में बदलने जा रही है। विंबलडन 2026 के इतर जोकोविच ने बताया कि वह भारत दौरे की योजना बना रहे हैं, जहां उन्हें कोहली से व्यक्तिगत रूप से मिलने की उम्मीद है। जोकोविच ने कहा, मैं विराट कोहली के साथ क्रिकेट और टेनिस खेलना पसंद करूंगा। मैं निकट भविष्य में भारत आने की



योजना बना रहा हूं और हम इस बारे में बातचीत कर रहे हैं। मैं जानता हूं कि विराट एक ग्लोबल स्टार हैं, लेकिन विशेष रूप से भारत में उनका रुतबा अविश्वसनीय है। मैं चाहूंगा कि कोहली मेरे मेजबान बनें और मुझे भारत घुमाएं। मेरे मन में उनके और भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत सम्मान है। मेरे देश सर्बिया में क्रिकेट इतना लोकप्रिय नहीं है, लेकिन मेरी टीम के कुछ सदस्य ब्रिटिश हैं और वे क्रिकेट को बेहद पसंद करते हैं। विंबलडन में सात बार के चैंपियन रह चुके सर्बियाई स्टार जोकोविच का मुकाबला अब फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से है जहां उनकी नजरें अपने आठवें विंबलडन खिताब पर टिकी हैं। अपने पसंदीदा टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए जोकोविच ने कहा, मेरी विरासत का एक बड़ा हिस्सा विंबलडन में हासिल की गई कामयाबियों पर टिका है। मैंने यह बात कई बार कही है और मैं हमेशा इसे लेकर मुखर रहा हूं। यह वही टूर्नामेंट है जिसे जीतने का सपना मैंने बचपन में देखा था।

## चैंपियन अर्जेंटीना की दमदार जीत

### पिछड़ने के बाद मिस्र को 3- 2से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

**नई दिल्ली।** खेल की दुनिया कुछ ऐसी ही. इतनी ही खूबसूरत और रोमांचक, जितनी फीफा विश्व कप में मंगलवार को तीन बार के विश्व चैंपियन अर्जेंटीना और मिस्र के बीच खेले गए मुकाबले में देखने को मिली. एक ऐसा रोमांचक मुकाबला, जिसने फुटबॉलप्रेमियों का पूरा पैसा वसूल करा दिया, जिसमें तीन बार के विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने पहली बार नॉकआउट में खेलने वाले मिस्र के खिलाफ 2-0 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 3-2 से जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। मैच के 15वें मिनट में ही मिस्र ने तब सभी को को हैरान कर दिया. मारवान अत्तिया द्वारा लिए गए कॉर्नर किक पर डिफेंडर यासेर इब्राहिम ने लिसांद्रो मार्टिनेज के ऊपर से शानदार हेडर लगाते हुए अर्जेंटीना के गोलकीपर एमी मार्टिनेज को छकाकर गेंद को सीधे नेट में डाल दिया. यह गोल खान के छह मिनट बाद ही अर्जेंटीना को बराबरी का मौका मिला था, लेकिन फुटबॉल के गॉड कहे जाने वाले लियोनेल मेस्सी पेनल्टी पर चूक गए. खेल के 21वें मिनट में कप्तान लियोनेल मेसी की पेनल्टी को मिस्र के गोलकीपर मोस्तफा शोबेर ने शानदार तरीके से जज करते हुए बाईं तरफ डाइव लगाकर रोक लिया। अर्जेंटीना और मेस्सी बदकिस्मती आगे भी जारी रही. और खेले के 31वें मिनट में मेसी ने एक बेहतरीन फ्री-किक ली जो मिस्र के गोलकीपर को बीट करने के बाद सीधे पोस्ट के ऊपरी हिस्से से टकराकर बाहर चली गई. लेकिन पहले गोल के कॉन्फिडेंस पर सवार मिस्र नियमित अंतराल पर हमले करता रहा. हालांकि, उससे पहला हाफ खत्म होने तक सफलता नहीं मिली, लेकिन दूसरा हाफ में 21वां मिनट फिर से उसके लिए खुशखबरी लेकर आया. मैच के 66वें मिनट में मिस्र के फारवर्ड मोस्तफा जिको ने एक और गोल दागकर टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया. इससे अर्जेंटीना की मुश्किलें बहुत ही ज्यादा बढ़ गईं. इस गोल ने अर्जेंटीना के खिलाड़ियों की शारीरिक भाषा पूरी तरह बदल दी।

## विम्बलडन 2026 : क्वार्टर फाइनल में गॉफ, मुचोवा, सिनर और ज्वेरेव ने मारी बाजी, जोकोविच का मुकाबला रहा चर्चा में

**नई दिल्ली।** अमेरिका की सातवीं वरीय कोको गॉफ ने अपने करियर का एक और बड़ा मुकाम हासिल करते हुए पहली बार विम्बलडन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। ऑल-अमेरिकन क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने चौथी वरीय जेसिका पेगुला को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद गॉफ ने अपनी सर्विस में सुधार किया और आक्रामक बेसलाइन खेल के दम पर लगातार दो सेट जीत लिए। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि गॉफ इससे पहले विम्बलडन में कभी अंतिम चार तक नहीं पहुंच सकी थीं। अब वह अपने करियर का पहला विम्बलडन खिताब जीतने से सिर्फ दो जीत दूर हैं।

महिला वर्ग के दूसरे क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य की करोलिना मुचोवा ने पूर्व नंबर एक नाओमी ओसाका को 7-6 (7-4), 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन मुचोवा ने महत्वपूर्ण मौकों पर कम गलतियां कीं और नेट पर शानदार खेल दिखाया। पहले सेट के टाईब्रेक में बढ़त बनाने के बाद उन्होंने दूसरे सेट में ओसाका की सर्विस तोड़ते हुए मैच अपने नाम कर लिया। अब महिला सेमीफाइनल में कोको गॉफ और करोलिना मुचोवा आमने-सामने होंगी।

पुरुष एकल में मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने जर्मनी के अनुभवी यान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-5, 7-6 (7-4), 6-3 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्ट्रफ ने पहले दो सेटों में कड़ी चुनौती दी, लेकिन सिनर ने दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। तीसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह मैच पर नियंत्रण कर लिया और सीधे सेटों में जीत दर्ज कर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी मजबूत कर दी। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को 6-4, 7-5, 3-6, 7-6 (8-6) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। बारिश और कर्फ्यू के कारण यह मुकाबला दो दिनों तक चला। तीसरा सेट गंवाने के बाद ज्वेरेव पर दबाव बढ़ गया था, लेकिन चौथे सेट के टाईब्रेक में उन्होंने अनुभव का शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में उनका सामना अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। जोकोविच का मुकाबला बना आकर्षण का केंद्र

सात बार के विम्बलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच और कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला दिन का सबसे चर्चित मैच रहा। भीषण गर्मी के बीच खेले जा रहे इस मुकाबले में जोकोविच को पैर में तकलीफ के कारण मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने संघर्ष जारी रखा। इस मुकाबले के विजेता का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर से होगा।

# 'सनातन संस्कृति भारत की सबसे बड़ी शक्ति': ओम बिरला

## लोकसभा अध्यक्ष ने मंदिरों को बताया प्राचीन काल से ही शिक्षा, दान और जनकल्याण का महत्वपूर्ण केंद्र

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** अयोध्या के राम मंदिर से लेकर बद्रीनाथ सहित विभिन्न छोटे-बढ़े मंदिरों में चढ़ावे के मसले पर जारी विवाद और जांच के बीच भारत और भारतीय समाज के लिए मंदिरों की प्रासंगिकता और आवश्यकता के पक्ष में मुखर होते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि मंदिर केवल श्रद्धा और आस्था के केंद्र ही नहीं बल्कि सत्य, धर्म, संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता के संवाहक भी हैं। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा समाज के नैतिक आधार को सुदृढ़ बनाने में मंदिरों की महत्वपूर्ण भूमिका का हवाला देते हुए यह भी कहा कि प्राचीन काल से ही मंदिर शिक्षा, दान और जनकल्याण के केंद्र रहे हैं तथा उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को निरंतर पोषित किया है। बिरला ने सनातन संस्कृति को भारत की सबसे बड़ी शक्ति करार देते हुए कहा है कि समय के साथ परिस्थितियां बदलती रही हैं परंतु भारत के सभ्यतागत मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं तथा शांति, सद्भाव और नैतिक जीवन को बढ़ावा देने में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं।

लोकसभा सचिवालय ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक जोधपुर के श्री रघुवंशपुरम आश्रम स्थित श्री अर्धनारीश्वर मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को भारत की आध्यात्मिक परंपराओं, संत संस्कृति और लोक कल्याण की भावना का प्रेरणादायी उत्सव बताते हुए कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आस्था को सुदृढ़ करने, जीवन-मूल्यों को मजबूत करने और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का पावन अवसर है और ऐसे



आयोजन समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में सामूहिक सहभागिता की प्रेरणा देते हैं। भगवान अर्धनारीश्वर के दिव्य स्वरूप को शिव और शक्ति, पुरुष और प्रकृति के समन्वित एवं संतुलित स्वरूप का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान शिव का लोक कल्याण का संकल्प और माता पार्वती की करुणा समाज को संतुलित, समरस और संवेदनशील जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि यह संतुलन हमें प्रकृति और मानवता दोनों के प्रति सम्मान का संदेश देता है तथा सतत एवं समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी प्रकार भगवान श्रीराम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि वह धर्म, कर्तव्य और लोक कल्याण के सर्वोच्च आदर्शों के प्रतीक हैं और श्रीराम कथा लोगों को इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर प्रत्येक नागरिक सशक्त, संस्कारित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

# झमाझम मानसूनी बारिश से खिले किसानों के चेहरे, कृषि कार्यों में जुटे अन्नदाता



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में सोमवार रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक हुई मूसलाधार मानसूनी बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। लंबे इंतजार के बाद हुए इस झमाझम बरखा से जहां आम जनता को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है, वहीं क्षेत्र के अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। इस मानसूनी फुहार को खेती किसानी के लिए संजीवनी माना जा रहा है, जिसके बाद ग्रामीण अंचलों में कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं।

पिछले कई दिनों से पड़ रही तल्ख धूप और बढ़ते तापमान के कारण धान की नर्सरी (बेहन) सूखने की कगार पर पहुंच चुकी थी। पानी के अभाव में पीली पड़ रही फसलों को देखकर क्षेत्र के किसान बेहद मायूस और चिंतित नजर आ रहे थे।सोमवार रात से शुरू हुई बारिश ने खेतों की प्यास बुझा दी है।खेतों में पर्याप्त पानी इकट्ठा होने के बाद अब किसानों ने धान की रोपाई के लिए कमर कस ली है मंगलवार की सुबह बारिश थमते ही क्षेत्र के हलिया,बरी,अहुंगी कला, हथेड़ा, मधोर, भटवारी सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों के किसान अपने ट्रैक्टर लेकर खेतों की ओर रवाना हो गए। हर तरफ किसान और मजदूर कृषि कार्यों में व्यस्त नजर आये। अच्छीं बारिश होने से बाजारों में खाद बीज की मांग बढ़ गई है हलिया मुख्य बाजार स्थित कृषि सेवा केंद्रों पर सुबह से ही किसान उन्नत किस्म के के बीजों,उर्वरकों और कीटनाशकों की खरीदारी में जुट गए हैं।

## बारिश के मौसम में बिजली से रहे सावधान उपखंड अधिकारी ने जारी की एडवाइजरी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मानसून में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए विद्युत विभाग ने लोगों को बिजली से होने वाले हादसों के प्रति आगाह किया है। उपखंड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतें ताकि करंट लगने जैसी घटनाओं से बचा जा सके।उपखंड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि गीले वातावरण में बिजली का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में जरा सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। बारिश के दौरान बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर एवं खुले तारों से दूर रहना बेहद जरूरी है।इन बातों का रखें विशेष ध्यान किसी भी बिजली के पोल या तार को हाथ न लगाएं, खासकर जब वह गीले हों। पानी भरे स्थानों में खड़े बिजली के पोल के पास न जाएं। पानी में करंट फैलने का खतरा रहता है। अगर कहीं टूटे या झुके हुए पोल- तार दिखें तो तुरंत विद्युत विभाग या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। खुद ठीक करने की कोशिश न करें। उपखंड अधिकारी ने कहा कि विभाग की टीमें बारिश में अलर्ट मोड पर हैं। शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों को बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों व पोल से दूर रखें। बिजली से जुड़ी कोई भी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। इसलिए सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

# उपजिलाधिकारी ने एनएच 135 ए की काश्तकारों द्वारा रोकी गई सड़क का किया स्थलीय निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के लालगंज के बस्तरा मोड़ से हलिया होकर जडकुड तक एनएच 135 ए पर रोके गये सडक निर्माण का उपजिलाधिकारी ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण कर लोगों का बयान लिया है। तीन वर्ष पूर्व महाकाल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य को काश्तकारों व वन विभाग द्वारा रोक दिया गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों से जानकारी ली है। उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश को जोडने वाली सडक पर लगभग तीन गांव में 2 किलोमीटर सड़क गड्ढा युक्त होने से लोगों को परेशानी हो रही है लोग गिर कर चोटिल भी हो रहें है जिसको



जनहित में ध्यान रखते हुए भटवारी गांव के ग्राम प्रधान राजेश मौर्य ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गड्ढायुक्त सड़क से हो रहे दुर्घटना से बचाव के लिए सडक निर्माण करने की मांग की थी जिस पर जिला अधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने राजस्व निरीक्षक अशोक दूबे व लेखपाल विनोद कुमार को लेकर भटवारी गांव में गड्ढा युक्त सड़क निरीक्षण कर जायजा लिया।

## एसडीएम ने अहुगी कला साधन सहकारी समिति का किया निरीक्षण, खाद वितरण की ली जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार ने मंगलवार को अहुगी कला स्थित साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद के स्टॉक, वितरण व्यवस्था और किसानों को हो रही समस्याओं की जानकारी ली। एसडीएम ने समिति पहुंचकर खाद के स्टॉक रजिस्टर का भौतिक सत्यापन किया। गोदाम में उपलब्ध यूरिया, डीएपी व एनपीके खाद की मात्रा चेक की और वितरण रजिस्टर से मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को बिना किसी परेशानी के समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वहां मौजूद किसानों से भी बातचीत की। किसानों से खाद की उपलब्धता, कीमत और वितरण में पारदर्शिता को लेकर फीडबैक लिया। कुछ किसानों ने टोकन व्यवस्था में देरी की शिकायत की, जिस पर एसडीएम ने सचिव को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। खाद वितरण में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर पारदर्शिता रखी जाए। खाद की दर सूची समिति पर स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए ताकि कालाबाजारी न हो। स्टॉक व वितरण का रिकॉर्ड रोजाना अपडेट किया जाए।यदि कोई ओवर रेटिंग करता पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी।एसडीएम ने कहा कि खरीफसीजन में किसानों को खाद की किल्लत नहीं होनी चाहिए। समिति सचिव को निर्देश दिया कि मांग के अनुसार एडवांस इंडेंट भेजकर खाद मंगाएं।

## ड्रमंडगंज हनुमना स्टैंड पर सवारी को लेकर मारपीट, दबंग पिकअप चालकों से राहगीर परेशान

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार स्थित हनुमना स्टैंड पर सवारी बैठाने को लेकर दबंग पिकअप चालकों की मनमानी से आम लोग परेशान हैं। आरोप है कि यहां रोजाना सवारी को लेकर मारपीट की जाती है, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि हनुमना स्टैंड पर डग्गामार पिकअप वालों ने कब्जा कर रखा है। ये लोग जबरन सवारी बैठाते हैं और विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। कई बार यात्रियों व राहगीरों से भी अभद्रता की जाती है।लोगों का आरोप है कि दबंगई की शिकायत के बाद भी स्थानीय प्रशासन इन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन की भूमिका को लेकर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। स्टैंड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूली बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि हनुमना स्टैंड पर दबंगई करने वाले पिकअप चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध स्टैंड को हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई जाए ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किया जागरूक



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक हलिया में मंगलवार एसआई रमाशंकर व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान कांस्टेबल राजेश मौर्य द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

## बरौंधा बाजार में बर्तन व ज्वेलरी की दुकान का ताला तोड़ लाखों के गहने पार सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गए चोर



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा बाजार में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने बर्तन एवं ज्वेलरी की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का तार काटने के बाद डीवीआर भी साथ उठा ले गए। घटना से पूरे बरौंधा बाजार में हड़कंप मच गया। बरौंधा बाजार निवासी लालचंद सोनी के पुत्र पंकज सोनी की बर्तन एवं ज्वेलरी की दुकान है। देर रात चोरों ने दुकान के शटर और अंदर लगे चौनल का ताला तोड़कर प्रवेश किया।

इसके बाद सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन काटकर डीवीआर निकाल लिया और दुकान में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। चोर दुकान के पीछे की ओर अलमारी और गहनों के खाली डिब्बे भी बिखरे छोड़ गए थे। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर, प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय, बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फारेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। वहीं एसओजी टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक बेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

बरौंधा चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूछताछ के लिए दुकान पर कार्यरत तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का राजफाश कर लिया जाएगा।

## वन महोत्सव सप्ताह में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की घोसी रेंज ने वन महोत्सव सप्ताह के तहत मंगलवार को शहीद इंटर कॉलेज, मधुबन में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि विधायक रामविलास पासवान ने विद्यार्थियों को आम वितरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान का महत्व बताया। प्रभागीय निदेशक पी.के. पाण्डेय ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। वहीं नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार यादव ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी राय तथा आभार प्रधानाचार्य विक्रमादित्य चौहान ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थी बच्चों का आधार लिंक बैंक खाता अनिवार्य

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य) के तहत आर्थिक सहायता अब डीबीटी के माध्यम से केवल लाभार्थी बच्चे के आधार से लिंक बैंक खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चे के नाम से बैंक खाता खुलवाकर उसे आधार से लिंक कराएं। नाबालिग होने पर अभिभावक के संरक्षण में खाता खोला जा सकता है, लेकिन प्रथम खाताधारक के रूप में बच्चे का नाम होना अनिवार्य है।

## बहू-बेटी सम्मेलन में पुलिस की पहल से फिर जुड़े रिश्ते, तीन परिवारों में लौटी खुशियां

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जौनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक रिश्तों को मजबूत बनाने के

### महिला सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए जौनपुर पुलिस की सराहनीय पहल

उद्देश्य से मंगलवार को 'बहू-बेटी सम्मेलन' का सफल आयोजन किया गया। शासन की मंशा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की प्राथमिकताओं के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में परिवारों को टूटने से बचाने और आपसी संवाद के माध्यम से विवादों का समाधान कराने पर विशेष जोर दिया गया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, महिलाओं के प्रति हिंसा, प्रताड़ना और घरेलू विवादों में कमी लाना तथा परिवारों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा। मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से आयोजित ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की टीम और अनुभवी काउंसलरों ने पारिवारिक विवादों से परेशान दंपतियों और उनके परिजनों से बातचीत की। काउंसलिंग के दौरान आपसी मतभेदों को दूर करने और रिश्तों को फिर से मजबूत बनाने का प्रयास किया गया। टीम के सकारात्मक प्रयासों और समझाइश का असर दिखाई दिया और तीन अलग-अलग परिवार पुराने विवाद, नाराजगी और मनमुटाव को भूलकर दोबारा एक साथ रहने के लिए सहमत हो गए। सहमति बनने के बाद प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन जौनपुर की मौजूदगी में पुलिस टीम, काउंसलर और परिवारजनों के बीच तीनों परिवारों की विदाई कराई गई। पुलिस प्रशासन ने सभी परिवारों को सुखद और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में आपसी समझ और प्रेम बनाए रखने की अपील की।

# खराब सड़क के कारण लोगों का आना जाना दुर्लभ

**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर)।** नगर क्षेत्र स्थित किला से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय महाविद्यालय सड़क इन दिनों काफी जर्जर अवस्था

### बरसात के कारण से 2 फीट के हो गए है गड्ढे, आये दिन गिर रहे रहे हैं छात्र

### महज 1 किलोमीटर की दूरी तय करने में लग रहा है 30 मिनट

मे है सड़क पर जगह जगह हुए 1 से 2 फीट तक के गड्ढो ने लोगो का जीना दूभर कर दिया है जगह जगह जलजमाव के कारण आये दिन छात्रों से लेकर मरीज गिर कर चोटिल हो



जा रहे है । महज 2 किलोमीटर की दूरी में तय करने में लगभग 100 से ज्यादा गढ्ढे बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे है इस सड़क पर सीबीएसई से सम्बंधित डॉ सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडेमी के साथ ही आचार्य जी मंदिर, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय महाविद्यालय स्थित है जिससे लगभग 4 हजार छात्र छात्राएं व सैकड़ों मरीज जुड़े हुए है बावजूद इसके नगरपालिका चुप्पी साधे हुए है यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण यह सड़क इन दिनों दयनीय स्थिति में है जो किसी दिन बड़ी घटना को दावत दे रही है । मंगलवार सुबह घर से विद्यालय जा रहे साइकिल सवार आधा दर्जन छात्र जलजमाव वाले गढ्ढे में गिरकर घायल हो गए । सड़क की दयनीय स्थिति पर नगर पालिका के साथ ही लोक निर्माण विभाग की चुप्पी समझ से परे है आचार्य जी मंदिर पर देश विदेश से जुड़े सैकड़ो लोग दर्शन करने आते है जो क्षेत्र की गलत छाप मन मस्तिष्क पर अंकित करके जाते है स्थानीय लोगो ने कहा कि आगामी 1 हफ्ते में इस सड़क के बाबत कोई फैसला नही लिया गया तो सभी लोग बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## मक्का विकास पर ब्लॉक स्तरीय कृषक गोष्ठी किसानों को बताए उन्नत खेती के तरीके

**स्वतंत्र भारत खेतासराय जौनपुर।** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर मक्का की वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह रहे।

अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (कृषि) धर्मेंद्र कुमार सरोज ने की। उन्होंने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए मक्का उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन आत्मा (एटीएमए ) के प्रबंधक सुरेश यादव ने किया। गोष्ठी में एडीओ जितेंद्र सिंह, फसल बीमा प्रतिनिधि हर्ष सिंह, तकनीकी सहायक पंकज कुमार, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी संतोष चौधरी तथा बीटीएम शमशाद अंसारी ने किसानों को फसल सुरक्षा, मृदा परीक्षण, फसल बीमा एवं वैज्ञानिक खेती के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अन्त में किसानों ने मक्का की उन्नत खेती से संबंधित नई तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और उत्पादन में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# सऊदी अरब ने सस्ता किया कच्चा तेल

**रियाद।** दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में शामिल सऊदी अरब ने कच्चे तेल की कीमत में 26 वर्षों की सबसे बड़ी कटौती कर वैश्विक

- 26 साल की सबसे बड़ी कटौती

ऊर्जा बाजार को चौंका दिया है। अगस्त के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत में 11 डॉलर प्रति बैरल की कमी की गई है। इससे पहले जुलाई के लिए भी 6 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की गई थी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से सामान्य होने के बाद तेल की आपूर्ति बढ़ गई है और बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा भारत जैसे देशों को मिल सकता है, जो अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करते हैं। सऊदी अरब ने एशियाई ग्राहकों के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत ओमान-दुबई बेंचमार्क से 1.50 डॉलर प्रति बैरल कम तय की है। वहीं




ओपेक+ और उसके सहयोगी देशों, जिनमें रूस भी शामिल है, ने अगस्त से प्रतिदिन 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इससे पहले जून और जुलाई में भी उत्पादन बढ़ाया गया था। बढ़ती आपूर्ति के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत घटकर लगभग 71.7 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। बाजार का मानना है कि अधिक आपूर्ति के चलते तेल की कीमतों पर दबाव बना रहेगा।

### भारत को इससे क्या फायदा हो सकता है?

भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। ऐसे में कच्चा तेल सस्ता होने से भारतीय रिफाइनरियों की लागत घट सकती है। इससे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर पड़ने वाला वित्तीय दबाव कम होगा। तेल विपणन कंपनियों को पिछले कुछ समय से बाजार मूल्य से कम कीमत पर ईंधन बेचने और एलपीजी पर नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब सस्ता कच्चा तेल इन कंपनियों के नुकसान को कुछ हद तक कम कर सकता है। साथ ही सरकार पर एलपीजी सब्सिडी का बोझ भी घटने की संभावना है।

### सऊदी अरब ने इतनी बड़ी कटौती क्यों की?

वैश्विक तेल बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख तेल उत्पादक देशों ने उत्पादन बढ़ा दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही फिर सामान्य हो गई है। सऊदी अरब का कच्चे तेल का निर्यात युद्ध-पूर्व स्तर के करीब पहुंच गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने भी तेल की आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी है। ओपेक+ देशों ने अगस्त से उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। अधिक आपूर्ति के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ा है। एशियाई ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कीमतें घटाई गई हैं। उद्देश्य दूसरे तेल उत्पादक देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बने रहना है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान तट के पास टैंकर पर हमला, लगी भीषण आग

**दुबई।** ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार सुबह एक टैंकर पर हमला हुआ। ब्रिटिश सेना ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तड़के ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स सेंटर ने बताया कि टैंकर को जलडमरूमध्य में ओमान के लिमाह के पास निशाना बनाया गया।वहीं, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने दावा किया है कि जहाज ने पहले जारी की गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई। फिलहाल जहाज की स्थिति, नुकसान या किसी के हताहत होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

सेंटर के मुताबिक, यह हमला तब हुआ जब टैंकर जलडमरूमध्य से दक्षिण की ओर गल्फ ऑफ ओमान



की तरफ जा रहा था। प्रोजेक्टाइल जहाज के बाई ओर (पोर्ट साइड) लगा। इस हमले से पर्यावरण पर कोई नुकसान नहीं हुआ है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है, हालांकि हाल के दिनों में ओमान के पास के रास्ते से गुजरने वाले कम से कम दो अन्य जहाजों पर हुए हमलों के लिए ईरान पर शक जताया गया है।

हालांकि, अमेरिका इस जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोलने के लिए ईरान के साथ बातचीत आगे बढ़ाना चाहता है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को वापस लेना और 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को हमेशा के लिए समाप्त करना है। लेकिन पहले हुए ऐसे हमलों के बाद अमेरिका ने जवाबी कार्रवाई की थी, जिसके बाद ईरान ने खाड़ी के अरब देशों पर हमले किए। इससे तनाव बढ़ने का खतरा रहता है।

## एक नज़र

### चीन में भूस्खलन, 33 लोग मलबे में दबे

17 सुरक्षित निकाले गए

**बीजिंग।** चीन के पश्चिमी गांसू प्रांत के पहाड़ी इलाके में मंगलवार को हुए भूस्खलन में 33 लोग मलबे में दब गए। सरकारी मीडिया के मुताबिक, अब तक 17 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि 16 लोग अब भी लापता हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, सेंट्रल चीन के हुबेई प्रांत में सोमवार रात आए तेज तूफान और आंधी-बारिश से कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 275 लोग घायल हुए हैं। एक व्यक्ति अब भी लापता है। मौसम विभाग के मुताबिक, कई इलाकों में 149 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। अगले 24 घंटे में 260 मिमी तक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है, जिससे भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

### टीटीपी ने पाकिस्तान वायु सेना के ग्रुप कैप्टन की हत्या की जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार दोपहर इस्लामाबाद में पाकिस्तान वायु सेना के ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान 22 वर्षीय साद अब्बासी के रूप में हुई है। टीटीपी ने सोशल मीडिया पर मोबाइल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज जारी किया। इसमें आसिम तारिक अपनी कार में सीट बेल्ट पहने दिख रहे हैं। यह फुटेज इस्लामाबाद पुलिस के उस दावे का खंडन करता है कि अधिकारी ने सड़क पर एक महिला को अपहरणकर्ता से बचाया था। टीटीपी ने कहा कि उसकी स्पेशल टारगेट किलर्स यूनिट ने यह हत्या की। सूत्रों के अनुसार, तारिक खुफिया निदेशालय से जुड़े थे। इस निदेशालय ने हाल ही में अफगानिस्तान में ड्रोन हमले के लिए निर्देशांक प्रदान किए थे, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं की मौत हुई थी। वह ऑपरेशन बुनियान-उम-मरसूस में भी शामिल थे। इस्लामाबाद पुलिस ने अब्बासी के खिलाफ हत्या और आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया।

### अमेरिका की टक्कर में कनाडा बना रहा नया मोर्चा

**वॉशिंगटन।** दुनिया की बदलती राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच अब हर देश खुद को ताकतवर बनाने में लगा है। इसी कड़ी में अब कनाडा भी आ गया है। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री ने अमेरिका से टक्कर ने लेने के लिए एक नया मोर्चा बनाने की तैयारी शुरू की है। अमेरिका जैसी बड़ी ताकतों के प्रभाव को संतुलित करने के लिए उसने मध्यम ताकत यानी मिडिल पावर वाले देशों के बीच मजबूत साझेदारी का विचार रखा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का मानना है कि ऐसे देशों को व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज, आपूर्ति श्रृंखला और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करना चाहिए। हालांकि अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन ने इस सोच पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल गठबंधन बनाने से कोई देश मजबूत नहीं बन जाता। मार्क कार्नी ने यह विचार इस साल दावोस में रखा था। उनका कहना था कि दुनिया में बढ़ते व्यापारिक तनाव, टैरिफ, सप्लाई चेन में रुकावट और बड़ी शक्तियों के आर्थिक दबाव से निपटने के लिए मध्यम ताकत वाले देशों को एकजुट होना होगा। उनका मानना है कि इससे छोटे और मध्यम देशों की आवाज मजबूत होगी और वे वैश्विक फैसलों में ज्यादा प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। लेकिन जेमी डिमन ने इस सोच को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि केवल सहयोग की बात करना काफी नहीं है।

# भारत का गलत नक्शा दिखाने पर बैकफुट पर आया बांग्लादेश

## भारतीय राजनयिक ने दिया करारा जवाब

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से ही बांग्लादेश के तेवर बदले हुए हैं और वह लगातार कुछ न कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे भारत से उसके संबंध खराब हो। अब एक ताजा मामले में ढाका में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत का गलत नक्शा दिखाया गया। नक्शे में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया। हालांकि कार्यक्रम में मौजूद भारतीय राजदूत ने इस पर तुरंत कड़ी आपत्ति जताई और मौके पर ही साफ कर दिया कि नक्शा गलत है और जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ढाका में बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा



एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारतीय उच्चायुक्त की सेकेंड सेक्रेटरी पूजा कुमारी झा भी मौजूद थीं। सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश के पूर्व राजनयिक तारिक ए करीम ने एक नक्शा दिखाया। इस नक्शे में गड़बड़ी थी और इसमें जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया था। इस पर कार्यक्रम में मौजूद भारतीय राजनयिक ने तुरंत आपत्ति जताई। पूजा कुमारी झा ने कहा कि दिखाया गया भारत का नक्शा गलत है। इसमें जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। यहां दिखाया गया नक्शा पूरी तरह से गलत है। भारतीय राजनयिक की कड़ी आपत्ति के बाद बांग्लादेश बैकफुट पर नजर आया और सम्मेलन को संबोधित कर रहे बांग्लादेश के पूर्व राजनयिक तारिक ए करीम ने सफाई देते हुए कहा कि नक्शे का इस्तेमाल केवल सांकेतिक उद्देश्यों के लिए किया गया है और नक्शे में दिखाई गई सीमाएं वास्तविक नहीं हैं।

### पश्चिम एशिया में भारतीय सैनिक का सम्मान

**निकोसिया।** साइप्रस में भारतीय उच्चायोग ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। भारत के मेजर केपी सिंह को यूएन मेडल से सम्मानित किए जाने पर साइप्रस में हाई कमिश्नर कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर बधाई संदेश साझा किया गया। इस पोस्ट में लिखा गया, हाई कमिश्नर मनीष ने संयुक्त राष्ट्र साइप्रस मुख्यालय में आयोजित यूएनएफआईसीवाईपी मेडल परेड में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की मेजबानी यूएन साइप्रस के फोर्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद असदुल्लाह मिन्हाजुल आलम ने की। इसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि (एसआरएसजी) और मिशन प्रमुख खासिम डायग्ने, शांति मिशन में सैनिक भेजने वाले देशों के राजनयिक, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और सैनिकों के परिवार भी मौजूद थे।

### मेलोनी पर ट्रंप के तंज को लेकर इटली ने दिखाया अमेरिकी राष्ट्रपति को आईना

**रोम।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच जुबानी जंग एक बार फिर तेज हो गई है। तुर्किये में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन से ठीक पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर मेलोनी का मजाक उड़ाते हुए एक पोस्ट साझा किया। इसके जवाब में इटली ने कहा कि नेताओं के आने-जाने से देशों के रिश्ते नहीं बदलते।



ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर मेलोनी की एक संपादित तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, मुझसे दूरी बनाए रखने का आदेश (रिस्ट्रेनिंग ऑर्डर) चाहिए। यह पोस्ट उस समय आई है, जब दोनों नेताओं की इस सप्ताह नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात होने की संभावना है। ट्रंप की टिप्पणी पर इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने कहा कि इस पोस्ट पर उनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। उन्होंने कहा, सबसे अहम बात अमेरिका जैसे महत्वपूर्ण सहयोगी देश के साथ रिश्ते बनाए रखना है। लोग आते-जाते रहते हैं, लेकिन रिश्ते बने रहते हैं। इटली के विदेश मंत्री अंतोनियो तायानी ने भी विवाद को ज्यादा तूल नहीं दिया। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि दोनों देशों के संबंध किसी एक व्यक्ति की टिप्पणी से कहीं बड़े हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ट्रंप की ताजा टिप्पणी पर कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# भारतवंशी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के साथ किया खेल

**वॉशिंगटन।** अक्सर हमने फिल्मों में देखा है कि कोई जासूस कैसे दूसरे देश में जाकर वहां की सरकार में घुसपैठ करता है और फायदा उठाता है। ऐसा ही कुछ हकीकत में हुआ है और एक भारतवंशी ने पूरे देश की सरकार को

- सीआईए एजेंट बनकर दिया धोखा
- अरबों रुपये की डिफेंस डील की

चकमा देकर अरबों रुपये का चूना लगा दिया। दरअसल भारतीय मूल के एक कारोबारी ने कथित तौर पर खुद को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का एजेंट बताकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के करीब आया। आरोप है कि उसका उद्देश्य अरबों डॉलर के रक्षा सौदे हासिल करना था। ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव ने खुद को सीआईए का अधिकारी बताकर कई प्रभावशाली लोगों का भरोसा जीता और फिर उन्हें अमेरिका के साथ अरबों डॉलर के रक्षा समझौते का झांसा दिया। गौरव ने इंडोनेशियाई सेना के लिए 36 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने के नाम पर इंडोनेशिया की सरकार को अरबों रुपये का चूना लगाया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गौरव श्रीवास्तव ने इंडोनेशिया के पूर्व रक्षा मंत्री और वर्तमान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से नजदीकी संबंध बनाए। साल 2020 में वह कथित तौर पर वॉशिंगटन डीसी और जकार्ता में सुबियांतो के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुआ, जहां लड़ाकू विमानों और अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद पर चर्चा हुई थी। इसके बाद फर्जी शेल कंपनियों के जरिए गौरव ने इंडोनेशिया से 425 करोड़ रुपये का कर्ज भी मंजूर करा लिया।

# सीरिया में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के दौरे के बीच धमाका

## जिस होटल में ठहरे थे उसके पास ब्लास्ट, सुरक्षा बढ़ाई गई

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे के बीच मंगलवार को धमाका हुआ है। यह ब्लास्ट उस होटल के पास हुआ है, जहां मैक्रों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। मैक्रों सोमवार को दमिश्क पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्थानीय लोगों ने एक साथ कई धमाकों की आवाज सुनी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियोज में इलाके से धुआं भी उठता देखा गया। धमाके के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर दिया और पूरे इलाके को घेराबंदी कर दी। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने धमाके के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मैक्रों, बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद दमिश्क का दौरा करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू)



के पहले बड़े नेता हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बताया कि धमाके मैक्रों के ठहरने वाले होटल के पास हुए, लेकिन राष्ट्रपति के काफिले तक उनकी आवाज नहीं पहुंची। मैक्रों पूरी तरह सुरक्षित हैं और घटना के बाद भी उन्होंने अपना तय कार्यक्रम जारी रखा। मैक्रों बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद वह सीरिया का दौरा करने वाले पहले बड़े यूरोपीय नेता बन गए हैं। सोमवार को दमिश्क एयरपोर्ट पर सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मैक्रों ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक उमय्यद मस्जिद का भी दौरा किया।

### वेनेजुएला भूकंप में अब तक 3535 मौतें, 16,740 घायल

**कराकास।** वेनेजुएला में 24 जून को आए दोहरे भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3535 हो गई है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज के अनुसार, 16,740 लोग घायल हुए हैं। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि 17,854 लोग बेघर हुए हैं। 6,462 लोगों को बचाया गया है, जबकि 86,794 परिवारों को सहायता मिली है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 17,345 लोग विस्थापित भी हुए हैं। 24 जून को 7.2 और 7.5 तीव्रता के भूकंपों के बाद से, वेनेजुएला में 995 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने विस्थापितों की सहायता के लिए 80 अस्थायी शिविर स्थापित किए हैं। शनिवार तक 29,567 बचावकर्मी तैनात थे, जिनमें 3,281 विदेशी थे। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बुधवार को भूकंप पीड़ितों के सम्मान में सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गहरे दुख के इस क्षण में, हम इस त्रासदी से पीड़ित लोगों को गले लगाते हैं।

# अमेरिका में इन्फ्लुएंसर ड्रीमडॉल ब्री की हत्या

**फ्लोरिडा।** अमेरिका में फ्लोरिडा की एक इन्फ्लुएंसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जब वह मियामी में अपनी लाइम ग्रीन लैम्बोर्गिनी उरुस से जा रही थी तभी अज्ञात

- बीती रात की थी जमकर पार्टी

हमलावरों में ने उन पर गोलीबारी कर दी। कार में उनके साथ दो लोग और सवार थे उन पर भी गोलियां चलाई गईं। द न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, ब्रियाना जॉनसन को ऑनलाइन ड्रीमडॉल ब्री के नाम से जाना जाता है। वह अपनी गाड़ी में थीं तभी एक सफेद सेडान उनकी गाड़ी के पास आई और गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि 21 वर्षीय युवती की रविवार को चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस ने यह भी बताया कि लैम्बोर्गिनी में सवार दो और लोगों को भी गोली मारी गई। सीबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों पुरुष थे। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। मियामी पुलिस अभी भी गोलीबारी से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है। न्यूज को मिले सर्विलांस फुटेज में गोलीबारी से पहले एक हल्के रंग की कार को लैम्बोर्गिनी का पीछा करते हुए देखा जा सकता है। गोली चलने के बाद संदिग्ध की कार तेजी से भाग गई। इसके बाद लैम्बोर्गिनी पास की एक प्रॉपर्टी में जा घुसी। पुलिस का मानना है कि हो सकता है कि गाड़ी ही उनका असली निशाना रही हो। एनबीसी 6 साउथ फ्लोरिडा के अनुसार, मियामी पुलिस चीफ डेलरिश मॉस ने कहा, जाहिर है कि उन्होंने किसी वजह से इसी खास कार को निशाना बनाया। हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों किया गया।

अमेरिका कर रहा पाकिस्तान की मदद?

# लीबिया के गृह युद्ध में मध्यस्थता करा रहा पाक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की सरपरस्ती में पाकिस्तान लगातार अपनी कूटनीतिक प्रोफाइल को मजबूत करने में जुटा है। पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराकर पाकिस्तान पहली ही दुनिया की नजरों में आ गया है और अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान लंबे समय से हिंसाग्रस्त लीबिया में भी विद्रोही गुटों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। खास बात ये है कि यहां भी पाकिस्तान को अमेरिका का समर्थन मिला हुआ है। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुपचाप लीबिया के प्रतिद्वंद्वी पूर्वी और पश्चिमी सत्ता केंद्रों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। मामले से जुड़े दो पाकिस्तानी सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। अगर पाकिस्तान की यह पहल सफल होती



है तो वैश्विक कूटनीति में पाकिस्तान की भूमिका और प्रभाव को नई मजबूती मिल सकती है। पिछले कई महीनों से अमेरिका के नेतृत्व में लीबिया संकट का कूटनीतिक समाधान तलाशने की कोशिशें जारी हैं। साल 2011 में नाटो समर्थित ऑपरेशन के दौरान तत्कालीन शासक मुअम्मर गद्दाफी के सत्ता से बेदखल होने के बाद से लीबिया में गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है और देश पूर्वी और पश्चिमी प्रशासन में बंटा हुआ है।

### भारत के लिए चिंताजनक क्यों?

पाकिस्तान लंबे समय से हाशिए पर था और आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चे पर भारत ने उसे दुनियाभर में अलग-थलग करने में सफलता हासिल कर ली थी। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने ट्रंप की चापलूसी कर उनका समर्थन हासिल कर लिया। उसके बाद से कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान को फिर से संजीवनी मिली है। यही वजह रही कि अमेरिका के समर्थन से पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान युद्ध में मध्यस्थता की। अब पाकिस्तान के लीबिया गृहयुद्ध में भी मध्यस्थता की कोशिश करने की रिपोर्ट आई है। इससे यकीनन पाकिस्तान की सॉफ्ट पावर में इजाफा होगा।


## बाजार दर्पण

